सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 26.1 अधि |
| धर्मशाला | 18.1 न्यू | 33.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,237 |
| निफ्टी | 23,643 |

सोना 1,58,000 चांदी 2,68,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 18 मई 2026 | 4 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 139, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

**लोकतंत्र का पर्व** हिमाचल में 51 शहरी निकायों के लिए 69 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग, हमीरपुर में सबसे ज्यादा 78.89 व सोलन में सबसे कम 64.20 प्रतिशत पड़े वोट

# नगर निकाय चुनावों में भाजपा का परचम, कांग्रेस पिछड़ी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के 51 शहरी निकायों के लिए रविवार को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। देर शाम निकले रुझानों के मुताबिक भाजपा का परचम भारी रहा, जबकि कांग्रेस काफी पिछड़ती दिखी। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न शहरी निकायों में भाजपा ने 62, जबकि कांग्रेस ने 37 सीटें जीत ली थीं। वहीं, 4 नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन के लिए हुए मतदान की मतगणना 31 मई होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक, प्रदेशभर में कुल 69.16 फीसदी मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक ईवीएम के जरिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदेशभर में कुल 3 लाख 62 हजार 25 मतदाताओं में से 2 लाख 50 हजार 391 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

जिला स्तर पर देखें तो हमीरपुर में सबसे ज्यादा 78.89 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद शिमला में 77.36 फीसदी और ऊना में 77 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, सबसे कम मतदान सोलन जिले में 64.20 फीसदी रहा। बिलासपुर में 72.06 फीसदी, मंडी में 71.23 फीसदी, चंबा में 68.22 फीसदी, कुल्लू में 67.80 फीसदी, कांगड़ा में 67.34 फीसदी और सिरमौर में 67.24 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।



नगर परिषद मनाली की सभी सातों सीटों पर कब्जा करने के बाद भाजपा समर्थित उम्मीदवार समर्थकों के साथ विजयी रैली निकालते हुए।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश की सबसे छोटी नगर परिषद श्री नयना देवी जी में सबसे ज्यादा करीब 86 फीसदी मतदान हुआ। नगर परिषदों और नगर पंचायतों में कुल मतदान प्रतिशत 72.42 फीसदी रहा। इन निकायों में कुल 2 लाख 30 हजार 656 मतदाता थे, जिनमें से 1 लाख 67 हजार 49 लोगों ने मतदान किया। वहीं नगर निगमों में कुल मतदान प्रतिशत 63.44 फीसदी दर्ज किया गया। नगर निगम क्षेत्रों में 1 लाख 31 हजार 369 मतदाताओं में से 83 हजार 342 लोगों ने वोट डाले। नगर निगमों में कांगड़ा में 63.72 फीसदी, मंडी में 68.78 फीसदी और सोलन में 58.32 फीसदी मतदान हुआ।

राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि 51 शहरी निकायों के चुनाव के लिए 21 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई थी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल 1426 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। इनमें से 32 नामांकन पत्र खारिज किए गए जबकि 1394 नामांकन पत्र सही पाए गए। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख के बाद 237 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए थे। इसके बाद कुल 1147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए।

आयोग के मुताबिक 47 नगर परिषदों और नगर पंचायतों की मतगणना प्रक्रिया जारी है और इनके नतीजे रविवार को ही घोषित किए जाएंगे। वहीं, चार नगर निगमों की मतगणना और परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया 31 मई को पूरी होगी।

### सत्ता का सेमीफाइनल बना निकाय चुनाव

**राज्य** में हुए शहरी निकाय चुनावों को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता का बड़ा सेमीफाइनल माना गया। यही कारण रहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने नगर निगमों से लेकर नगर परिषदों और नगर पंचायतों तक पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रचार के दौरान बड़े नेताओं की सभाएं, घर-घर संपर्क अभियान और स्थानीय मुद्दों पर तीखी बयानबाजी ने चुनावी माहौल को पूरी तरह गर्माए रखा। अब घोषित परिणामों ने साफ संकेत दे दिए हैं कि प्रदेश की राजनीति में मुकाबला पहले से कहीं अधिक रोचक और कड़ा होने जा रहा है।

### 10 वार्डों में बिना मुकाबले के जीते

**प्रत्याशी,** कई वार्डों में निर्विरोध चुनाव इन चुनावों में कई वार्ड ऐसे भी रहे जहां उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। ज्वालामुखी, करसोग, बंजार, रिवालसर, नेरवा और चिड़गांव सहित विभिन्न नगर पंचायतों के 10 वार्डों में बिना मुकाबले प्रत्याशियों की जीत दर्ज हुई। इससे कई क्षेत्रों में चुनाव शुरू होने से पहले ही राजनीतिक तस्वीर साफ हो गई है। राज्य में कुल 449 वार्डों में से 10 पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि शेष सीटों पर मुकाबला बेहद रोचक रहा। चार नगर निगमों समेत नगर परिषदों और नगर पंचायतों में कुल 439 पदों के लिए चुनावी रण सजा था।



मतदान करवाने के लिए बुजुर्ग महिला को ले जाते हुए।


विजेता रहे प्रत्याशी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**न्यूज शॉर्ट्स**

### राजधानी एक्सप्रेस में भीषण आग, दो कोच जलकर राख



**एजेंसी, भोपाल।** त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में रविवार सुबह करीब 5:30 बजे भीषण आग लग गई। यह घटना मध्य प्रदेश में रतलाम से लगभग 110 किलोमीटर दूर लूणी-विक्रमगढ़ के बीच हुई। आग बी-1 कोच में शुरू हुई, जिसके बाद दो कोच इसकी चपेट में आ गए। घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आगजनी के कारण दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है। रेलवे और बचाव दल राहत कार्य में जुटे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुआलालंपुर एयरवेज की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एम्सटर्डम से आ रही एक फ्लाइट में बम होने की धमकी भरा ई-मेल मिला। इसके बाद एयरपोर्ट को हाई अलर्ट पर रखा गया। पिछले तीन दिनों में यह तीसरी ऐसी धमकी है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, ईमेल में दावा किया गया कि विमान में बम रखा गया है, जो किसी भी समय विस्फोट कर सकता है। मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मसाज थैरेपिस्ट को 13 साल की सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेट में महिलाओं के साथ यौन शोषण के आरोप में भारतीय मूल के मसाज थैरेपिस्ट सुमित सतीश रस्तोगी को कोर्ट ने 13 साल 10 महीने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी का व्यवहार बेकाबू और शोषणकारी हो चुका है। 39 वर्षीय सुमित सतीश रस्तोगी ने सुनवाई के दौरान 97 अपराधों को स्वीकार किया किया है। जिनमें 55 गुप्त रूप से अश्लील वीडियो बनाने और 42 महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले शामिल हैं। ये घटनाएं अक्तूबर 2021 से जुलाई 2022 के बीच ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड के ग्लेनेलग इलाके में स्थित एक मसाज पार्लर में हुईं। (अनंत ज्ञान)

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**

- शिमला में 200 गार्बेज कलेक्शन सेंटर स्थापित -पेज 2
- अब बदलेगी प्रीणा पंचायत की तस्वीर और तकदीर -पेज 7
- कार पर अचानक गिरा भारी भरकम बैरियर -पेज 9

## कांगो में इबोला वायरस से 80 मौतें, 246 संदिग्ध केस

**एजेंसी, कांगो**

कांगो के पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला से अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। 246 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ का कहना है कि यह महामारी की कैटेगरी में नहीं आता है।

कांगो के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल-रोजर कंबा के मुताबिक, पहला मामला एक नर्स का माना जा रहा है, जिसकी 24 अप्रैल को मौत हुई थी। जांच में अब तक इबोला के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के 8 मामलों की पुष्टि हुई है।

बीमारी फिलहाल इतुरी प्रांत के बुनीया, रवामपारा और मोंगवालू इलाकों तक पहुंच चुकी है। कांगो में 1976 में पहली बार इबोला सामने आया था। यह देश में इसका 17वां मामला है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस बार इबोला का बुंडीबुग्यो स्ट्रेन मिला है, जबकि कांगो में पहले ज्यादातर मामले जायरे स्ट्रेन के रहे हैं। इससे चिंता बढ़ी है, क्योंकि इबोला के मौजूदा कई इलाज और टीके जायरे स्ट्रेन को ध्यान में रखकर बनाए गए थे।

## चुनाव चिन्ह आवंटन में लापरवाही, सहायक निर्वाचन अधिकारी निलंबित

अनंत ज्ञान

◆ **चुनावी ड्यूटी में कोताही किसी कीमत पर नहीं होगी बर्दाश्त : उपायुक्त**

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायत चुनाव प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने सहायक निर्वाचन अधिकारी रजनीश चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला विकास खंड रोहड़ू की ग्राम पंचायत दलगांव से जुड़ा है, जहां चुनाव चिन्हों के आवंटन में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों की अनदेखी पाई गई।

प्रशासनिक जांच में सामने आया कि चुनाव चिन्हों का आवंटन हिंदी वर्णमाला क्रम तथा आयोग द्वारा निर्धारित क्रम संख्या के अनुसार नहीं किया गया, जबकि यह प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम-42 के तहत अनिवार्य है। जिला प्रशासन ने इसे चुनाव प्रक्रिया में गंभीर प्रक्रियागत त्रुटि और कर्तव्य में घोर लापरवाही माना है।




जानकारी के अनुसार रजनीश चौहान, जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान समरकोट में ग्रुप इंस्ट्रक्टर के पद पर कार्यरत हैं, को पंचायत चुनावों के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद 15 मई को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की थी, लेकिन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत चुनाव जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-के, हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 तथा सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निलंबन के आदेश जारी किए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित अधिकारी का मुख्यालय खंड विकास अधिकारी कार्यालय रोहड़ू निर्धारित किया गया है।

## वोट डालने गए बुजुर्ग की रास्ते में मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नगर परिषद चंबा चुनाव के बीच रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें मतदान के लिए घर से निकले एक बुजुर्ग की रास्ते में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद जनसाली वार्ड सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार जनसाली वार्ड निवासी करीब 70 वर्षीय अंजनी शर्मा मतदान करने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया जा रहा है।

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है। अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

## लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज

### कोर्ट के बाहर चैंबर पर बुलडोजर चलता देख भड़के वकील

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो बहस होने लगी।

बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए।

दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे। इनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर और 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चैंबर तोड़ दिए।

नगर निगम की टीम चैंबर में लगी चटाइयों और कुर्सियों को गाड़ियों में भरकर ले गई। कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चैंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

## शिमला में खाई में गिरी कार, बाप-बेटी की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ननखड़ी क्षेत्र में शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में पिता और बेटी की मौत हो गई, जबकि बेटा और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अनंत ज्ञान

ननखड़ी-पुनन सड़क पर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में लोहटी गांव निवासी 49 वर्षीय कुंदन लाल और उनकी 16 वर्षीय बेटी आकृति की मौके पर ही मौत हो गई। आकृति 11वीं कक्षा की छात्रा थी। परिवार देर रात अपने गांव लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना में 12 वर्षीय बेटा अरब और चालक सतपाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य चलाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया।

**'सीएम सुक्खू के निर्देशों पर शिक्षा विभाग की बड़ी पहल'**

## प्रदेश में 156 सीबीएसई स्कूलों में शुरू होंगे तीनों संकाय

अनंत ज्ञान

◆ **18 स्कूलों में विज्ञान व वाणिज्य संकाय शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर प्रदेश के 156 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शिक्षा विभाग ने औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और 18 विद्यालयों में नए संकाय शुरू करने की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी।

इन 18 विद्यालयों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कमी के कारण अब तक विद्यार्थियों को अन्य स्कूलों का रुख करना पड़ता था। नए शैक्षणिक सत्र से यहां दोनों संकाय शुरू होने से छात्रों को अपने पसंदीदा विषय चुनने की सुविधा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर मजबूत होगा। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण और व्यापक शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें समान अवसर मिल सकें। साथ ही, शिक्षा में खेल, कला और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर विद्यार्थी को बेहतर और आधुनिक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में स्कूलों के बुनियादी ढांचे व शिक्षकों की उपलब्धता को और सुदृढ़ किया जाएगा।

## अमेरिकी नाकेबंदी के बीच 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा जहाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया। यह जहाज 13 मई को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था।

पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग 20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** अत्याधुनिक थर्मल मैनेजमेंट सिस्टम से गंभीर मरीजों को मिलेगा नया जीवन

## अब एम्स बिलासपुर में होगी हाईटेक हार्ट सर्जरी

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में अब दिल के गंभीर मरीजों और जटिल सर्जरी कराने वालों के लिए इलाज और भी सुरक्षित और आधुनिक होने जा रहा है। संस्थान में अत्याधुनिक 'थैराप्यूटिक हाइपो-हाइपरथर्मिया सिस्टम' स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह हाईटेक तकनीक खासतौर पर हार्ट सर्जरी और आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों की रिकवरी को बेहतर बनाने में उपयोग की जाएगी।

इस सुविधा के शुरू होने के बाद हिमाचल प्रदेश के मरीजों को एडवांस थर्मल मैनेजमेंट तकनीक के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे बड़े मेडिकल संस्थानों का रुख कम करना पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रणाली ओपन हार्ट सर्जरी, बायपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट और छाती से जुड़ी जटिल सर्जरी के दौरान मरीज के शरीर के तापमान को अत्यंत सटीक तरीके से नियंत्रित करती है। इससे ऑपरेशन के दौरान शरीर के महत्वपूर्ण अंग सुरक्षित रहते हैं और सर्जरी के बाद होने वाली जटिलताओं का खतरा काफी कम हो जाता है।




यह आधुनिक प्रणाली मुख्य रूप से कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग के लिए लाई जा रही है। कई गंभीर ऑपरेशनों में डॉक्टरों को मरीज के शरीर का तापमान नियंत्रित स्तर तक कम करना पड़ता है, ताकि हृदय और मस्तिष्क पर दबाव कम किया जा सके। नई मशीन इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाएगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि हार्ट सर्जरी के बाद मरीजों को अक्सर तेज बुखार, संक्रमण और शरीर के तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह प्रणाली मरीज के शरीर को स्थिर तापमान पर बनाए रखेगी, जिससे रिकवरी तेज और सुरक्षित होगी। इतना ही नहीं, कार्डियक अरेस्ट या हार्ट अटैक के बाद जब मस्तिष्क तक ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है, तब यह तकनीक शरीर को नियंत्रित तापमान पर रखकर ब्रेन डैमेज के खतरे को कम करने में मदद करती है। आधुनिक क्रिटिकल केयर मेडिसिन में इसे बेहद महत्वपूर्ण तकनीक माना जाता है।

### आईसीयू मरीजों के इलाज को मिलेगी मजबूती

**आईसीयू** में भर्ती गंभीर मरीजों के इलाज में भी यह सिस्टम अहम भूमिका निभाएगा। सेप्सिस और गंभीर संक्रमण के दौरान आने वाले तेज बुखार को नियंत्रित करने में यह मशीन कारगर साबित होगी, खासकर उन मामलों में जहां दवाओं से तापमान नियंत्रित नहीं हो पाता। एम्स बिलासपुर में इस सुविधा की शुरुआत को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे न केवल गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा, बल्कि प्रदेश में सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती मिलेगी।

# शिमला में 200 गार्बेज कलेक्शन सेंटर स्थापित

## सुबह 8 से 10 बजे तक पहुंचेगी निगम की गाड़ियां, कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से गहराया सफाई संकट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला इन दिनों गंभीर सफाई संकट से जूझ रही है। नगर निगम के 816 सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहने से पूरे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। अपनी 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने के विरोध में कर्मचारी आंदोलन पर डटे हुए हैं, जिसके चलते शहर के सभी 34 वार्डों में घर-घर कूड़ा उठाने का काम पूरी तरह ठप पड़ गया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सड़कों, बाजारों, रिहायशी इलाकों और पर्यटन स्थलों पर कूड़े के ढेर दिखाई देने लगे हैं।

◆ मेयर सुरेंद्र चौहान खुद उतरे मैदान में



नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान स्वयं सफाई व्यवस्था संभालते हुए।

बढ़ती परेशानी को देखते हुए नगर निगम ने आपात योजना लागू करते हुए पूरे शहर में 200 कलेक्शन सेंटर और पिकअप प्वाइंट स्थापित कर दिए हैं, जहां लोग स्वयं कूड़ा पहुंचा सकेंगे। निगम की गाड़ियां प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे के बीच इन केंद्रों से कचरा उठाएंगी।

जानकारी के अनुसार, हड़ताल के कारण राजधानी के कई इलाकों में दुर्गंध फैलने लगी है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए वार्डवार अस्थायी व्यवस्था लागू की है। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है और नागरिक निर्धारित स्थानों पर ही कूड़ा डालें। इसी बीच नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान भी स्वयं मैदान में उतर आए और कई स्थानों पर कूड़ा उठाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

### ईएसएमए लागू, फिर भी हड़ताल पर डटे कर्मचारी

**सफाई** कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने ईएसएमए भी लागू कर दिया है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि वे इससे डरने वाले नहीं हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि नगर निगम ने उनकी वार्षिक मानदेय वृद्धि रोक दी है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब तक वेतन वृद्धि बहाल नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन लगातार वैकल्पिक व्यवस्था को मजबूत करने में जुटा हुआ है, ताकि राजधानी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त न हो।

### जनता से खुले में कूड़ा न फेंकने की अपील

**स्थिति** को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले में कूड़ा फेंकने से बचें और निर्धारित कलेक्शन सेंटरों पर ही कचरा डालें। प्रशासन का कहना है कि शहर की स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी है। यदि हड़ताल लंबी चली तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। फिलहाल निगम, प्रशासन और आम जनता के सहयोग से राजधानी को कूड़े के संकट से बचाने की कोशिश जारी है।

### नगर निगम की ओर से वार्ड वाइज स्थापित किए क्लेक्शन सेंटर

**नगर** निगम द्वारा जारी व्यवस्था के अनुसार, वार्ड नंबर-1 भराड़ी में भराड़ी बाजार बस स्टैंड, कम्युनिटी सेंटर भराड़ी, अपर कलस्टन और ऑकलैंड टनल के पास कलेक्शन प्वाइंट बनाए गए हैं। वार्ड नंबर-2 रुल्दू भट्टा में ऑकलैंड टनल, लक्कड़ बाजार बस स्टैंड, रुल्दू भट्टा 12 घड़े की लाइन, कुफ्टाधार कम्युनिटी सेंटर, सीजीओ कॉम्प्लेक्स रेडिसन होटल और कार्ट रोड पीएंडटी कॉलोनी के नजदीक व्यवस्था की गई है। वहीं वार्ड नंबर-3 कैथू में स्नो व्यू पार्किंग, तारा हॉल, रॉयल ओक लॉज, बाबा मार्केट, पुलिस लाइन, चितकारा पार्क, मॉर्निंग व्यू और गुरु निवास को पिकअप केंद्र बनाया गया है। वार्ड नंबर-4 अनाडेल में कॉम्पली बैंक, अड्डु विला, रोज विला, बीएड कॉलेज, विधानसभा, खादी कार्यालय अनाडेल रोड, चौड़ा मैदान, म्यूजियम और होटल विनगेटा के आसपास प्वाइंट तय किए गए हैं।

वार्ड नंबर-5 समरहिल में समरहिल बाजार, टीचर कॉलोनी, एमआई रूम, मायाविला, शिव बावड़ी, एडवांस स्टडी और रेडियो कॉलोनी सांगटी रोड को शामिल किया गया है। वार्ड नंबर-6 टुटू, वार्ड नंबर-7 मझ्याट, वार्ड नंबर-8 बालूगंज, वार्ड नंबर-9 कच्चीघाटी, वार्ड नंबर-10 टूटीकंडी और वार्ड नंबर-11 नाभा में भी अलग-अलग स्थानों पर विशेष पिकअप प्वाइंट बनाए गए हैं। वहीं वार्ड नंबर-12 फागली, वार्ड नंबर-13 कृष्णा नगर, वार्ड नंबर-14 राम बाजार, वार्ड नंबर-15 लोअर बाजार, वार्ड नंबर-16 जाखू, वार्ड नंबर-17 बैनमोर, वार्ड नंबर-18 इंजनघर, वार्ड नंबर-19 संजौली चौक, वार्ड नंबर-20 अपर ढली, वार्ड नंबर-21 लोअर ढली, वार्ड नंबर-22 शांतिविहार, वार्ड नंबर-23 भट्टाकुफर, वार्ड नंबर-24 सांगटी, वार्ड नंबर-25 मल्याणा और वार्ड नंबर-26 पंथाघाटी तक व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

नगर निगम ने वार्ड नंबर-27 कसुम्पटी से लेकर वार्ड नंबर-34 कनलोग तक भी विशेष व्यवस्था लागू की है। कसुम्पटी में परिमहल टॉयलेट, एसडीए कॉम्प्लेक्स, हेल्थ डायरेक्टरेट, जल भवन, कसुम्पटी मार्केट और पुलिस चौकी के पास पिकअप प्वाइंट बनाए गए हैं। छोटा शिमला में आयुर्वेदिक अस्पताल, स्ट्रॉबेरी हिल, टाटा इंडिकॉम, छोटा शिमला बाजार और शराब ठेका क्षेत्र को कलेक्शन केंद्र बनाया गया है। विकासनगर में पेट्रोल पंप, पुलिस चौकी, लोअर ऑजी, काली माता मंदिर, देवनगर पट्टू मोड़ और रेन शेल्टर के पास व्यवस्था की गई है। कंगनाधार में गैस एजेंसी एचपी, फूड प्लाजा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय, पर्यटन कार्यालय, बस स्टॉप और ब्लॉक नंबर-6 क्षेत्र को शामिल किया गया है।

वार्ड नंबर-31 पत्योग में डायमंड, बीसीएस टॉयलेट, पीएनबी लेन-1, पवन पकौड़ा, कम्युनिटी सेंटर, दावत प्वाइंट और गंगाराम गली के आसपास कूड़ा संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। वार्ड नंबर-32 न्यू शिमला में पार्किंग, फौजी ढाबा, पुलिस स्टेशन, डीएवी स्कूल, वाटर बावड़ी, दुर्गा माता मंदिर, चार बस स्टॉप और जर्सीबी स्कूल के पास विशेष प्वाइंट बनाए गए हैं। वहीं वार्ड नंबर-33 खलीणी में ट्रेडर्स छोटा शिमला, नॉर्थवुड कॉलोनी, खलीणी चौक, लोअर खलीणी, हनुमान मंदिर, फॉरेस्ट कॉलोनी, फौजी शॉप, काउंसलर हाउस, काली माता मंदिर और ट्रांसफार्मर क्षेत्र के आसपास व्यवस्था की गई है। वार्ड नंबर-34 कनलोग में बीर खन्ना, रॉयल किंग, लोअर कनलोग, कनलोग चौक, चोपाल सदन, एसबीआई टिंबर हाउस, सीपीआरआई गेट, ग्रीन पार्क, केएनएच, पोर्टमोर्ट स्कूल, रजत होटल और हिमलैंड क्षेत्र को कलेक्शन प्वाइंट बनाया गया है।

# हड़ताल पर बैठे सैहब कर्मियों को मिला माकपा का समर्थन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी शिमला ने सैहब कर्मियों की जारी हड़ताल का खुलकर समर्थन करते हुए नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने सैहब कर्मियों की दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि समाप्त करने के निर्णय को मजदूर विरोधी बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

माकपा जिला सचिव विजेंद्र मेहरा, लोकल कमेटी सचिव जगत राम तथा कसुम्पटी लोकल कमेटी के जयशिव ठाकुर ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत 14 दिन का हड़ताल नोटिस देकर आंदोलन कर रहे गरीब मजदूरों पर एस्मा लगाने का निर्णय पूरी तरह तानाशाही और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है।

पार्टी नेताओं ने मांग उठाई कि सैहब कर्मियों की दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि तथा 15 दिन की स्पेशल लीव तुरंत बहाल की जाए। इसके अलावा ग्रेच्युटी, नियमानुसार पूर्ण बोनस, छुट्टियां, ईपीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाएं पूरी तरह लागू की जाएं। माकपा नेताओं ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सैहब कर्मियों पर काम का बोझ चार गुना तक बढ़ा दिया गया है। पहले जहां एक कर्मी के जिम्मे लगभग 80 घर होते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़ाकर 300 तक पहुंचा दी गई है।

◆ मजदूरों के हक देने और श्रम कानून लागू करने की मांग

### ढाई करोड रुपए क्यूआर कोड व्यवस्था पर सवाल

**भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी ने शिमला नगर निगम प्रशासन पर ढाई करोड़ रुपए क्यूआर कोड व्यवस्था पर खर्च करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस राशि से 150 नए मजदूरों को रोजगार दिया जा सकता था और पुराने कर्मियों का कार्यभार कम किया जा सकता था। नेताओं ने दावा किया कि इसी धन से बोनस एक्ट 1965 के अनुसार सैहब कर्मियों को वर्तमान 1500 रुपए के बजाय दस गुना अधिक बोनस दिया जा सकता था।

### 15 दिन की लीव समाप्त करना तानाशाही

**माकपा** जिला सचिव विजेंद्र मेहरा ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा घोषित 25 छुट्टियां कानूनी प्रावधानों के तहत मिलने वाली 39 छुट्टियों से काफी कम हैं, जबकि 15 दिन की स्पेशल लीव समाप्त करना मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। माकपा ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को सैहब में शामिल करना केवल चुनावी वायदों जैसा दिखावा है, क्योंकि उन्हें वास्तविक आर्थिक लाभ नहीं दिया गया।

# आर्थिक राष्ट्रवाद से सशक्त होगा हमारा देश : प्रो. सिकंदर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद सिकंदर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए आर्थिक राष्ट्रवाद और विवेकपूर्ण उपभोग के आह्वान को राष्ट्र निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया है। उन्होंने कहा कि सोने की अनावश्यक खरीद को सीमित रखने तथा पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग से देश का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा और बचाई गई पूंजी को आधारभूत ढांचे, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधुनिक तकनीकी अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जा सकेगा।

◆ प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को गंभीरता से लेने की अपील

प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश केवल एक सामान्य अपील नहीं, बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आर्थिक आत्मनिर्भरता का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक यदि ईंधन संरक्षण और विवेकपूर्ण उपभोग को अपनी जिम्मेदारी माने तो भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच और अधिक सशक्त बनकर उभरेगा।

प्रो. सिकंदर ने विपक्ष पर दोहरे चरित्र और नकारात्मक राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भी आर्थिक संकट के समय सोने की खरीद कम करने और ईंधन बचत जैसी अपीलें की गई थीं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, मनमोहन सिंह, पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम तथा पूर्व पेट्रोलियम मंत्री वीरप्पा मोइली का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय ऐसी नीतियों को आवश्यकता माना गया, जबकि आज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रहित में किए गए आह्वान पर विपक्ष राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का दृढ़ विश्वास है कि देश की जागरूक जनता विपक्ष के भ्रामक दुष्प्रचार को पूरी तरह नकार चुकी है और आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रही है।

# शिमला में तीन मामलों में चिट्टा तस्करी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन मामलों में कुल 21 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पंजाब के युवक भी शामिल हैं। पहला मामला पुलिस थाना बालूगंज क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार 15 मई को स्पेशल सेल की टीम एनएच-5 पर ख्वारा चौकी क्षेत्र में गश्त, यातायात जांच और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान जांच के लिए एक बस को रोका गया। तलाशी के दौरान बस में बैठे एक युवक के पास से एक कैरी बैग मिला। बैग की जांच करने पर उसमें करीब 6 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। दूसरा मामला थाना ढली क्षेत्र का है। 14 मई की रात स्पेशल सेल शिमला और थाना ढली पुलिस की टीम ढली, संजौली और छोटा शिमला क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक ढली क्षेत्र में चिट्टा सप्लाई का काम कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में दबिश दी और दो आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से करीब 8 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की। तीसरा मामला थाना कुमारसैन क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक 12 मई को डिटेक्शन टीम सब डिवीजन रामपुर एनएच-05 पर बारुबाग के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में सवार दो लोगों के पास से करीब 7 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने रविवार को बताया कि जिले में नशा तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस सरकार ने पूरी की हर गारंटी

## मंत्री शांडिल और अनिरुद्ध बोले- विपक्ष बताए कौन सा वादा अधूरा

अनंत ज्ञान





**ब्यूरो, शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपनी सभी दस गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा कर दिया है। कांग्रेस जो कहती है, उसे ज़मीन पर उतारकर दिखाती है। मंत्रियों ने चुनौती देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष यह स्पष्ट करें कि सरकार की कौन-सी गारंटी अधूरी रह गई है। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर सरकार ने अपना सबसे बड़ा वादा निभाया।

◆ स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में लिए ऐतिहासिक फैसले

इसके साथ ही इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के अंतर्गत हज़ारों महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है और अब दूसरे चरण में एक लाख अति गरीब परिवारों की महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। दोनों मंत्रियों ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शुरू की गई है, जबकि किसानों और बागवानों के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गेहूं, मक्की, जौ, हल्दी और अदरक के समर्थन मूल्य में बड़ी बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने गाय और भैंस के दूध के खरीद मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर पशुपालकों को राहत दी है। इसके अलावा जैविक खाद और वर्मी कम्पोस्ट खरीदने की योजना शुरू कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। हिमाचल देश का पहला राज्य बना है जिसने बागवानी नीति लागू की तथा यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली लागू होने से सेब बागवानों की आय में बढ़ोतरी हुई है।

मंत्रियों ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सरकार ने ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेज़ी माध्यम शुरू किया गया है तथा हर विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध ढंग से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। 156 सीबीएसई विद्यालय शुरू करने का निर्णय भी इसी दिशा में बड़ा कदम है। पिछले तीन वर्षों में सरकारी क्षेत्र में 23,200 से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई, जबकि निजी क्षेत्र में भी 51,400 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए रोबोटिक सर्जरी, पेट स्कैन, थ्री टेस्ला एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू की गई हैं। साथ ही अपना परिवार-सुखी परिवार योजना के तहत एक लाख गरीब परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का निर्णय लेकर आम लोगों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है।

# शिमला के नारकंडा में हाटू मेले में उमड़े श्रद्धालु

## मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

अनंत ज्ञान



**शिमला।** शिमला जिले के रामपुर में पर्यटन स्थल नारकंडा से 8 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध मां हाटूवाली मंदिर में रविवार से हाटू मेला शुरू हो गया है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह अपने परिवार के साथ यहां पहुंचकर मेले की शुरुआत करते थे। रविवार को मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। हाटू माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कंवर भूपेंदर सिंह ने बताया कि हाटू मेला हर वर्ष ज्येष्ठ माह की संक्रांति को मनाया जाता है।

इस बार भी यह मेला हर वर्ष की भांति धूमधाम से आयोजित होगा और अगले एक माह तक चलेगा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। थाना प्रभारी जय देव की अगुवाई में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### मेले में हजारों की संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

**भूपेंदर** सिंह ने यह भी बताया कि मेले में माता के दर्शन के लिए विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ये श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना करके सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लेते हैं। इस मंदिर में हजारों लोगों की गहरी आस्था है, और मेले के अलावा नवरात्र तथा अन्य पर्वों पर भी यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

# इंजीनियर बेष्टू अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** एचपीएसईबी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सब यूनिट रामपुर बुशहर) की बैठक शनिवार को शाम को दत्तनगर में आयोजित की गई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और ई. एचएस बेष्टू को अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ इंजीनियर एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष ई. एचएस बेष्टू ने की, जिसमें बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त इंजीनियरों और पेंशनरों ने भाग लिया। ई. बीडी भारद्वाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ई. केएस कश्यप महासचिव, ई. टीसी भरती वित्त सचिव तथा ई. एमएल बंसल उपाध्यक्ष चुने गए। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# हिमाचल में सीमेंट माफिया बेलगाम : राकेश

## आम आदमी पर महंगाई की मार, मूकदर्शक बनी प्रदेश की कांग्रेस सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सीमेंट कंपनियों द्वारा एक बार फिर प्रति बोरी 5 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सीमेंट माफिया पूरी तरह बेलगाम हो चुका है, जबकि कांग्रेस सरकार तमाशबीन बनी बैठी है। उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि जनवरी 2026 में भी कंपनियों ने सीमेंट के दाम बढ़ाए थे, जिसके बाद एसीसी, अंबुजा और अल्ट्राटेक जैसी कंपनियों के सीमेंट की कीमतें लगातार बढ़ती चली गईं। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में सीमेंट के दामों में लगभग 30 रुपये प्रति बोरी तक वृद्धि हुई है और आज हिमाचल में सीमेंट पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा की तुलना में कहीं अधिक महंगा बिक रहा है। जमवाल ने कहा कि जिन कंपनियों को हिमाचल की जमीन, पानी और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ मिलता है, वही कंपनियां प्रदेश की जनता से सबसे अधिक कीमत वसूल रही हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले ही डीजल, मालभाड़ा, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री के दाम आसमान छू रहे हैं, ऐसे में लगातार बढ़ती सीमेंट कीमतों ने गरीब, मध्यम वर्ग, किसानों और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता के कारण घर बनाना आम आदमी के लिए सपना बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों परिवार आज भी आपदा के बाद अपने मकानों के पुनर्निर्माण में जुटे हैं, लेकिन सरकार को उनकी पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। राकेश जमवाल ने मांग की कि प्रदेश सरकार तुरंत सीमेंट कंपनियों के साथ बैठक कर बढ़ी हुई कीमतें वापस करवाए और जनता को राहत देने के लिए ठोस नीति बनाए। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी।

# प्रदेश में कल से फिर बिगड़ेगा मौसम

## 23 मई तक कई जिलों में अंधड़ और बारिश का येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी मौसम की आंख-मिचौली के बीच अब लोगों को दो दिन तक साफ और सुहावने मौसम का साथ मिलने वाला है।



मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 18 मई को प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क और साफ बना रहेगा, जिससे लोगों को लगातार हो रही बारिश और ठंडी हवाओं से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि यह राहत ज्यादा लंबी नहीं रहने वाली, क्योंकि 19 मई से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, तेज हवाएं और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार बन गए हैं। राजधानी शिमला समेत प्रदेश के कई पर्यटन स्थलों पर रविवार को धूप खिलने से मौसम बेहद खुशनुमा बना रहा और पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ी दिखाई दी। मौसम विभाग ने 19 से 23 मई तक चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के कुछ क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि 19, 20 और 21 मई को प्रदेश के छिटपुट इलाकों में हल्की बारिश और ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है, जबकि 22 और 23 मई को मौसम और ज्यादा सक्रिय हो सकता है। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम में इस बदलाव का असर तापमान पर भी साफ दिखाई देगा। अगले चार से पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री और अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने के संकेत दिए गए हैं। इससे मैदानी इलाकों में गर्मी का असर और अधिक हो सकता है।

राज्य में शनिवार को ऊना प्रदेश का सबसे गर्म क्षेत्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शिमला में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री, सुंदरनगर 17.1, धर्मशाला 18.1, नाहन 19.5 और पांवटा साहिब व देहरागोपीपुर में 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनजातीय क्षेत्रों में अब भी ठंड का असर कायम है। केलांग में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री, कुकुमसेरी 4.3 और ताबो में 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मई के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां और अधिक तेज हो सकती हैं, जिसके चलते किसानों और बागवानों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत होगी।

**जल संरक्षण** अंतरराष्ट्रीय नदी महोत्सव सम्मेलन-2026 में गूंजा जल संरक्षण का संदेश

# नदियों को बचाना आने वाली पीढ़ियों को बचाने जैसा: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नदी महोत्सव सम्मेलन-2026 में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने नदियों के संरक्षण को राष्ट्रीय जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की जीवंत पहचान हैं। उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरणीय संकटों और जल स्रोतों के निरंतर क्षरण को समय रहते नहीं रोका गया, तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है। सम्मेलन का आयोजन आईएफओआर तथा सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



अंतरराष्ट्रीय नदी महोत्सव सम्मेलन-2026 को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।



राज्यपाल ने अपने संबोधन में गंगा, यमुना, नर्मदा, ब्रह्मपुत्र, गोदावरी और कावेरी जैसी नदियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ है और आज भी करोड़ों लोगों की आजीविका इन नदियों पर निर्भर है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की महत्ता का जिक्र करते हुए कहा कि सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और यमुना जैसी नदियां उत्तर भारत की जीवनरेखा हैं, जो कृषि, ऊर्जा, जैव विविधता और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा, अतिक्रमण और अवैज्ञानिक विकास जैसी चुनौतियां नदी प्रणालियों को लगातार नुकसान पहुंचा रही हैं।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी की नमामि गंगे परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी पर आधारित राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संगठनों से जल संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने 'रिवर लिटरेसी' यानी नदियों और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता को राष्ट्रीय स्तर का अभियान बनाने पर बल देते हुए कहा कि तकनीक और नवाचार के माध्यम से जल संरक्षण के नए उपाय विकसित करना समय की मांग है।

### कहा-नदी संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प जरूरी

**अपने** संबोधन के अंत में राज्यपाल ने सभी नागरिकों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे नदियों को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा प्रकृति और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन में देश-विदेश से पहुंचे विशेषज्ञों ने भी नदी संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग, जनजागरूकता और सतत विकास को अत्यंत आवश्यक बताया।

# नगर निकाय चुनावों में दिखा भारी उत्साह

## प्रदेशभर में सुबह से शाम तक मतदान केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 51 शहरी निकायों में हुए मतदान ने इस बार लोकतंत्र के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास और जागरूकता की नई तस्वीर पेश की। राज्यभर में सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। शुरुआती घंटों में मतदान की रफ्तार सामान्य रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया। दोपहर बाद कई नगर परिषदों और नगर पंचायतों में मतदान केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।इस बार के चुनावों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से चर्चा का विषय रही। कई स्थानों पर पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं ने इसे लोकतंत्र का पर्व बताया, वहीं महिलाओं ने भी परिवार सहित मतदान केंद्र पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। मंडी, पालमपुर, चंबा, रामपुर, रोहड़ू और धर्मशाला जैसे क्षेत्रों में मतदान को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।



मतदान करने के बाद सामूहिक चित्र में मतदाता। अनंत ज्ञान

कुछ स्थानों पर मॉडल मतदान केंद्र आकर्षण का केंद्र बने रहे, जहां मतदाताओं के स्वागत के लिए पारंपरिक तरीके अपनाए गए। बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगों के लिए प्रशासन की ओर से विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं, जिसकी लोगों ने सराहना की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रदेशभर में शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा।

चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला की ईवीएम मशीनों को मतदान समाप्त होते ही कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में पहुंचाया गया।

### कई नगर निकायों में हुआ रिकॉर्ड मतदान

**कई** नगर निकायों में रिकॉर्ड मतदान हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिक मतदान को स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और जन असंतोष से जोड़कर देखा गया। खास बात यह रही कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े शहरी क्षेत्रों में भी मतदाताओं ने अपेक्षा से अधिक भागीदारी दिखाई। पूरे प्रदेश में मतदान को लेकर जो उत्साह देखने को मिला, उसने यह संकेत जरूर दे दिया है कि हिमाचल की जनता इस बार स्थानीय सरकारों को लेकर बेहद सजग और गंभीर नजर आई।

# ठियोग में 3 भाजपा और तीन कांग्रेस समर्थित पार्षद जीते

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग नगर परिषद के वार्ड नंबर 1 से मदन शर्मा, वार्ड नंबर दो से कमला, तीन से सीमा, चार से कुसुम, पांच भारती सूद, छह दिनेश शर्मा और वार्ड सात से करुणा ठाकुर चुनाव जीतीं। इनमें तीन कांग्रेस और तीन बीजेपी समर्थित हैं। वहीं, नगर परिषद रामपुर बुशहर के वार्ड नंबर 1 दिपना नेगी, वार्ड नंबर 2 रोहित नेगी, वार्ड नंबर 3 से जीते जय श्री, वार्ड नंबर 4 से करण शर्मा, वार्ड नंबर 5 से नितिका, वार्ड नंबर 6 से उमा देवी, वार्ड नंबर 7 से सुंदर लाल, वार्ड नंबर 8 से चंद प्रभा और वार्ड नंबर 9 से विशेहर लाल चुनाव जीते। रामपुर नगर परिषद के 9 वार्डों के चुनाव पहली बार भाजपा समर्थित 5 पार्षद जीते हैं, वहीं कांग्रेस से 3 और 1 निर्दलीय चुनाव जीते। नगर परिषद रामपुर बुशहर के चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व सुचारु व्यवस्था बनाई गई थी और मतदान व मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई।

◆ **रामपुर बुशहर में भाजपा समर्थित 5 पार्षद रहे विजयी**

# चिड़गांव नगर पंचायत में चुने नए प्रतिनिधि

## प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतगणना प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**रोहड़ू/शिमला।** नगर पंचायत चिड़गांव चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित कर दिए गए, जिसके बाद विभिन्न वार्डों में नए प्रतिनिधियों की तस्वीर साफ हो गई। चुनाव प्रक्रिया पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चिड़गांव में 80.42 प्रतिशत मतदान हुआ। वार्ड नंबर-07 में सबसे अधिक 92.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

रिटर्निंग अधिकारी (एमसी) एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि मतदान और मतगणना के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई तथा सभी प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरी की गईं।

घोषित परिणामों के अनुसार वार्ड नंबर-1 चिड़गांव-1 से शमशेर सिंह ने 19 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड नंबर-3 भौंडा बाजार से पूनम कुमारी 24 मतों से विजयी रहीं, जबकि वार्ड नंबर-4 भौंडा कॉलोनी में बेहद रोमांचक मुकाबले में ललित सिंह ने केवल 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

वार्ड नंबर-5 अप्पर एवं लोअर भौंडा से सरला देवी ने सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए 42 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। वार्ड नंबर-6 सुंधा से अनुराधा 28 मतों से विजेता घोषित हुईं, वहीं वार्ड नंबर-7 मांदली से कांता देवी ने 10 मतों से जीत अपने नाम की। परिणाम सामने आते ही विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, जबकि कई वार्डों में हार-जीत का अंतर बेहद कम रहने से मुकाबला आखिरी दौर तक रोचक बना रहा। रिटर्निंग अधिकारी धर्मेश रामौत्रा ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की निगरानी तथा मतगणना संबंधी सभी कार्य प्रशासनिक सतर्कता के साथ पूरे किए गए।



एक बुजुर्ग को मतदान करने के लिए व्हीलचेयर पर ले जाते हुए। अनंत ज्ञान

# शहरी जनता ने सरकार के खिलाफ किया मतदान, अब गांव की बारी : जयराम ठाकुर

## सराज में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के गाड़ागुसैणी और बगड़ाथाच में भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोहित ठाकुर के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि शहरी क्षेत्रों में जनता कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपना जनादेश दे चुकी है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कांग्रेस को कड़ा जवाब मिलेगा। जनसभाओं को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भीषण आपदा के बाद विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार वित्तीय कुप्रबंधन के चलते प्रदेश को गंभीर आर्थिक संकट की ओर ले गई है। केंद्र सरकार से बजट मिलने के बावजूद विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे रोजगार पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मिलने वाली सुविधाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार चुनाव टालने का प्रयास कर रही थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद चुनाव संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार झूठ और प्रचार के सहारे चल रही है। सुंदरनगर हादसे के पुराने वीडियो को चुनाव प्रचार से जोड़कर प्रसारित करना आपदा प्रभावितों की भावनाओं से खिलवाड़ है। उन्होंने दावा किया कि जनता चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

# स्पीति की डंखर पंचायत में एक ही आंगन की तीन बहुएं चुनीं 'निर्विरोध'

## ग्रामीणों ने पेश की एकता की अनूठी मिसाल, सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, काजा।** जहां अमूमन पंचायत चुनावों में प्रधानी और वार्ड की सीट के लिए गांवों में गुटबाजी, मनमुटाव और राजनीतिक रंजिश की दीवारें खड़ी हो जाती हैं, वहीं जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की डंखर पंचायत ने देश के सामने लोकतंत्र की एक ऐसी खूबसूरत और अनुकरणीय मिसाल पेश की है, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है।

इस पंचायत के ग्रामीणों ने आपसी सूझबूझ और अटूट एकता का परिचय देते हुए, बिना किसी चुनावी शोर-शराबे या मतभेद के, एक ही परिवार की तीन बहुओं को सर्वसम्मति से पंचायत के तीन सबसे बड़े पदों पर आसीन कर दिया है। स्पीति क्षेत्र के माने योगमा गांव के निवासी अशोक के परिवार के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है। उनके एक ही आंगन से निकलीं तीन बहुएं अब पूरे क्षेत्र के विकास का खाका तैयार करेंगी।

**चुनी गईं प्रधान, उपप्रधान व बीडीसी सदस्य**



तंजिन छोड़ोन (प्रधान) | सोनम आंगमो (उपप्रधान) | सोनम छोकित (बीडीसी)

**ग्रामीणों** ने आपसी संवाद और विश्वास के बल पर बिना कोई वोट डाले, पंचायत की कमान तीनों महिलाओं को सौंप दी है। तंजिन छोड़ोन को प्रधान, सोनम आंगमो को उपप्रधान और सोनम छोकित को निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुना गया।

डंखर पंचायत के प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि यह ऐतिहासिक फैसला किसी व्यक्तिगत लाभ या राजनीतिक प्रभाव के कारण नहीं लिया गया है।

इसके पीछे गांव की खुशहाली, समृद्धि और सामूहिक विकास की भावना है। ग्रामीणों का मानना है कि चुनाव में होने वाले खर्च, समय की बर्बादी और आपसी कड़वाहट को बचाकर, उस ऊर्जा को गांव के विकास में लगाया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार जब पूरा गांव एक सुर में फैसला लेता है, तो वहां मतभेदों की गुंजाइश खत्म हो जाती है। हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, और इन तीनों बहुओं पर पूरे समाज को गर्व है।

# सरकारी कर्मचारी के चुनाव मैदान में उतरने पर मचा बवाल

अनंत ज्ञान

◆ **प्रधान पद के लिए किए नामांकन पर उठे सवाल**

◆ **चुनावी प्रक्रिया प्रभावित करने के आरोप में एफआईआर की तैयारी**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पंचायत चुनाव के बीच जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने चुनावी प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। विकास खंड खुंडियां की पंचायत कोपड़ा में जल शक्ति विभाग में कार्यरत एक वरिष्ठ सहायक द्वारा प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिया गया था, जबकि नियमों के अनुसार सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी बिना त्यागपत्र स्वीकार हुए पंचायत चुनाव लड़ने के पात्र नहीं होते। मामला उजागर होने के बाद अब नामांकन पत्रों की दोबारा जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान इस नामांकन पर किसी भी प्रत्याशी अथवा अधिकारी द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई थी, जिसके चलते प्रक्रिया आगे बढ़ती रही। हालांकि मामला सार्वजनिक होने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने रिकॉर्ड खंगालने शुरू कर दिए हैं और अब संबंधित उम्मीदवार का नामांकन रद किए जाने की तैयारी चल रही है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि प्रधान पद की दौड़ में अब पांच प्रत्याशी ही मैदान में रह जाएंगे। इस घटनाक्रम ने पंचायत क्षेत्र में चुनावी माहौल को और अधिक गर्मा दिया है तथा लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उधर सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# नेरवा और जुब्बल में हुआ सबसे ज्यादा मतदान

## 77.36 प्रतिशत रहा मतदान, नगर निकायों में सुबह से ही रही लोकतंत्र की गूंज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के नगर निकाय चुनावों में इस बार मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। जिला में कुल 11,389 मतदाताओं में से 8,811 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 77.36 दर्ज किया गया।

मतदान समाप्ति के बाद जारी आंकड़ों ने साफ कर दिया कि पहाड़ की जनता ने इस बार स्थानीय सरकार चुनने को लेकर विशेष उत्साह दिखाया। अब पूरे जिला की निगाहें आज आने वाले चुनाव परिणामों पर टिक गई हैं, जहां कई नगर पंचायतों और नगर परिषदों में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। आंकड़ों की मुताबिक सबसे अधिक मतदान नगर पंचायत नेरवा के वार्ड नंबर 1, 5 और 7 में दर्ज किया गया, जहां 89.08 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला।



बुजुर्ग महिला मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाते हुए। अनंत ज्ञान

◆ **कई क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से किया अधिक मतदान**

इसके बाद नगर पंचायत जुब्बल में 88.93 प्रतिशत तथा कोटखाई में 84.23 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। नगर पंचायत सुन्नी में 81.36 प्रतिशत, ठियोग में 80.85 प्रतिशत और चिरगांव में 80.42 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, रामपुर नगर परिषद में सबसे कम 69.48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार महिला मतदाताओं ने भी शानदार भागीदारी निभाई और जिला में महिला मतदान प्रतिशत 77.41 रहा, जो पुरुष मतदान प्रतिशत 77.31 से अधिक दर्ज किया गया।

# सिरमौर: जिप चुनाव में भाजपा का लहराएगा परचम: सुखराम चौधरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद विधायक सुखराम चौधरी रविवार को लोगों के बीच पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जिला परिषद चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि सिरमौर जिला में भाजपा मजबूत स्थिति में है और बांदा, होटा, शिलाई सहित हर क्षेत्र में भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। सुखराम चौधरी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 3 सालों में प्रदेश की जनता परेशान रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्य ठप पड़े हैं और आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत और जिला परिषद चुनाव में जनता कांग्रेस सरकार को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों के बीच सरकार की नाकामियों को रख रहे हैं।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों पर भाजपा ने महासू के कार्यालय सचिव सतविंद्र को किया निलंबित

## भाजपा ने ठियोग नप चुनाव में मिली शिकायतों के बाद की कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा ने पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों के बीच संगठनात्मक अनुशासन को लेकर बड़ा और सख्त संदेश देते हुए महासू संगठनात्मक जिला के जिला कार्यालय सचिव सतविन्द्र सिंह के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई है।

ठियोग नगर परिषद चुनाव के दौरान उनके विरुद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों की लगातार शिकायतें प्रदेश नेतृत्व तक पहुंची थीं, जिसके बाद भाजपा संगठन हरकत में आया। मामले की गंभीरता को





देखते हुए गठित अनुशासन समिति ने पूरे प्रकरण पर विस्तृत मंथन किया और इसे संगठनात्मक मर्यादा के खिलाफ गंभीर अनुशासनहीनता माना।

समिति की रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने तत्काल प्रभाव से सतविंद्र सिंह को महासू जिला कार्यालय सचिव के दायित्व से मुक्त करते हुए पार्टी से निलंबित कर दिया।

प्रदेश भाजपा कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में साफ शब्दों में कहा गया है कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा नेतृत्व ने इस कार्रवाई के जरिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को स्पष्ट संकेत दिया है कि चुनावी दौर में संगठन की विचारधारा, निर्णयों और अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने वालों पर सख्त कार्रवाई तय है। अनुशासनहीनता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# मतदान केंद्र बदलने से वोटर्स हुए परेशान : जम्वाल

## विधायक ने सरकार पर लगाए चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर नगर परिषद चुनाव के दौरान रविवार को मतदान प्रक्रिया के बीच स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई। विधायक राकेश जम्वाल ने अपनी पत्नी सहित रसमाई बूथ पर पहुंचकर मतदान किया और इसके बाद प्रदेश कांग्रेस सरकार और स्थानीय प्रशासन पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए। विधायक ने कहा कि चुनाव के दौरान कई स्थानों पर मतदान केंद्रों और वार्डों में किए गए बदलावों से मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



खासकर पुंघ वार्ड में बूथ बदले जाने से मतदाता भ्रमित नजर आए और उन्हें अपने मतदान केंद्र तलाशने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस कारण वार्ड में 40 मिनट देरी से मतदान शुरू हो पाया है। वहीं पुराना बाजार क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर देखने को मिली। यहां वार्ड नंबर-11 के मतदाताओं को अचानक वार्ड नंबर-7 में जाकर मतदान करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे मतदाताओं में भारी नाराजगी देखने को मिली और कई लोगों ने इसे बड़ी प्रशासनिक लापरवाही करार दिया।

भाजपा के विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि इस गंभीर गड़बड़ी को लेकर डिप्टी कमिश्नर मंडी और एसडीएम सुंदरनगर को शिकायत भी की गई, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को असुविधा देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह सरकार के साथ ही स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**नगर निकाय चुनाव** | जिले में दो नगर परिषदों और छह नगर पंचायतों के कुल 58 वार्डों में पड़े वोट

# शिमला जिले में 77 फीसदी से ज्यादा मतदान

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिले में रविवार को नगर निकाय चुनाव के लिए हुए मतदान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान दोपहर बाद तीन बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से चला। मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू कर दी गई और देर शाम तक नतीजे भी आ गए। जिले की दो नगर परिषदों और छह नगर पंचायतों के कुल 58 वार्डों के लिए मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के अनुसार जिले में कुल 77.36 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा मतदान नेरवा नगर पंचायत में 89.08 फीसदी रहा, जबकि सबसे कम मतदान रामपुर नगर परिषद में 69.48 फीसदी रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा जुब्बल में 88.93 फीसदी, कोटखाई में 84.23 फीसदी, सुन्नी में 81.36 फीसदी, ठियोग में 80.85 फीसदी, चिड़गांव में 80.48 फीसदी और चौपाल में 77.39 फीसदी मतदान हुआ।

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। कई जगह महिलाएं परिवार सहित वोट डालने पहुंचीं। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। दिन चढ़ने के साथ मतदान केंद्रों पर लोगों की संख्या बढ़ती गई और कई जगह लंबी कतारें लगी रहीं।

इस बार चुनाव में बुजुर्ग मतदाताओं की भागीदारी खास चर्चा में रही। कई बुजुर्ग सहारे के साथ मतदान केंद्रों तक पहुंचे। चिड़गांव नगर पंचायत में 100 साल से अधिक उम्र की कौल दासी मतदान करने पहुंचीं। वहीं ठियोग के वार्ड नंबर-1 में 85 वर्षीय परमा नंद दो लाठियों के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचे और वोट डाला। सुन्नी के वार्ड नंबर-1 में 85 वर्षीय जितेंद्र ने भी मतदान किया। चिड़गांव में एक बुजुर्ग मतदाता व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। इससे पहले ठियोग वार्ड नंबर-2 में 102 वर्षीय विमला देवी सूद के मतदान करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। इन बुजुर्ग मतदाताओं की भागीदारी चुनाव के दौरान लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

शिमला जिले में इस बार आठ नगर निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया हुई। इनमें रामपुर और ठियोग नगर परिषद शामिल हैं, जबकि चौपाल, सुन्नी, कोटखाई, जुब्बल, चिड़गांव और नेरवा नगर पंचायतों में मतदान हुआ। हालांकि नारकंडा नगर पंचायत में सभी प्रतिनिधि निर्विरोध चुने जाने के कारण वहां मतदान नहीं कराया गया। नेरवा नगर पंचायत के सात में से चार वार्डों में उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि चिड़गांव में भी एक वार्ड में उम्मीदवार निर्विरोध चुना गया है।

कई नगर निकायों में मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। रामपुर नगर परिषद के नौ वार्डों में 24 उम्मीदवार मैदान में हैं। ठियोग नगर परिषद के सात वार्डों में 19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं जुब्बल, चौपाल और कोटखाई नगर पंचायतों के सात-सात वार्डों में 14-14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे।

# धर्मशाला में दिखा विराट कोहली का क्रेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में रविवार को आईपीएल मुकाबले के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का क्रेज देखते ही बना। आलम यह था कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक के दर्शक मैच देखने पहुंचे थे। दर्शकों का कहना था कि धर्मशाला में आईपीएल का रोमांच साल-दर-साल बढ़ता जा रहा है। रविवार को विराट कोहली की मौजूदगी ने इस बार माहौल को पूरी तरह अलग स्तर पर पहुंचा दिया। मैच शुरू होने से कई घंटे पहले ही स्टेडियम के बाहर आरसीबी समर्थकों की लंबी कतारें लग गई थीं।

पूरा स्टेडियम आरसीबी और कोहली के नारों से गूंज उठा। जैसे ही विराट कोहली बल्लेबाजी करने मैदान में पहुंचे, दर्शकों ने जोरदार शोर व तालियों की गड़गड़ाहट से उनका जोरदार स्वागत किया। स्टेडियम में मौजूद हजारों फैंस कोहली की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए।

## हर स्टैंड पर दिखी लाल जर्सियां

**मुकाबला** पंजाब किंग्स के दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में था, लेकिन दर्शकों की संख्या और समर्थन के मामले में आरसीबी समर्थक भारी पड़ते नजर आए। स्टेडियम के लगभग हर स्टैंड में लाल रंग की जर्सियों का कब्जा दिखाई दिया। पंजाब किंग्स के समर्थक भी टीम के समर्थन में मौजूद रहे, लेकिन विराट कोहली की लोकप्रियता के आगे उनका उत्साह फीका नजर आया।

**मैच देखने पहुंचे कश्मीर से कन्याकुमारी तक के दर्शक**

**बोले- साल-दर-साल बढ़ रहा आईपीएल का रोमांच**

## विराट, श्रेयस की जर्सियों का क्रेज

**रविवार** को मैच देखने पहुंचे दर्शकों में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की जर्सियों व कैप का खासा क्रेज दिखा। अधिकतर दर्शक विराट और श्रेयस के नाम की जर्सियां पहने हुए थे, वहीं कई युवाओं ने इन दोनों के खिलाड़ियों की फोटो लगी कैप पहन रखी थी।





धर्मशाला में आईपीएल मैच देखने भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। अनंत ज्ञान

## समय से पहले खुले गेट, फिर भी लगीं लंबी कतारें

**धर्मशाला** में रविवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। विराट कोहली और आरसीबी के प्रति क्रेज के चलते प्रशासन और एचपीसीए ने इस बार स्टेडियम के गेट निर्धारित समय से एक घंटा पहले खोल दिए, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रहे। ई-टिकट के माध्यम से क्यूआर स्कैनिंग कर दर्शकों को अंदर प्रवेश दिया गया। शुरुआती समय में व्यवस्था ठीक रही, लेकिन मैच शुरू होने के करीब आते-आते भीड़ लगातार बढ़ती गई। गेट नंबर एक, दो और तीन पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई, जिससे परिवारों को राहत मिली। पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने पूरी व्यवस्था संभाली और दर्शकों को निर्देश देते रहे। कई दर्शकों ने व्यवस्थाओं को पिछले मुकाबले से बेहतर बताया, हालांकि भीड़ अधिक होने से कुछ स्थानों पर दबाव बना रहा। गेट जल्दी खोलने के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने पहुंचे।

## दर्शक बोले- धर्मशाला में विराट का खेल देखना यादगार

**हिमाचल** प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर के अलावा महाराष्ट्र, केरल, बेंगलुरु, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तराखंड और कर्नाटक से भी बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला पहुंचे। दर्शकों ने कहा कि धौलाधार की खूबसूरत वादियों के बीच विराट कोहली को खेलते देखना किसी यादगार अनुभव से कम नहीं है। मैच से पहले स्टेडियम परिसर में आरसीबी समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया। कई फैंस 'ई साला कप नामदे' के नारे लगाते नजर आए। वहीं, युवा दर्शकों में विराट कोहली के साथ सेल्फी लेने और उन्हें करीब से देखने की उत्सुकता साफ दिखाई दी।

## कोहली जिंदाबाद के लगे नारे

**मैच** देखने आ रहे दर्शकों ने पंजाबी आ गए ओए और विराट कोहली जिंदाबाद के उद्घोष किए। स्टेडियम की ओर बढ़ रहे दर्शक, जो कि पंजाब से आए थे, पंजाबी आ गए ओए, जबकि आरसीबी के समर्थकों ने विराट कोहली जिंदाबाद के नारे लगाए।

## ऑस्ट्रेलिया से आए जसप्रीत बोले-पोंटिंग फेवरिट, उम्मीद पंजाब वापसी कर खिताब जीते

**ऑस्ट्रेलिया** के पर्थ से धर्मशाला में मैच देखने पहुंचे जसप्रीत सिंह ने कहा कि पंजाब के कोच मेरे ऑल टाइम फेवरिट हैं। टी-20 गेम में कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि पंजाब अच्छे खेल का प्रदर्शन करेगी। पंजाब ने शुरुआत अच्छी की थी, लेकिन पिछले कुछ मैच हारने से हम भी निराश हुए हैं, हम फिर भी चाहते हैं कि पंजाब में टूर्नामेंट में वापसी करे और खिताब अपने नाम करे।

## पंजाबी हैं, लेकिन फैन आरसीबी के : नितिश

**पठानकोट** से आए नितिश ने कहा कि सुबह 4 बजे चंडीगढ़ से चलकर 9 बजे पठानकोट पहुंचा। 10 बजे पठानकोट से धर्मशाला में मैच देखने आया हूं। हम पंजाबी हैं, लेकिन हम आरसीबी को सपोर्ट करने आए हैं। विराट कोहली मेरे चहेते खिलाड़ी हैं तथा हम चाहते हैं कि प्वाइंट टेबल पर आरसीबी टॉप पर ही रहे।

## विराट दीदार का सपना साकार : आदित्य

**जयपुर** से पहुंचे आदित्य ने कहा कि विराट कोहली उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं। धर्मशाला में उन्हें लाइव खेलते देखना जिंदगी का यादगार पल बन गया। वहीं, लुधियाना से आए मनप्रीत ने कहा कि पंजाब में भी विराट कोहली और आरसीबी के फैंस की संख्या बेहद ज्यादा है। स्टेडियम में इसका साफ असर देखने को मिला।

**रचित बोले- कोहली के आते ही बढ़ जाता है जोश :** दिल्ली से पहुंचे रचित ने कहा कि जैसे ही विराट मैदान में आए, पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। ऐसा माहौल पहले कभी नहीं देखा। देहरादून से आए सौरभ ने कहा कि यहां का मौसम, पहाड़ और क्रिकेट का रोमांच एक साथ मिलकर अनुभव को खास बना देते हैं।



-सभी फोटो राज शर्मा।

### खेल के बीच दर्शकों ने निहारा धौलाधार, पंजाब और आरसीबी के गूंजते रहे नारे

# चौक्कों-छक्कों का रोमांच और पर्यटन में उछाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्टेडियम में रविवार को खेले गए मैच के दौरान चौक्कों-छक्कों के रोमांच के बीच पर्यटन में भी उछाल आया है। स्टेडियम में दोनों टीमों की ओर से भव्य खेल के प्रदर्शन के साथ दर्शकों ने धौलाधार को भी निहारा।

इस बीच स्टेडियम में पंजाब और आरसीबी के नारे गूंजते रहे। पहाड़ों में क्रिकेट को वैसे भी मैदानी राज्यों के लोग पसंद करते हैं, ऐसे में बात जब धर्मशाला स्टेडियम की हो तो दर्शक को खुद को यहां आने से रोक नहीं पाते। यही कारण था कि मुकाबला शुरू होने से काफी पहले ही एचपीसीए स्टेडियम दर्शकों से पूरी तरह खचाखच भर गया था। पूरे मैदान में आरसीबी व पंजाब के समर्थकों की गूंज सुनाई देती रही। स्टेडियम में लगातार बजते ढोल, तालियों की गड़गड़ाहट और खिलाड़ियों के समर्थन में लग रहे नारों ने माहौल को पूरी तरह खेलमय बना दिया। विराट कोहली के मैदान में उतरते ही दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ गया और पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा।

## क्रिकेट का पसंदीदा सेंटर बन रहा धर्मशाला

**धर्मशाला** अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धौलाधार की वादियों के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है, इस बीच आरसीबी-पंजाब मुकाबले में उमड़ी भारी भीड़ ने यह साफ कर दिया कि बड़े क्रिकेट मुकाबलों के लिए धर्मशाला देश के सबसे पसंदीदा वेन्यू में तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है।

## पर्यटन पर दिखा सकारात्मक असर

**मुकाबले** का असर स्थानीय कारोबार पर भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी और छोटे कारोबारियों के अनुसार मैच के चलते शहर में पर्यटकों और क्रिकेट प्रेमियों की संख्या बढ़ी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को अच्छा बढ़ावा मिला।

# आरसीबी-पंजाब मुकाबले में सीधे दोगुने दाम

### पहले मैच में 2500 अब चार व पांच हजार का टिकट, मैच के बीच भी 45 हजार में बिके ऑनलाइन टिकट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में आईपीएल मैचों के टिकटों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी का असर अब साफ तौर पर देखने को मिल रहा है।

रविवार को पंजाब किंग्स और आरसीबी के मुकाबले में एक ओर जहां कई दर्शक महंगे टिकटों व टिकट न मिलने के कारण स्टेडियम पहुंचने से पीछे हटे। वहीं, दूसरी ओर मैच की एक पारी समाप्त होने के बाद भी 45 हजार रुपए तक के टिकट ऑनलाइन बिकते रहे। क्लब लॉज का जो टिकट 22 हजार 500 रुपए तक रहता है, इस मैच में दोगुना से अधिक 45 हजार दामों में बेचा गया। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे आम दर्शकों की पहुंच से बाहर बताया। इस बार एचपीसीए स्टेडियम में टिकटों के दामों में पिछले सीजन की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। पिछले वर्ष जिन टिकटों की कीमत 1200 से 1500 रुपए थी।

वहीं टिकट अब चार से पांच हजार रुपए तक पहुंच गई हैं। क्लब लॉज के टिकट 22 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर सीधे 45 हजार रुपए कर दिए गए हैं। जबकि अन्य टिकटें पांच हजार, सात हजार, आठ हजार, नौ हजार, 12 हजार, 15 हजार, 22 हजार, 30 हजार व सभी दोगुने दामों में बेची गई। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि इतनी महंगी टिकटों के कारण परिवार के साथ मैच देखना मुश्किल हो गया है।

कई लोगों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू होते ही दाम देखकर टिकट लेने का विचार छोड़ दिया। कई लोग टिकट को लेकर काफी मेहनत करते दिखे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पाए। हैरानी की बात यह रही कि मैच शुरू होने और एक पारी समाप्त होने के बाद भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 45 हजार रुपए तक के टिकट उपलब्ध और बिकते रहे। इससे साफ है कि आयोजकों ने अंतिम समय तक भी प्रीमियम टिकटों की बिक्री जारी रखी। उधर, स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि इस बार ऑफलाइन टिकट काउंटर नहीं लगाए गए।

केवल ऑनलाइन माध्यम से ही टिकटें बेची जा रही हैं और एक व्यक्ति को अधिकतम तीन टिकट बुक करने की अनुमति दी गई है। लोगों का कहना है कि ऑफलाइन व्यवस्था न होने से ग्रामीण और स्थानीय दर्शकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिमले वाली माता मंदिर पदियाल में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ग्राम सुधार सभा कमेटी पदियाल द्वारा सिमले वाली माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर दिनभर भक्तिमय माहौल और जयकारों से गूंजता रहा। कमेटी के प्रधान राजेश सोनी ने बताया कि यह आयोजन स्थानीय लोगों के सहयोग और भाईचारे की भावना से संपन्न हुआ उन्होंने कहा कि कमेटी पिछले 20 वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। इस अवसर पर कृष्ण शर्मा, नवीन मेहता, नरेश कुमार, प्रवीण मेहता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पंचायत समिति सदस्य आशा शर्मा भाजपा में शामिल



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर विकास खंड के गुरालधार वार्ड से सर्वसम्मति से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य आशा शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया। स्थानीय विधायक बिक्रम ठाकुर ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया और स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आशा शर्मा की लोकप्रियता और जनसेवा की भावना क्षेत्र के विकास में नई ऊर्जा देगी। पार्टी में शामिल होने के बाद आशा शर्मा ने संगठन नेतृत्व और विधायक का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### 5.59 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने गश्त के दौरान गाड़ी नंबर पीबी-01ई- 7044 में सवार तीन युवकों के कब्जे से 5.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय आशीष निवासी पीरबंडा सलेम टावरी गली नंबर 2, नजदीक शमशान घाट, लुधियाना पंजाब, 38 वर्षीय ईशान निवासी खेरा तहसील पालमपुर व 21 वर्षीय वरुण सहोता निवासी सोणी मोहल्ला, भारत नगर चौक, कचहरी नजदीक पेट्रोल पंप, लुधियाना पंजाब के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि शनिवार रात पुलिस थाना पालमपुर की टीम गश्त व सूचना एकत्रित करने के लिए शाम के समय सुरड़ी नजदीक ओम प्रोजेक्ट रोड पर मौजूद थे तो एक टैक्सी गाड़ी नंबर पीबी-01ई- 7044 को शक के आधार पर जांच के लिए रोका गया। गाड़ी की तलाशी ली तो 5.59 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है।

### भाषण स्पर्धा में अर्पिता व अंकुश ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला के पूर्व विद्यार्थी संघ द्वारा नील कमल हाई स्कूल केदारा में सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बागवानी निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि तथा राजेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए सनातन संस्कृति विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति को अपनाकर नई पीढ़ी को इसकी महत्ता से अवगत कराना चाहिए। मुख्य वक्ता ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कर्तव्यों के पालन और स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में अर्पिता और अंकुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सियाना द्वितीय तथा हिमांशी तृतीय स्थान पर रहीं। भिश्ठी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रेरणा शर्मा ने किया तथा प्रधानाचार्य अर्चना ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### लोहारडी में दो दिवसीय मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** छोटा भंगाल की ग्राम पंचायत लोहारडी में आजाद युवा क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेले में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के सिक्योरिटी कमांडर कमल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध संस्कृति से भरपूर है। युवाओं को मेहनती बताते हुए उन्होंने सैन्य सेवाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मेले में खेलकूद प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक नाटी प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया।

### श्री गुग्गा छतरी मंदिर सलोह में की पत्र पूजा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री गुग्गा छतरी मंदिर सलोह में रविवार को पत्र पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह आरती के बाद दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। मान्यता है कि इस दिन नई गेहूं की फसल का पहला चढ़ावा बाबा गुग्गा छतरी को अर्पित किया जाता है। शनिवार को विशाल जागरण और लंगर का आयोजन भी हुआ। दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर में माथा टेके।

# फायर सीजन में खतरनाक है क्राउन फायर

### भौगोलिक परिस्थितियों के चलते प्रदेश में संभावना न के बराबर

**सैटेलाइट टेक्नोलॉजी से जल्द हो जाती है फायर डिटेक्शन**

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** फायर सीजन के दौरान वनों में ग्राउंड और क्राउन फायर के मामले सामने आते हैं। हालांकि, क्राउन फायर खतरनाक होती है, लेकिन सुखद यह है कि हिमाचल जैसे राज्य में इसकी संभावना न के बराबर है। फायर सीजन में फायर डिटेक्शन बड़ी चुनौती होती है, लेकिन वन विभाग में अपनाई जा रही सैटेलाइट टेक्नोलॉजी से यह कार्य भी आसान हो गया है। क्राउन फायर यानी आग जंगलों में जमीन के बजाय पेड़ों और झाड़ियों की ऊपरी शाखाओं और पत्तियों में तेजी से फैलती है। ग्राउंड फायर से जहां आग लगी हो, वहां का तापमान बढ़ जाता है, जिससे छोटे पौधों व जंगली जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचता है।

## लोकेशन सहित जाता है एसएमएस

**वन** वृत्त धर्मशाला की अरण्यपाल बासु कौशल का कहना है कि जंगलों में आग का पता लगाना सबसे अहम कार्य होता है। विभाग की ओर से परंपरागत फायर वॉच टावर तो स्थापित किए जाते हैं, साथ ही पिछले काफी समय से विभाग में अपनाई जा रही सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के तहत विभाग के हेड ऑफिस से फॉरेस्ट गार्ड तक आग लगने की लोकेशन सहित एक एसएमएस चला जाता है। इसके चलते फायर डिटेक्शन का समय काफी कम हो गया है या यूं कहें कि सेकेंड भर में आग का पता लग जाता है, इसका ज्ञान हो जाता है।

## प्रदेशस्तरीय टोल फ्री नंबर जारी

**बासु कौशल** ने बताया कि फायर सीजन के लिए वन विभाग की ओर से प्रदेशस्तरीय टोल फ्री नंबर 1800 180 1916 जारी किया गया है, इस पर भी वन क्षेत्र में कहीं भी आग की घटना की जानकारी दी जा सकती है। आग लगने की स्थिति में विभाग का फोकस वन को आग से बचाने पर रहता है।

## वन वृत्त में 209 वन मित्र तैनात

**अरण्यपाल** ने बताया कि वृत्त के तहत 209 वन बीटस में इतने ही वन मित्र भी सेवाएं दे रहे हैं। आग की दृष्टि से संवेदनशील वन क्षेत्रों में फायर वॉचर की भी व्यवस्था फायर सीजन के दौरान की जाती है। आग लगने की स्थिति में विभागीय फील्ड स्टाफ के साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों का भी आग पर काबू पाने में सहयोग लिया जाता है।

# लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने में शहीदों का योगदान अमूल्य : डॉ. ओपी यादव

### पालमपुर प्रशासन ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** भारत के महान लोकतंत्र को जीवंत, अक्षुण्ण और सुदृढ़ बनाए रखने में हमारे वीर शहीदों का योगदान अद्वितीय और अमूल्य है। देश की सीमाओं और अस्मिता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन जांबाजों के कारण ही आज हम एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक राष्ट्र में निर्भय होकर अपने अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं।

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने नगर निगम पालमपुर चुनाव के अवसर पर मतदान के दौरान शहीदों के परिवारों को सम्मानित करते हुए यह बात कही। एसडीएम ने पालमपुर नगर निगम के अंतर्गत मतदान केंद्र सुघर-1 में कारगिल युद्ध के अमर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डॉ. एनके कालिया और माता विजय कालिया को सम्मानित किया अशोक चक्र विजेता शहीद मेजर सुधीर वालिया की बहन आशा वालिया का सम्मान मतदान केंद्र बनूरी-2 में किया गया। एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने वीर शहीदों के अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च राष्ट्रभक्ति को याद किया। उन्होंने कहा कि जिस आजाद हवा में आज हम सांस ले रहे हैं और मतदान के माध्यम से अपनी सरकार चुन रहे हैं, उसकी नींव में इन वीर सपूतों का रक्त और त्याग है। चुनाव केवल सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इस पावन अवसर पर देश की वेदी पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों का स्मरण करना, उनके परिवारों के प्रति नतमस्तक होना और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद रखना हम सभी देशवासियों की परम नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान शहीदों के परिवार के अन्य सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के माता-पिता व मेजर सुधीर वालिया की बहन को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

# न्यायपालिका में हस्तक्षेप बंद हो, न्याय आधारित व्यवस्था लागू हो : बलदेव

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक बलदेव राज सूद ने कहा कि निर्णय के बजाय न्याय के सिद्धांत पर न्यायपालिका का संचालन होने से देशवासियों को वास्तविक न्याय मिल सकेगा। प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 50, 141, 142, 144 और 145 तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश डब्ल्यूपी (सिविल) डायरी नं. 26794/2025 दिनांक 19-01-26 के अनुसार देश की अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और न्याय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया से जुड़े लोगों को पर्याप्त साधन, सुविधा, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर न्याय नीति बनाने का आग्रह भी किया गया है। बलदेव राज सूद ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 50 के अनुसार न्यायपालिका में कार्यपालिका का हस्तक्षेप वर्जित है। उन्होंने बताया कि न्याय आधारित व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर जल्द ही कमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सतना से सर्वोच्च न्यायालय तक हिंदक्रांति यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भारत गठबंधन से जुड़ी विभिन्न पार्टियां भाग लेंगी।

# एयर पिस्टल के साथ पंजाब के दो युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा में पंचायत चुनावों से पहले पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है। रक्कड़, डाडासीबा, संसारपुर टैरस और देहरा क्षेत्रों में रातभर चले सघन चेकिंग अभियान से पूरे इलाके में हलचल देखी गई। इसी दौरान संसारपुर टैरस पुलिस ने जंडौर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पंजाब के दो युवकों को संदिग्ध एयर पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। स्कूटी की तलाशी में एयर पिस्टल जैसी वस्तु मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों इंदरजीत सिंह और समीर (निवासी तलवाड़ा, पंजाब) को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में माहौल तनावपूर्ण होने पर बीएनएसएस की धारा 126 और 170 के तहत गिरफ्तारी की गई। पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस ने अब तक हजारों वाहनों की जांच की है और अधिकतर लाइसेंसी हथियार भी जमा करवाए हैं। एसपी देहरा मयंक चौधरी स्वयं अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

# मादक पदार्थ सेवन मामले में दो युवकों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना खुंडियां ने मादक पदार्थ सेवन के मामले में दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 6 फरवरी 2026 को थाना खुंडियां की टीम कुराल क्षेत्र में गश्त और नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान वाहन नंबर एचपी-37ए-9963 को रोका गया, जिसमें सवार दो युवकों ने अपनी पहचान हर्षित नरयाल (29), निवासी बिंद्रावन, तहसील पालमपुर तथा सुमित शर्मा (29), निवासी बिंद्रावन, तहसील पालमपुर के रूप में बताई। जांच के दौरान दोनों युवकों में नशे के लक्षण पाए जाने पर उन्हें सिविल अस्पताल खुंडियां में चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया। बाद में उनके रक्त और मूत्र के नमूने एफएसएल प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए। फॉरेंसिक रिपोर्ट और मेडिकल राय में दोनों द्वारा चरस वर्ग के मादक पदार्थ के सेवन की पुष्टि हुई।

इसके आधार पर थाना खुंडियां में 16 मई को अभियोग संख्या 20/2026 के तहत धारा 27 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को वैज्ञानिक तरीकों से आगे बढ़ाया जा रहा है और लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

# हिमाचल में पंचायत चुनाव के महासंग्राम के बीच खुद पंचायतीराज विभाग की साख पर लगा बट्टा

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** प्रदेशभर में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावी शंखनाद के साथ ही आदर्श आचार संहिता की दुहाई दी जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी तंत्र खुद अपने ही बनाए नियमों की धज्जियां उड़ाने में मसरूफ है। चुनाव आचार संहिता का सीधा और कड़ा नियम है कि सरकारी खजाने से चलने वाली किसी भी व्यवस्था का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ या प्रचार के लिए नहीं हो सकता। इसके बावजूद हिमाचल प्रदेश सरकार के सूचकहरा महकमे इस लोकतांत्रिक मर्यादा को ताक पर रखकर बैठे हैं। पंचायतीराज विभाग, जिसके कंधों पर इन चुनावों को निष्पक्षता से करवाने का जिम्मा है, उसकी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।

चुनाव के इस माहौल में पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट से लेकर तमाम बड़े महकमों के डिजिटल पोर्टल राजनीतिक प्रचार के अखाड़े नजर आ रहे हैं। डिजिटल इंडिया और त्वरित



**आचार संहिता को ठेंगा दिखा रहे सरकारी महकमे**

**चौबीस घंटे एक्टिव रहने वाले डिजिटल दौर में कछुआ चाल चल रहा सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र**

गवर्नेंस का दम भरने वाला सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र इस गंभीर कोताही पर आंखें मूंदे बैठा है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन, अल्प बचत, पंचायतीराज विभाग, परिवहन, जल शक्ति, राजस्व, योजना और सूचना एवं प्रौद्योगिकी जैसे जुड़े विभागों की आधिकारिक वेबसाइटों पर मुख्यमंत्री और उनके चहेते मंत्रियों की तस्वीरें शान से चमक रही हैं। विभिन्न डिजिटल मंचों पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और राजनीतिक पदाधिकारियों की तस्वीरें हटाई नहीं गई हैं। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड, स्कूल शिक्षा बोर्ड, राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, एचपीएमसी और राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम जैसी संस्थाओं की वेबसाइटों पर भी राजनीतिक चेहरों का प्रदर्शन जारी है। वहीं शिमला नगर निगम की वेबसाइट पर भी मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें होने की बात कही जा रही है। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव घोषणा के बाद सरकारी पोर्टल्स से ऐसे सभी प्रचारात्मक तत्व तुरंत हटाए जाने चाहिए। स्थिति को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या निर्वाचन आयोग और संबंधित प्रशासनिक तंत्र इस पर समय रहते कार्रवाई करेगा या नहीं, क्योंकि ऐसे मामलों से चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर असर पड़ सकता है।

# फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती को परेशान करने वाला युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर एक युवती को लगातार आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परेशान करने के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव भमलादा निवासी अमित के रूप में हुई है। पीड़ित युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले कुछ समय से एक अज्ञात व्यक्ति फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाकर उसे लगातार गलत और अश्लील संदेश भेज रहा था। इन हरकतों से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो चुकी थी। आखिरकार युवती ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच साइबर क्राइम सेल को सौंपी गई। साइबर एक्सपर्ट्स ने तकनीकी जांच के दौरान फेक इंस्टाग्राम आईडी से जुड़े मोबाइल नंबर का पता लगाया। जब पुलिस ने नंबर की जांच की तो वह गांव के ही युवक अमित के नाम पर दर्ज मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## बुजुर्गों में दिखा भारी उत्साह



वोट डालकर बाहर आती नप नूरपुर के वार्ड-9 की 81 वर्षीय राकेश कुमारी।



नगर परिषद नूरपुर के वार्ड-5 की 92 वर्षीय ललिता देवी ने वोट डाला।



वोट डालने जाती वार्ड-7 की 80 वर्षीय बीना सूद।

### नगरोटा बगवां नगर परिषद चुनाव में कई वार्डों में कांटे की टक्कर के बाद विजेता घोषित

# अध्यक्ष पद की दौड़ में राहुल धीमान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगर परिषद नगरोटा बगवां के सात वार्डों में मतदान में 4719 में से 3466 मतों का लोगो ने प्रयोग किया। पुरुषों ने 73.45 ओर महिलाओं ने 73. 93 प्रतिशत वोट डाले। नगर परिषद पद एससी के लिए रिजर्व होने के कारण वार्ड-4 से विजयी हुए राहुल धीमान का अध्यक्ष बनना पूरी तरह से तय हो चुका है। हालांकि, उपाध्यक्ष की कुर्सी पर किसे बैठाया जाता है, वह अभी तय नहीं हुआ है। वार्ड नंबर 1 से राकेश कायस्था विजयी रहे। राकेश कायस्था को 378 मत पड़े, जबकि मदन शर्मा को 161 मत मिले। नोटा को 7 मत मिले।

राकेश 217 मतों की लीड से जीतें। वार्ड नंबर 2 से सपना कटोच विजयी रहीं। सपना कटोच को 269 मत पड़े, जबकि पूजा देवी को 261 मत पड़े, नोटा को 1 मत मिला। सपना 8 वोटों से विजयी हुईं। वार्ड-3 से आशा वालिया विजेता रहीं, यहां से आशा वालिया को 146 मत मिले, जबकि ममता देवी को 145 और अंजना गिल को 117 मत मिले, नोटा को 3 मत मिले। आशा वालिया 1 मत से विजयी हुईं। वार्ड नंबर 4 से राहुल धीमान विजेता रहे। यहां से राहुल धीमान को 216 मत मिले, जबकि बिशन दास को 172 मत, अर्जुन कुमार को 72 मत, जबकि राहुल कुमार को 36 मत मिले, यहां नोटा को 5 मत मिले। यहां से राहुल 44 मतों से जीते।

वार्ड नंबर 5 से मधु शर्मा विजेता रहीं। मधु शर्मा को 371 मत मिले, जबकि सुभद्रा देवी को 147, जबकि रानी परमार को 30 मत मिले, यहां नोटा को 4 मत मिले। मधु शर्मा को 224 मतों से जीतीं।



वार्ड सात से विजेता रहे कांग्रेस के मुकेश मेहता समर्थकों के साथ।

## वार्ड 6 से दीपशिखा व 7 से मुकेश मेहता जीते

**वार्ड** नंबर 6 से दीपशिखा विजेता रहीं। दीपशिखा को 300 व कांता देवी को 213 मत मिले, जबकि नोटा को 3 वोट मिले। दीपशिखा 87 वोटों से विजयी रहीं। वार्ड-7 से कांग्रेस के मुकेश मेहता विजयी हुए, उन्हें 213 मत मिले, जबकि भाजपा समर्थित रंजन कायस्था को 194 मत मिले। वहीं, नोटा को 2 मत मिले। यहां से मुकेश मेहता 19 मतों से विजयी हुए।



वार्ड नंबर-17 सिद्धबाड़ी में वोट डालने के बाद अंगुली पर लगी स्याही के निशान दिखातीं युवती व महिला।



ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला में वोट डालने के लिए खड़ी महिलाएं।










# नगर निगम धर्मशाला में 60% मतदान

## 36,800 पंजीकृत मतदाताओं में से 22,083 ने डाले वोट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के आम चुनाव के अंतर्गत रविवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

एसडीएम मोहित रत्न ने बताया कि मतदान समाप्ति तक नगर निगम धर्मशाला में कुल 36,800 पंजीकृत मतदाताओं में से 22,083 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 18,542 तथा महिला मतदाताओं की कुल संख्या 18,258 रही। इनमें से 11,001 पुरुष मतदाताओं एवं 11,082 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदान प्रतिशत 60.7 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पुरुषों की तुलना में अधिक रहा। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं व मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### सकोह वार्ड में सबसे अधिक 73.37 फीसदी मतदान

**नगर** निगम के वार्ड नंबर नौ सकोह में सबसे अधिक 73.37 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जबकि वार्ड तीन मैक्लोडगंज में सबसे कम 42.37 फीसदी मतदान हुआ। वार्ड एक फरसेटगंज में 70.62 फीसदी, वार्ड 2 भागसूनाग में 70.86 फीसदी, वार्ड तीन मैक्लोडगंज 42.37 फीसदी, वार्ड चार कश्मीर हाउस 66.19 फीसदी, वार्ड 5 खजांची मोहल्ला में 51.35 फीसदी, वार्ड छह कोतवाली बाजार में 56.55 फीसदी, वार्ड सात सचिवालय में 59.45 फीसदी, वार्ड आठ खेल परिसर में 48.48 फीसदी, वार्ड नौ सकोह में 73.37 फीसदी, वार्ड दस शामनगर में 55.28 फीसदी, वार्ड 11 रामनगर में 67.60 फीसदी, वार्ड 12 बड़ोल में 63.63 फीसदी, वार्ड 13 दाड़ी में 51.77 फीसदी, वार्ड 14 कंड में 65.51 फीसदी, वार्ड 16 सिद्धपुर में 63.36 फीसदी व वार्ड 17 सिद्धबाड़ी में 60.93 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

### नगर पंचायत शाहपुर के सात वार्डों के परिणाम घोषित

# अध्यक्ष पद के लिए वार्ड-3 से विजेता बबिता का नाम सबसे आगे

◆ **वार्ड नंबर 7 मझियाड़ में सबसे अधिक व वार्ड नंबर 2 हारा में सबसे कम वोट पड़े**

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के विभिन्न वार्डों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत में कुल 75.24 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नगर पंचायत शाहपुर के सात वार्डों में कुल 4290 मतदाता थे, जिनमें 2135 पुरुष और 2155 महिला मतदाता शामिल रहे। इनमें से 3228 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष मतदान प्रतिशत 72.92 फीसदी जबकि महिला मतदान प्रतिशत 77.54 फीसदी दर्ज किया गया, जिससे महिला मतदाताओं की भागीदारी अधिक रही।

वार्डवार मतदान प्रतिशत की बात करें तो वार्ड नंबर 7 मझियाड़ में सबसे अधिक 83.64 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड नंबर 2 हारा में सबसे कम 66.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 3 झुलाड में 78.82 प्रतिशत, वार्ड नंबर 1 सिह्रोलपुरी में 76.07 प्रतिशत, वार्ड नंबर 5 चंद्रून में 77.55 प्रतिशत, वार्ड नंबर 6 गोरड़ा में 77.55 प्रतिशत तथा वार्ड नंबर 4 शाहपुर में 70.86 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूरी होने के बाद विभिन्न वार्डोंके परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं।

### वार्ड -1 से अभिषेक माथुर विजयी

**वार्ड** नंबर 1 से अभिषेक माथुर विजयी रहे, जबकि वार्ड नंबर 2 से अनुपम ने जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 3 से बबिता को जनता का समर्थन मिला तथा वार्ड नंबर 4 से प्रीति परिहार विजयी रहीं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 5 से राजीव पटियाल, वार्ड नंबर 6 से नितिन कौशल तथा वार्ड नंबर 7 से विजय सिंह ने जीत हासिल की। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और कई स्थानों पर जश्न का माहौल देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि इस बार नगर पंचायत शाहपुर में अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में वार्ड नंबर 3 से विजयी बबिता का अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है।

### वार्ड नंबर-2 हारा से अनुपम 220 वोट से जीते

**नगर** पंचायत शाहपुर के चुनाव परिणामों में कांटे की टक्कर देखने को मिली। नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर-1 सिहोलपुरी से अभिषेक माथुर ने 206 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनुप कुमार को 185 तथा सोनी कुमार को 85 वोट मिले, जबकि नोटा को 1 वोट प्राप्त हुआ। वार्ड नंबर-2 हारा से अनुपम ने 220 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। पूजा रानी को 182 वोट मिले, जबकि नोटा पक्ष में 4 मत पड़े। वार्ड नंबर-3 झुलार में मुकाबला काफी दिलचस्प रहा, जहां बबीता ने 253 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। रेनु बाला को 173, अनीता शर्मा को 127 तथा पूनम को 64 वोट मिले, जबकि नोटा को 1 वोट प्राप्त हुआ। वार्ड नंबर-4 शाहपुर से प्रीति परिहार ने 138 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। सीमा देवी को 65 तथा रीमा देवी को 47 वोट मिले, जबकि नोटा को 3 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर-5 चंद्रून से राजीव सिंह पटियाल ने 275 वोट प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। गंधर्व सिंह को 84, नीरज शर्मा को 79, निशा देवी को 18 तथा आशीष को 13 वोट मिले। नोटा को 4 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर-6 गोरड़ा से नितिन कौशल ने 133 वोट प्राप्त कर जीत अपने नाम की। पंकज कुमार को 81, कमल किशोर को 70, अश्वनी कुमार को 53, विकल्प कौशल (सोनू) को 36, सुरेंद्र कुमार को 28 तथा संतोष शर्मा को 15 वोट मिले, जबकि नोटा के खाते में 2 वोट आए। वहीं वार्ड नंबर-7 मझियार से विजय सिंह ने 357 वोट प्राप्त कर बड़ी जीत हासिल की। नरेश राणा को 220 और कुशल चौधरी को 2 वोट मिले, जबकि नोटा को 4 वोट प्राप्त हुए। नगर पंचायत शाहपुर के चुनाव परिणामों के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह का माहौल है और क्षेत्र में जीत का जश्न मनाया जा रहा है।




वार्ड नंबर 7 सचिवालय धर्मशाला में मतदान के बाद अंगुली पर लगी स्याही के निशान को दिखाती महिलाएं।

# ज्वालामुखी नगर परिषद चुनाव: 7 सीटों पर कांग्रेस की जीत, भाजपा जीती मात्र 2 सीटें

अनंत ज्ञान

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी नगर परिषद के चुनावों में 9 वार्डों में कांग्रेस ने 7 वार्ड जीतकर अपना परचम लहराया है भाजपा मात्र 2 वार्ड जीतकर ही सिमट कर रह गई।

कांग्रेस ने वार्ड नंबर 1, 4, 5, 6, 7 व 8 में जीत का परचम लहराया है। भाजपा वार्ड नंबर 3 ओर 9 में ही अपनी सीट जीत पाई है। वार्ड नंबर 2 से कांग्रेस प्रत्याशी सोमेश कुमार चुनाव पहले ही निर्विरोध अपनी जीते हैं। भाजपा प्रत्याशी वार्ड नंबर 1 में कमला देवी 335 वोट हासिल करने में सफल रही हैं, जोकि विधायक संजय रतन का खुद का वार्ड है। कांग्रेस प्रत्याशी ने 407 वोट हासिल किया है, जबकि भाजपा 72 वोटों से इस सीट से पिछड़ी है। नगर परिषद ज्वालामुखी वार्ड नंबर एक में कांग्रेस प्रत्याशी सोम किरण को 407 वोट पड़े, जबकि भाजपा प्रत्याशी कमला देवी को 335 वोटों से संतुष्ट होना पड़ा। वार्ड नंबर 3 में कांग्रेस प्रत्याशी रीता देवी को 231, जबकि भाजपा प्रत्याशी भावना सूद को 345 वोट पड़े। वार्ड 4 में कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति शर्मा को 232, जबकि भाजपा प्रत्याशी पूजा डोगर को 153 वोट पड़े। वार्ड-5 में कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा को 279, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुखविंद्र सिंह को 186 वोट पड़े।



### वार्ड 6 में मात्र 2 वोटों से हारी भाजपा

**वार्ड** नंबर 6 का मुकाबला बहुत ही रोचक रहा, जहां मात्र 2 वोटों से भाजपा अपनी सीट हासिल नहीं कर सकी। इस वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी सुमन कुमारी शर्मा व भाजपा प्रत्याशी प्रीति सिहोल मैदान में उतरी थी। कांग्रेस प्रत्याशी को 193 मत, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 191 मत पड़े। ऐसे में मात्र 2 वोटों से भाजपा को इस सीट से हार का सामना करना पड़ा। वार्ड नंबर 7 में कांग्रेस प्रत्याशी पवन गोस्वामी को 231 मत, जबकि भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार को 102 मत पड़े। यहां जीत का अंतर 129 रहा। वार्ड नंबर 8 में तीन प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। इनमें कांग्रेस प्रत्याशी सुनील कुमार ने 249 मत हासिल किए, जबकि भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार को 95 मत पड़े। वहीं, आजाद उम्मीदवार राजेंद्र कौशल ने 173 मत हासिल किए। वार्ड नंबर 9 में तीन प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। इनमें कांग्रेस प्रत्याशी रजनी ने 249 मत हासिल किए जबकि भाजपा प्रत्याशी अनिल प्रभा को 497 मत पड़े। वहीं आजाद उम्मीदवार अनीता कुमारी ने 63 मत हासिल किए।

### ज्वालामुखी नप चुनाव में 75.52% हुआ मतदान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी नगर परिषद चुनाव में रविवार को मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। नगर परिषद के 9 वार्डों में कुल 75.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 5556 मतदाताओं में से 4196 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष मतदाताओं में 75.52 प्रतिशत और महिला मतदाताओं में 77.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही। वार्डवार मतदान आंकड़ों पर नजर डालें तो वार्ड नंबर-1 में 971 मतदाताओं में से 748 वोट पड़े और मतदान प्रतिशत 77.03 रहा। वार्ड नंबर-2 में प्रत्याशी को पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया था। वार्ड नंबर-3 में 758 में से 580 वोट पड़े और मतदान प्रतिशत 76.52 दर्ज किया गया। वार्ड नंबर-4 में 507 में से 390 वोट पड़े तथा मतदान प्रतिशत 76.92 रहा। वार्ड नंबर-5 में 580 मतदाताओं में से 466 लोगों ने मतदान किया, यहां 80.34 प्रतिशत मतदान हुआ। वार्ड नंबर-6 में 528 में से 390 वोट पड़े और मतदान प्रतिशत 73.86 रहा। वहीं, वार्ड नंबर-7 में कुल 438 मतदाताओं में से 337 वोट पड़े और यहां 76.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वार्ड 8 में 680 मतदाताओं में से 520 लोगों ने मतदान किया, यहां 76.47 प्रतिशत मतदान हुआ।

**वार्ड 9 में सबसे कम वोटिंग:** वार्ड 9 में 1094 मतदाताओं में से 765 लोगों ने मतदान किया, यहां 69.93 प्रतिशत सबसे कम वोटिंग की गई। जबकि वार्ड नंबर 5 में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

### नगर निगम पालमपुर चुनाव में 68.97%मतदान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के आम चुनाव के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओपी यादव ने बताया कि मतदान समाप्ति तक नगर निगम पालमपुर में कुल 31,177 पंजीकृत मतदाताओं में से 21,503 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 68.97 प्रतिशत दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 15,775 तथा महिला मतदाताओं की कुल संख्या 15,402 रही। इनमें से 10,514 पुरुष मतदाताओं एवं 10,989 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदान प्रतिशत 71.35 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पुरुषों की तुलना में अधिक रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी 15 वार्डों के मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नगर निगम चुनावों के लिए मतगणना 31 मई 2026 को होगी।

### नगर परिषद कांगड़ा के चुनाव का परिणाम घोषित

## वार्ड 1 से भावना और 2 से सुमन विजेता

**अनंत ज्ञान, आशीष दामीर, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा नगर परिषद कांगड़ा के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। नगर परिषद कांगड़ा के चुनाव में कुल 75.47% मतदान हुआ। कुल मतदाता 7823 थे। 5904 मतदाताओं ने मतदान किया। 2944 पुरुष मतदाता और 2960 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। उन्होंने नगर परिषद कांगड़ा की चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने में लगे समस्त अधिकारियों कर्मचारियों और अपनी पूरी टीम के कार्य की प्रशंसा की जिन्होंने चुनावों के दौरान अपने कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया। उन्होंने नगर परिषद कांगड़ा के सभी 9 वार्ड के परिणाम घोषित किए। वार्ड नंबर 1 से भावना, वार्ड 2 से सुमन, वार्ड नंबर 3 से अनिल कुमार, वार्ड 4 से सुनील कुमार, वार्ड 5 से रंजीता, वार्ड 6 से राजकुमारी, वार्ड 7 से कोमल शर्मा, वार्ड 8 से शुभम कुमार और वार्ड 9 से अशोक कुमार विजयी रहे।

# काजल व सुधीर का दावा: जनता ने प्रदेश की जनविरोधी सरकार के खिलाफ किया मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के विधायक, नगर निगम धर्मशाला के चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पवन काजल तथा धर्मशाला के भाजपा विधायक एवं पूर्व में रहे मंत्री सुधीर शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा सभी 17 वार्डों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि रविवार को धर्मशाला की जनता ने प्रदेश की सुक्खू सरकार की खोखली नीतियों के खिलाफ मतदान किया है।

उन्होंने कहा कि संगठन ही भाजपा की ताकत है। नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने झूठ का प्रचार कर जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिसके इसके नतीजे सुक्खू सरकार को चुनाव परिणाम में देखने को मिलेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि हमारे संगठन की ताकत, वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों के विश्वास यह



◆ **कहा - भाजपा सभी 17 वार्डों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी**

आश्वस्त करता है कि भाजपा नगर निगम धर्मशाला में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

भाजपा पार्टी लोगों के असल मुद्दों पर काम करती है, जनता को सहूलियतें देती हैं। अब जनता ने अब प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ जंग छेड़ दी है तथा यह लड़ाई अब सुक्खू सरकार को सत्ता से बेदखल कर खत्म होगी। काजल व सुधीर ने कहा कि नगर निगम चुनावों में कांग्रेस नेताओं व उसके उम्मीदवारों में निराशा साफ देखी जा रही है। इन चुनावों में जनता ने भाजपा के अपेक्षानुसार मतदान किया है। लोगों ने सभी वार्डों में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त मतदान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण किसान, कर्मचारी, व्यापारी और पेंशनभोगी भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। राज्य के विकास कार्यों के लिए आवंटित धन को पंचायतीराज और स्थानीय निकायों से हटाकर राज्य के खजाने में मोड़ दिया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। सरकार ने जनविरोधी फैसले लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया है। प्रदेश की जनता अब अधूरे वादों और राजनीतिक बयानबाजी से परेशान हो चुकी है। चुनाव के समय किए गए वादों को जमीन पर उतारने में सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है।

## मतदान की झलकियां



नगर पंचायत भोटा में बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग और कुछ युवा मतदाताओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अनंत ज्ञान

# सुजानपुर में भाजपा के जीते 7 प्रत्याशी

## भोटा नगर पंचायत में व्यापार मंडल को बढ़त, भाजपा के जीते तीन, कांग्रेस को नुकसान

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला में हुए स्थानीय निकाय के दो चुनावों में भाजपा आगे रही है। सुजानपुर में 9 में से 7 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा है। जबकि दो पर कांग्रेस काबिज हुई है।

उधर, भोटा नगर पंचायत में सीधे रूप से भाजपा के तीन प्रत्याशी जीते हैं जबकि चार सीटों पर गठबंधन को फायदा हुआ है। लेकिन इसमें भी एक महिला उम्मीदवार जो गठबंधन के पैनल में जीती हैं, वह भाजपा परिवार से ताल्लुक रखती हैं। लेकिन यहां पर सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पति-पत्नी के रूप में तीन अलग-अलग वार्डों में जो प्रत्याशी खड़े थे, उनमें दो में 'कपल' नहीं जीत पाए हैं, जबकि एक में ही ऐसा एक कपल का एक सदस्य जीत पाया है।

परंपरागत रूप से चुनाव लड़ने वाले शरण प्रसाद चुनाव नहीं जीत पाए हैं, जबकि उनकी पत्नी सर्वजीत कौर भी चुनाव हार गई हैं। इस नगर पंचायत में गठबंधन के जो उम्मीदवार जीते हैं उनमें सरोज कुमारी मनोरमा शर्मा रंजना देवी और बलदेव शामिल हैं। जबकि भाजपा से सीधे ताल्लुक रखने वाले अनिल धीमान, रिंका देवी और अश्विनी सोनी विजय रहे हैं।

अब यहां पर अध्यक्ष की सीट ओपन है इसलिए अश्विनी सोनी के इर्द-गिर्द भी गेम प्लान घूम सकता है। क्योंकि गठबंधन में जीती रंजना देवी मूल रूप से भाजपा परिवार से ही ताल्लुक रखती हैं।



### नगर पंचायत भोटा के निर्वाचित उम्मीदवार

| | | | |
|---|---|---|---|
| वार्ड-1 | रविदासनगर | सरोज कुमारी 74, वीना देवी 66 | गठबंधन |
| वार्ड-2 | इंदिरानगर | अश्वनी कुमार 44, सन्नी शर्मा 36 | बीजेपी |
| वार्ड-3 | कृष्णानगर | रिंका देवी 78, सर्वजीत कौर 74 | बीजेपी |
| वार्ड-4 | नारायणनगर | मनोरमा शर्मा 86, लता देवी 63 | गठबंधन |
| वार्ड-5 | राजीवनगर | रंजना कतना 76, ज्योति धीमान 63 | गठबंधन |
| वार्ड-6 | लोहियानगर | बलदेव सिंह 59, मुख्तयार सिंह 55 | गठबंधन |
| वार्ड-7 | ज्वालानगर | अनिल कुमार 89, शरण प्रसाद 62 | बीजेपी |

### सुजानपुर में कांग्रेस को दो सीटों पर सफलता

**सुजानपुर** में नगर परिषद के सात सदस्य भाजपा से ताल्लुक रखने वाले विजय हुए हैं। जबकि कांग्रेस को यहां पर दो सीटों पर ही सफलता हासिल हुई है। वार्ड नंबर 2 से मनोज कुमार चुनाव हार गए हैं।

### 3 कपल थे दंगल में

**भोटा** नगर पंचायत की चुनाव लड़ने की स्थिति भी खास रही, यहां पर तीन पति पत्नी चुनावी दंगल में थे, इनमें केवल एक परिवार से ही मनोरमा चुनाव जीत पाई हैं। अन्य दोनों पति-पत्नी अलग-अलग वार्डो से चुनाव हार गए हैं।

# वार्ड नंबर-1 से बलविंदर सिंह ने 296 मत लेकर हासिल की जीत

अनंत ज्ञान

- नगर परिषद सुजानपुर के परिणाम घोषित

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के सभी 9 वार्डों के चुनाव परिणाम रविवार शाम को घोषित कर दिए गए। एसडीएम एवं नगर परिषद सुजानपुर के निर्वाचन अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि वार्ड नंबर-1 से बलविंदर सिंह ने 296 मत प्राप्त करके जीत हासिल की है। जबकि, रमेश चंद ने 125 मत प्राप्त किए। 2 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। वार्ड नंबर-2 में मुनीष कुमार निर्वाचित घोषित किए गए हैं। उन्हें 335 मत मिले। मनोज कुमार को 158 और श्रवण कुमार को 76 वोट पड़े। 2 वोटरों ने नोटा का बटन दबाया। वार्ड नंबर-3 से ज्योतिका ठाकुर ने जीत हासिल की। उन्हें 241 वोट मिले। तिलक राज को 96, कुसुम शर्मा को 82, मनोज को 55 और नोटा को एक मत मिला।

वार्ड नंबर-4 में विनय कुमार ने 235 वोट लेकर बाजी मारी। संजय कुमार को 136 और कमलेश कुमारी को 96, जोगिंद्रा देवी को 51, अमन को 34 और राजेश को 2 वोट मिले। एक वोटर ने नोटा का बटन दबाया। वार्ड नंबर-5 में शिवानी ठाकुर ने 230 वोट लेकर जीत हासिल की। प्रिया को 224 और अनीता को 188 वोट मिले। 6 वोटरों ने नोटा का बटन दबाया। वार्ड नंबर-6 में प्रोमिला देवी कामयाब रहीं। प्रोमिला देवी को 158, अनीता को 130, बिंदू शर्मा को 79, बिंदिया कुमारी को 67 वोट मिले और 3 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

वार्ड नंबर-7 में नीलम धीमान ने 222 वोट के साथ जीत हासिल की, जबकि मधु को 190 मत मिले। नोटा को भी एक मत मिला। वार्ड नंबर-8 में वीना देवी ने 386 वोट लेकर बाजी मार ली। ज्योति शर्मा को 137, सीमा को 20 और नोटा को 2 वोट मिले। वार्ड नंबर-9 में मीनाक्षी ने 251 वोट लेकर विजय प्राप्त की। उनकी प्रतिद्वंद्वी सरिता को 191 और नोटा को 11 वोट मिले।

## सुजानपुर में 77.88 व भोटा में 83.21 प्रतिशत मतदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला की दो शहरी निकायों- नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में रविवार को मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ मतदान किया। सुजानपुर में 77.88 प्रतिशत और भोटा में 83.21 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि दोनों शहरी निकायों में कुल मिलाकर 78.76 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पुरुष मतदाताओं के मुकाबले महिलाओं की प्रतिशतता अधिक रही। दोनों निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या 6966 थी, जिनमें से 5487 ने मतदान किया। इनमें 2842 महिलाएं और 2645 पुरुष मतदाता शामिल हैं। एसडीएम एवं नगर परिषद सुजानपुर के निर्वाचन अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि सुजानपुर के सभी 9 वार्डों के मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे मतदान आरंभ हुआ। उधर, बड़सर की एसडीएम एवं नगर पंचायत भोटा की निर्वाचन अधिकारी स्वाति डोगरा ने बताया कि भोटा के सभी 7 वार्डों में भी सुबह 7 बजे आरंभ हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### दरताल में अवैध शराब की 54 पेटियां बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला हमीरपुर के अंतर्गत पुलिस थाना नादौन द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। नादौन थाना प्रभारी निरीक्षक निर्मल सिंह की अगुवाई में गश्त एवं आबकारी चैकिंग के दौरान एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि गांव दरताल स्थित 'शर्मा जनरल स्टोर' में अवैध शराब का भंडारण एवं बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर दुकान की तलाशी ली, जहां से कुल 54 पेटियां देशी शराब मार्का उना नंबर.1 बरामद की गईं। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि आरोपी बिहारी लाल शर्मा निवासी पनसाई, तहसील नादौन के विरुद्ध पुलिस थाना नादौन में एफआईआर धारा 39(1)(I) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

### बुंगा मंदिर में मेले में श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत अमरोहा स्थित बुंगा मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय सामूहिक मेले का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी 17 और 18 मई को आयोजित मेले को लेकर मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेले का उद्घाटन सूबेदार प्रकाश चंद ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस दौरान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंदिर कमेटी के प्रधान जगदेव ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताया।

### अग्निवीर भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना अग्निवीर भर्ती 2025-26 के अंतर्गत जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के युवाओं के लिए आयोजित अग्निवीर क्लर्क और स्टोरकीपर की भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि यह परिणाम वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है। उन्होंने सभी सफल उम्मीदवारों से अपील की है कि वे 19 मई को सुबह 9 बजे थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर में आगामी औपचारिकताओं के लिए रिपोर्ट करें।

### थल सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा पहली से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि थल सेना भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जेसीओ, ओआर एवं अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पहली जून से 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। थल सेना की वेबसाइट के माध्यम से जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन सीईई के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई को जारी कर दिए गए हैं। कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि अभ्यर्थी अपने पंजीकरण विवरण का उपयोग कर भारतीय सेना की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों, परीक्षा की तिथि, परीक्षा केंद्र तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए समय-समय पर इस वेबसाइट का अवलोकन करते रहें और एडमिट कार्ड में अंकित सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

# दियोटसिद्ध में महिला और पुलिस कर्मियों के बीच हुई नोकझोंक

अनंत ज्ञान

- बिना अनुमति वाहन ले जाने पर हुआ विवाद
- वायरल वीडियो के बाद मंदिर प्रशासन ने दी सफाई

**एसके ठाकुर बड़सर।** बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गेट नंबर-2 पर बिना अनुमति वाहन को अपर बाजार स्थित बैरियर नंबर-3 तक ले जाने को लेकर एक महिला और पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंदिर न्यास प्रशासन ने मामले पर आपत्ति जताई है।

वीडियो में महिला पुलिस कर्मियों पर वाहन रोकने और कथित तौर पर पैसे मांगने जैसे आरोप लगाती दिखाई दे रही है। वहीं मंदिर प्रशासन और पुलिस का कहना है कि संबंधित महिला के पास मंदिर न्यास प्रशासन द्वारा जारी अनुमति पत्र नहीं था, जबकि इस मार्ग से वाहन ले जाने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

मंदिर प्रशासन के अनुसार गेट नंबर-2 से अपर बाजार और बैरियर नंबर-3 तक केवल विशेष परिस्थितियों में ही वाहनों को जाने की अनुमति दी जाती है। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग अथवा विशेष पास धारक श्रद्धालु शामिल होते हैं। अन्य श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग व्यवस्था और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित स्थानों पर ही रोका जाता है।

मंदिर अधिकारी सुभाष मल्होत्रा ने बताया कि अपर बाजार क्षेत्र में पार्किंग की जगह सीमित है। वाहनों को ऊपर तक जाने की अनुमति दे दी जाए तो जाम की स्थिति पैदा हो सकती है और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने और यातायात को सुचारु रखने के लिए ही यह नियम बनाए गए हैं तथा पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी के तहत कार्य कर रहे थे।

## नगर पंचायत भोटा के परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा के सभी 7 वार्डों के चुनाव परिणाम रविवार शाम को घोषित कर दिए गए। एसडीएम बड़सर एवं नगर पंचायत भोटा की निर्वाचन अधिकारी स्वाति डोगरा ने बताया कि वार्ड नंबर-1 रविदासनगर में सरोज कुमारी विजय रहीं। उन्हें 74 वोट मिले। जबकि वीना देवी ने 66 मत प्राप्त किए। वार्ड-2 इंदिरानगर में 44 वोट लेकर अश्वनी कुमार विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंद्वी सन्नी शर्मा को 36 वोट मिले। वार्ड-3 कृष्णानगर में 78 वोट लेकर रिंका देवी ने जीत हासिल की। जबकि, सर्वजीत कौर को 74 मत मिले। वार्ड-4 नारायण नगर में 86 मतों के साथ मनोरमा शर्मा ने बाजी मारी। जबकि, लता कुमारी को 63 मत मिले। वार्ड-5 राजीव नगर में रंजना कतना को निर्वाचित घोषित किया गया। उन्हें 76 मत मिले। ज्योति धीमान को 67 वोट मिले। वार्ड-6 लोहियानगर में 59 मत लेकर बलदेव सिंह ने जीत हासिल की। मुख्तियार सिंह को 50 वोट मिले। यहां एक मतदाता ने नोटा का बटन दबाया। वार्ड-7 ज्वाला नगर में अनिल कुमार जीते। उन्हें 89 मत मिले। शरण प्रसाद को 62 और संजय कुमार को 40 वोट मिले।

## पंचायती राज चुनावों को लेकर पुलिस विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# संवेदनशील मामलों में पुलिस को दें जानकारी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए कुछ दिन शेष हैं ऐसे में पुलिस विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर दी हैं। जारी की कई एडवाइजरी में पुलिस कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस कर्मचारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करेंगे। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि चुनावों से संबंधित विभिन्न अपराधों का इस एडवाइजरी में विवरण दिया गया है और पुलिस अधिकारी को इन अपराधों एवं विधिक प्रावधानों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है। जिससे पुलिस अधिकारी निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवा सकें। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों को भी विभिन्न बातों का पालन करना होगा। मतदान के समय पुलिस अधिकारी पूर्णत: निष्पक्ष एवं गैर राजनीतिक व्यवहार रखें और किसी प्रत्याशी, दल अथवा समूह का समर्थन एवं विरोध नहीं करेगा। इसके अलावा मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा जिससे मतदान में बाधा उत्पन्न हो। साथ ही डयूटी के दौरान किसी से भी अभद्र व्यवहार न करें और अनुशासन, संयम बनाए रखें। इसके अलावा बिना अनुमति मीडिया में बयान न दें। चुनावों के दौरान पुलिस अधिकारी किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति अथवा आदेश उल्लंघन नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं पुलिस बल मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकते ऐसा करना दंडनीय अपराधा है। उन्होंने बताया कि पंचायत राज चुनावों में सबसे बड़ी पुलिस कर्मचारियों या अधिकारियों की व्यवस्था रहेगी कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करेंगे और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही मतदान केंद्र में प्रवेश देंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के निकट हथियार ले जाना प्रतिबंधित है केवल डयूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी एवं अधिकृत सुरक्षा कर्मी ही हथियार रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनावों में अवैध शराब पर पूरी नजर रखी जाए जिससे मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। इसके अलावा चुनावों से संबंधी मामले जैसे उम्मीदवारों के पोस्टर फाड़ना या अन्य पैसा का लालच देने जैसे मामलों की सूचना अधिकारियों को दें।

### मतदान के दिन शराब बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**उन्होंने** कहा कि यदि कोई अधिकारी निर्वाचन संबंधी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में बिना उचित कारण लापरवाही करता है तो उसे 500 रूपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन शराब की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा फर्जी मतदान रोकने के भी आदेश जारी किए गए हैं। यदि कोई बूथ कैप्चरिंग का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान अभद्रता पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे माहौल खराब न हो।

# बारिश से क्षतिग्रस्त मकान के लिए ट्रस्ट ने दी 11 हजार की सहायता





पीड़ित परिवार को 11 हजार की अर्थिक सहायता देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** गलवांन अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मैडल (पी) चैरिटेबल ट्रस्ट कड़ोहता द्वारा समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए बडैहर गांव की निवासी नीलमा देवी पत्नी रतन चंद को 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों क्षेत्र में हुई तेज बारिश और खराब मौसम के कारण उनका मकान क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। परिवार की स्थिति की जानकारी मिलने पर ट्रस्ट के सदस्यों ने मौके का निरीक्षण किया तथा मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए सहायता राशि प्रदान कर परिवार को सहयोग देने का निर्णय लिया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा होना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है और ट्रस्ट भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि गलवांन के अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर की स्मृति में स्थापित यह ट्रस्ट समाज सेवा, जरूरतमंद परिवारों की सहायता तथा युवा पीढ़ी में राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य मनीष कुमार, भागीरथ शर्मा, विजय कुमार राणावत, विनोद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में निकाय चुनावों में कुल 78.76 प्रतिशत वोटिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में नगर निकाय के चुनावों में नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में वोट डाले गए। जिला हमीरपुर नगर निकाय चुनावों में कुल मत प्रतिशत 78.76 प्रतिशत रहा। नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में वोट डालने के लिए सुबह से लोग लाइनों में लगकर वोट डालने का इंतजार करते रहे। इन चुनावों के लिए सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान करने का समय था इस दौरान 5427 मतदाताओं ने उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डाले। नगर परिषद सुजानपुर की बात करें तो यहां पर कुल 9 वार्ड है जिनमें कुल 5804 मतदाता हैं इनमें 2877 पुरुष और 2927 महिला वोटर हैं। इन चुनावों में 2170 पुरूष व 2350 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नगर परिषद सुजानपुर में कुल 5804 मतदाता हैं इनमें से 4520 मतदाताओं ने वोट डालने पहुंचे। बता दे कि नगर परिषद सुजानपुर में मत प्रतिशत 77.88 प्रतिशत रहा जबकि नगर पंचायत भोटा में मत प्रतिशत 83.21 प्रतिशत रहा। नगर पंचायत भोटा में कुल 7 वार्ड हैं जिनमें 1162 मतदाता हैं इनमें 583 पुरुष और 579 महिला मतदाता हैं। इन चुनावों में 475 पुरुषों और 492 महिलाओं ने मतदान किया। नगर पंचायत भोटा में 1162 में 957 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। इस दोनों नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा के कुल 3460 पुरुषों में से 2645 ने मतदान किया वहीं कुल 3506 महिलाओं में से 2842 ने मतदान किया। बता दें कि इन चुनावों महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा है। इन चुनावों में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही है।

# विजय अग्निहोत्री के साथ खड़ा है भाजपा परिवार : अनुराग ठाकुर



पनसाई पहुंचकर अनुराग ने परिवार को सांत्वना दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर अनुराग ठाकुर ने रविवार को पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री के निवास स्थान पनसाई पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

गौरतलब है कि विजय अग्निहोत्री की माताजी का लंबी बीमारी के बाद कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। अनुराग ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनका स्नेह, संस्कार तथा आशीर्वाद परिवार की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संतान के लिए माता का निधन अपूरणीय क्षति होती है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं हो सकती। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अनुराग ने कहा कि दिवंगत माता ने अपने जीवन में परिवार एवं समाज को जो संस्कार और मूल्य दिए, वे सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार विजय अग्निहोत्री एवं उनके परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान नदौन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, जिला सचिव सुरेंद्र मिन्हास एवं मंजीत ठाकुर, जिला आईटी सह-संयोजक प्रगुण गौतम, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, नदौन मंडल महामंत्री पवन सहित कई उपस्थित रहे।

# 23 लड़कियों को लगा सर्विकल कैंसर रोधी टीका

## जिला हमीरपुर में अभी तक 1216 लड़कियों को लगाए जा चुके हैं मुफ्त टीके



सीएमओ ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों और अभिभावकों से की अपील। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को भी जिला हमीरपुर के विभिन्न अस्पतालों में 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की 23 लड़कियों को टीके लगाए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि स्वास्थ्य खंड गलोड़ में सर्वाधिक 10 लड़कियों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही जिला में एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 1216 हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की सभी लड़कियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे सभी पात्र लड़कियों की वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की लड़कियों को ये टीके नहीं लगे हैं, वे उनके टीकाकरण के लिए आगे आएं।

डॉ. अजय अत्री ने सभी निजी स्कूलों के संचालकों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की सभी लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य हासिल किया जा सके। उन्होंने बताया कि महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सर्विकल कैंसर की शिकार लगभग 99.7 प्रतिशत महिलाओं में इसका कारण लंबे समय तक इनफेक्शन होना ही है। एक अध्ययन के अनुसार एक लाख महिलाओं में लगभग 14 महिलाएं इससे ग्रस्त पाई जाती हैं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्विकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया गया है। इस गंभीर रोग से बचाव के लिए ही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आरंभ किया गया है।

## विधायक सुरेश कर रहे हैं आचार संहिता का उल्लंघन: भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज विधानसभा की समीरपुर पंचायत के संगरोह क्षेत्र में कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार द्वारा आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आया है। इस संबंध में समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली एवं मंडल महामंत्री एडवोकेट संजीव डोगरा द्वारा 18 मई को एसडीएम भोरंज तथा डीसी हमीरपुर को औपचारिक शिकायत सौंपी जाएगी। भाजपा नेताओं के अनुसार विधायक सुरेश कुमार ने बधाणी वार्ड की कांग्रेस समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी अंजना कुमारी के पक्ष में एक जनसभा आयोजित की, जो चुनाव आचार संहिता के नियमों के विपरीत है। साथ ही सुरेश कुमार ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनावी घोषणाएं भी कर डालीं। भाजपा का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों एवं चुनाव आयोग द्वारा अब तक इस मामले में कोई स्वत: संज्ञान नहीं लिया गया है, जिसके चलते भाजपा को शिकायत दर्ज करवाने का निर्णय लेना पड़ा। समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन एवं चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

# ज्येष्ठ रविवार पर दियोटसिद्ध में उमड़ी श्रद्धा

## बाबा बालकनाथ मंदिर में नवविवाहित जोड़ों के साथ पहुंचे कई श्रद्धालु, सुख-समृद्धि की कामना की

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में ज्येष्ठ रविवार के अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। मंदिर न्यास प्रशासन के अनुसार रविवार को करीब 30 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा की पवित्र गुफा में पहुंचकर माथा टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए शनिवार रात भी मंदिर के कपाट खुले रखे गए, ताकि दूरदराज से आने वाले भक्तों को दर्शन करने में परेशानी न हो।

सुबह से ही मंदिर परिसर, दियोटसिद्ध बाजार और मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। तेज धूप के बावजूद भक्त घंटों लाइन में लगकर बाबा के दर्शन करते रहे। भीड़ अधिक होने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित भी हुआ, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को संभाले रखा।

मंदिर प्रशासन के अनुसार गेहूं की फसल कटने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी नई फसल का अर्पण बाबा के चरणों में करने पहुंचते हैं। वहीं विवाह सीजन के चलते नवविवाहित जोड़े भी बाबा का आशीर्वाद लेने धाम पहुंच रहे हैं, जिसके कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में विशेष बढ़ोतरी देखने को मिली।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बैरियर नंबर-2 से बैरियर नंबर-3 तक केवल परमिट वाले वाहनों को ही जाने की अनुमति दी गई थी। बिना अनुमति वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक रही। प्रशासन का कहना है कि अपर बाजार क्षेत्र में पार्किंग की सीमित सुविधा होने के कारण यह व्यवस्था लागू की गई, ताकि जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर न्यास की ओर से दिव्यांग, बुजुर्ग और अस्वस्थ श्रद्धालुओं के लिए विशेष टैक्सी सेवा उपलब्ध करवाई गई थी। इसके साथ ही पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर अधिकारी सुभाष मल्होत्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई थीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन करवाने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व मंदिर कर्मियों ने संयुक्त रूप से कार्य में जुट हुए हैं।




दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर में ज्येष्ठ रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी। अनंत ज्ञान

# एक साल से बदहाल गुंआं स्कूल का डंगा, जोखिम में नौनिहालों की जान

## विभागीय लापरवाही से स्कूल परिसर में बढ़ा जोखिम, राहगीर भी असुरक्षित, प्रशासन बेखबर

अनंत ज्ञान



गुंआं स्कूल में गिरा डंगा, खतरे में बच्चों की सुरक्षा। अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला/चंबा।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुंआं में बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। विद्यालय परिसर का मुख्य डंगा करीब एक वर्ष पहले गिर चुका है, लेकिन आज तक संबंधित विभाग की ओर से इसकी सुध नहीं ली गई। हालत यह है कि नौनिहाल रोजाना जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जबकि स्कूल के नीचे से गुजरने वाले राहगीरों पर भी हर समय खतरा मंडरा रहा है।

गौरतलब है कि विद्यालय परिसर के ठीक नीचे राड़ी–भटवाड़ा पंचायत को जोड़ने वाला पैदल जनसंपर्क मार्ग तथा साथ लगता सड़क मार्ग गुजरता है। ऐसे में डंगे के गिरने से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बावजूद इसके विभागीय उदासीनता ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा कर दिया है।

विद्यालय प्रभारी राजकुमार ने बताया कि इस गंभीर समस्या को करीब एक वर्ष पहले सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी उजागर किया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सुबह होने वाली प्रार्थना सभा, खेलकूद गतिविधियों और अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार, अभिभावकों तथा समस्त अध्यापकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग उठाई है कि प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय परिसर में नए डंगे का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए। साथ ही डंगे के ऊपर सुरक्षा दीवार लगाने की भी मांग की गई है, ताकि बच्चों, राहगीरों और विद्यालय परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। अब देखना यह होगा कि विभाग कब तक नींद से जागता है और मासूम बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# डलहौजी नगर परिषद: वार्ड नंबर 4 में टॉस से तय हुआ विजेता

## वार्ड नंबर 1 से रीना जरियाल, 2 से राम सिंह चौहान और 3 से तलविंदर बने विजेता

अनंत ज्ञान



डलहौजी नगर परिषद चुनाव के विजेता समर्थकों के साथ खुशी जाहिर करते हुए। अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस बार नगर परिषद के 9 वार्डों में लगभग 77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। रविवार को घोषित हुए चुनाव परिणामों में कई वार्डों में कांटे की टक्कर देखने को मिली, जबकि वार्ड नंबर 4 का फैसला टॉस के जरिए किया गया, जिसने पूरे चुनाव को बेहद रोचक बना दिया।

नगर परिषद डलहौज़ी के चुनाव परिणामों के अनुसार वार्ड नंबर 1 लोअर बकरोटा से रीना जर्याल विजयी रहीं। वार्ड नंबर 2 से राम सिंह चौहान ने जीत दर्ज की, जबकि वार्ड नंबर 3 से तलविंदर सिंह (पाम्मा) ने बाजी मारी। वार्ड नंबर 4 में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और बराबरी की स्थिति बनने के बाद प्रवीण कुमार को टॉस के माध्यम से विजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 5 से वंदना चड्ढा, वार्ड नंबर 6 से रजनी देवी, वार्ड नंबर 7 से वंदना, वार्ड नंबर 8 से कुमारी पल्लवी तथा वार्ड नंबर 9 से तिलक राज कपूर विजयी घोषित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही मनोज चड्ढा ग्रुप के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक–दूसरे को मिठाइयां बांटकर तथा नारेबाजी कर जीत का जश्न मनाया। पूरे शहर में चुनाव परिणामों को लेकर दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

## नगर पंचायत चुवाड़ी के चुनाव परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** नगर पंचायत चुवाड़ी के विभिन्न वार्डों के चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जारी विवरणी के अनुसार सभी वार्डों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान और मतगणना प्रक्रिया संपन्न हुई। कुड्डे वार्ड नंबर 01 से रही देवी ने 90 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। भलाई वार्ड नंबर 02 से सुरेंद्र सिंह ने 239 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी कमल किशोर को पराजित किया। सुदली वार्ड नंबर 04 से अनीता कुमारी ने 240 मत लेकर विजय प्राप्त की। मेडिकल कॉलोनी वार्ड नंबर 05 से राजेंद्र कुमार ने 81 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। कस्बा चुवाड़ी-1 वार्ड नंबर 06 से नितिका जम्वाल ने 199 मत लेकर जीत हासिल की, जबकि कस्बा चुवाड़ी-2 वार्ड नंबर 07 से ज्योति सांवल ने 122 मत प्राप्त कर सदस्य पद पर कब्जा जमाया। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों और समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# सर्वसम्मति से उपप्रधान बने पवन, बोले कोई भी गांव नहीं रहेगा सड़क से वंचित

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत चीलबंगला में पंचायत राजनीति के बीच विकास और जनविश्वास की एक मजबूत तस्वीर देखने को मिली है। पंचायत के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि पवन शर्मा को सर्वसम्मति से उप प्रधान चुना गया है। पंचायतवासियों ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनके निर्विरोध चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पवन शर्मा इससे पहले पंचायत प्रधान के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हालांकि इस बार प्रधान पद आरक्षित होने के चलते उन्होंने उप प्रधान पद संभाला, लेकिन जनता का भरोसा और विश्वास पहले की तरह उनके साथ मजबूती से खड़ा दिखाई दिया। पंचायत में उनके निर्विरोध चयन को लोगों ने विकास कार्यों और जनसेवा की जीत बताया है। नवनिर्वाचित उप प्रधान पवन शर्मा ने पंचायतवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे पंचायत क्षेत्र के विश्वास, प्यार और आशीर्वाद की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत के हर गांव और हर परिवार तक विकास पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत के लिए अपने चार बड़े संकल्प भी जनता के सामने रखे। इनमें हर वार्ड और हर परिवार तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करना, विकास कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखना, चीलबंगला पंचायत को आदर्श एवं विकासशील पंचायत बनाना तथा गांव–गांव तक सड़क सुविधा पहुंचाना शामिल है।

सड़क निर्माण को लेकर पवन शर्मा की पहचान पूरे क्षेत्र में अलग रही है। यही वजह है कि लोग उन्हें सड़क प्रधान और विकास पुरुष' के नाम से भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत का कोई भी गांव सड़क सुविधा से वंचित नहीं रहेगा और इसे उन्होंने अपनी भीष्म प्रतिज्ञा बताया।

## अशोक ठाकुर ने पेश किया विकास, पारदर्शिता और जनसेवा का बड़ा विजन

# अब बदलेगी प्रीणा पंचायत की तस्वीर और तकदीर

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** विकास खंड मैहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत प्रीणा में इस बार विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को लेकर नई उम्मीद दिखाई दे रही है। वन विभाग में लगभग 38 वर्षों तक सेवाएं दी तथा ग्रेड–वन सुपरिटेंडेंट रैंक से सेवानिवृत्त हुए अशोक ठाकुर ने पंचायत के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेते हुए अपना विस्तृत रोडमैप जनता के सामने रखा।

अशोक ठाकुर ने कहा कि अब समय आ गया है कि ग्राम पंचायत प्रीणा को केवल वादों नहीं बल्कि जमीनी विकास से पहचान मिले। उन्होंने पंचायत को प्रदेश की आदर्श पंचायत बनाने का लक्ष्य रखते हुए कहा कि हर गांव, हर घर और हर जरूरतमंद तक सुविधाएं पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने पंचायत के सभी कच्चे रास्तों को चरणबद्ध तरीके से पक्का करने का ऐलान किया, ताकि ग्रामीणों को वर्षों से झेलनी पड़ रही परेशानियों से राहत मिल सके। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए खतरा बने कई संकरे और असुरक्षित रास्तों पर सुरक्षा रेलिंग लगाकर उन्हें सुरक्षित बनाया जाएगा। अशोक ठाकुर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी विकास कार्य से कम नहीं है और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत प्रीणा लंबे समय से लाडा और प्रभावित पंचायतों को मिलने वाली कई सुविधाओं से वंचित रही है। यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो पंचायत को इन योजनाओं से जोड़कर उसका पूरा लाभ गांव तक पहुंचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अशोक ठाकुर ने साफ शब्दों में कहा कि पंचायत में भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ उनकी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा का एक–एक पैसा केवल पात्र और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचेगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता या बंदरबांट को सहन नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर भी उन्होंने बड़ी घोषणाएं कीं। पंचायत में एक हेल्थ सब–सेंटर खोलने का प्रयास किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को छोटी–छोटी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर–दराज क्षेत्रों का रुख न करना पड़े। साथ ही युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पंचायत में एक आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित करने का भी संकल्प लिया गया है। अशोक ठाकुर ने कहा कि गरीब परिवार, विधवाएं, बेरोजगार युवा, माताएं और महिलाएं उनकी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनका कार्यकाल केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पंचायत में बदलाव धरातल पर दिखाई देगा।

भावुक शब्दों में उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन के 38 वर्ष ईमानदारी से सरकारी सेवा में बिताए हैं। अब मेरी इच्छा है कि अपने अनुभव और जीवन का शेष समय अपनी पंचायत और अपने लोगों की सेवा में लगाऊं। ग्राम पंचायत प्रीणा का अब समय भी बदलेगा और किस्मत भी। ग्राम पंचायत प्रीणा में अशोक ठाकुर द्वारा प्रस्तुत यह विकास का विजन अब गांव–गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे पंचायत में नई सोच, नई उम्मीद और नए बदलाव की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

# चंबा–पठानकोट एनएच पर 204 ग्राम चिट्टे संग पंजाब के 4 युवक गिरफ्तार



चंबा–पठानकोट एनएच पर चिट्टे के साथ पकड़े युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स चंबा टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार 16 मई 2026 को चंबा–पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग–154 पर डुगा डांगा करोरी बंगला के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने पंजाब के चार युवकों को 204 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार एसटीएफ टीम ने पठानकोट की ओर से चंबा की तरफ आ रही एक कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 204 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरदास सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी गांव गुरकी बदाली डाकघर च्यारटा जिला अमृतसर उम्र 24 वर्ष, सोनू पुत्र धनी राम निवासी सुंदरनगर मुस्तफाबाद जिला अमृतसर उम्र 24 वर्ष, प्रदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी शुभाष नगर 88 फीट रोड बटाला रोड अमृतसर उम्र 22 वर्ष तथा गुरदीप सिंह पुत्र मुख्तार सिंह निवासी मुस्तफाबाद हवेलियां विजय नगर अमृतसर उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। मामले की जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### खत्रवाड़ी में आज मनाई जाएगी देव जातर

**अनंत ज्ञान, राजेंद्र कुमार, जयदेवी।** गांव खत्रवाड़ी में सोमवार को देव मूल माहूंनाग खग़राओ जयदेवी की पारंपरिक जातर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। स्थानीय निवासी रोशन लाल वैद्य ने बताया कि यह जातर सदियों से लगातार मनाई जा रही है। जातर में देव मूल माहूंनाग खग़राओ जयदेवी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। मेले में स्थानीय व्यापारियों के साथ बाहरी व्यापारी भी दुकानें सजाएंगे, जिससे मेले की रौनक बढ़ेगी। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गोपालपुर खंड में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के तहत बैलेट पेपर लेखन का कार्य रविवार को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य पदों के लिए बैलेट पेपर तैयार किए। कार्यक्रम में करीब 250 चुनाव ड्यूटी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी ने सभी कर्मियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ चुनाव संबंधी कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

### अर्जुन सिंह अध्यक्ष व वजीरु राम बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** द चंबा जिला सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड के नव निर्वाचित निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन आज संघ के कार्यालय (माई बाग) में किया गया। बैठक में निदेशक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की । बैठक के दौरान अर्जुन सिंह को सर्वसम्मति से दि चंबा जिला सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड का अध्यक्ष चुना गया। वहीं वजीरु राम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अंकेक्षण अधिकारी सहकारी सभाएं राजेश कुमार ने की ।इस दौरान सदस्य निदेशक मंडल के रूप में भरमौर-होली जोन से मुंशी राम, सलुणी जोन से प्यार चंद ,भटियात जोन से रवि सिंह, तीसा जोन से अशोक कुमार तथा पुखरी जोन से सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### मां बगलामुखी महायज्ञ में उमड़ी आस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के लोअर पड्डल स्थित प्राचीन सिद्ध भद्रा मंदिर में अखिल भारतीय संत परिषद द्वारा आयोजित मां बगलामुखी पांच दिवसीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 14 मई से शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन 18 मई तक चलेगा। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। यह आयोजन महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। अखिल भारतीय संत परिषद के हिमाचल प्रभारी महंत सत्यदेवानंद सरस्वती ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। सोमवार को महायज्ञ का विधिवत समापन होगा।

### पहली जून से होगी अग्निवीर प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत आयोजित होने वाली साझा प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। प्रवेश पत्र भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं, जिसके बाद अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है। जारी जानकारी के अनुसार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी, ट्रेडमैन (दसवीं पास), ट्रेडमैन (आठवीं पास) तथा महिला सैन्य पुलिस श्रेणियों के लिए परीक्षा आयोजित होगी। भर्ती निदेशक ने बताया कि साझा प्रवेश परीक्षा पहली जून 2026 से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड करने और परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आने पर अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर या दूरभाष नंबर 8894088311 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मानदेय के लिए सड़कों पर उतरेंगी मिड–डे मील वर्कर्स, 22 जून को होगा सचिवालय का घेराव

अनंत ज्ञान



ब्लॉक अध्यक्ष आशा देवी ने की बैठक की अध्यक्षता। अनंत ज्ञान

**गरोला।** मिड–डे मील वर्कर यूनियन (संबंधित सीटू) ब्लॉक गरोला की बैठक शनिवार को गरोला में आयोजित हुई, जिसमें सरकार पर लगातार मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए 22 जून को प्रदेशव्यापी हड़ताल और शिमला में सचिवालय घेराव का ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्षा आशा देवी ने की, जबकि सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सुदेश ठाकुर ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा और कई–कई महीनों तक वेतन के लिए इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्कर्स को तीन से चार महीने बाद मानदेय मिलता है, जिसके चलते उन्हें राशन की दुकानों में उधार लेकर परिवार चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों में मिड डे मील वर्कर्स से अतिरिक्त कार्य करवाया जा रहा है, जबकि उनके अधिकारों और सुविधाओं की लगातार अनदेखी हो रही है। आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की फीस, इलाज और घरेलू खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों को कुपोषण से बचाने वाले खुद अपने परिवार का पेट भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि हाई कोर्ट द्वारा 12 माह के वेतन को लेकर दिए गए निर्णय को लागू नहीं किया जा रहा, जबकि शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारियों को पूरे वर्ष का वेतन मिलता है। 25 बच्चों की शर्त के कारण कई वर्कर्स की नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है। यूनियन नेताओं ने कहा कि वर्कर्स को न सामाजिक सुरक्षा मिल रही है, न पेंशन और न ही सेवानिवृत्ति के बाद किसी प्रकार की आर्थिक सहायता। ब्लॉक सचिव रविंद्र ने कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण अब मिड डे मील वर्कर्स ने संघर्ष का रास्ता चुना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों को जल्द नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में कविता, स्वर्णा, बबली, जै देई, राधा, पुष्पा, सरोज, रेखा, तिमरो, लज्या, सुनीता और जिन्दो देवी सहित कई उपस्थित रहीं।

# रोहन बने ढाबा व फास्ट फूड यूनियन के प्रभारी

## भरमौर में चौरासी व्यापार मंडल की बैठक में यूनियन का किया गठन

अनंत ज्ञान



भरमौर में व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

**भरमौर।** चौरासी व्यापार मंडल भरमौर के तत्वावधान में ढाबा संचालकों स्वीट शाप, फास्ट फूड, टी स्टॉल व्यापारियों की एक विशेष बैठक का आयोजन रविवार को जे के स्वीट शाप कांप्लैक्स पुराना बस स्टैंड भरमौर में किया गया। बैठक में क्षेत्र के ढाबा संचालकों, स्वीट शॉप, फास्ट फूड, जूस कॉर्नर सहित अन्य संबंधित व्यापारियों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से रोहन शर्मा उर्फ अबु को ढाबा संचालकों स्वीट शाप फास्ट फूड टी स्टॉल यूनियन का प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान व्यापार मंडल से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखने, ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा व्यापारियों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करने पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि खाद्य पदार्थों के दाम सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में एक समान रखे जाएंगे, ताकि ग्राहकों को उचित एवं पारदर्शी दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही ढाबों, स्वीट शॉप, फास्ट फूड व अन्य प्रतिष्ठानों में साफ–सफाई तथा स्टाफ व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

व्यापारियों ने कहा कि आगामी मणिमहेश यात्रा से पूर्व समय से सभी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा तथा ग्राहकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में धूम्रपान व शराब जैसी गतिविधियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा तथा सभी व्यापारी अनुशासन एवं स्वच्छ व्यापारिक व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। बैठक में चौरासी व्यापार मंडल के वरिष्ठ सदस्य देशराज शर्मा, प्रधान महिंद्र पटियाल, कोषाध्यक्ष कालू शर्मा, सचिव अभिलाष पटियाल, मिडिया प्रभारी प्यार शर्मा व सुरजीत चेला, संजय पटियाल, बाबा ढाबा अमित ठाकुर, माथी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर परिषद सरकाघाट के चुनाव परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के सात वार्डों के लिए संपन्न हुए चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि सभी वार्डों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर–1 टटीह से मीरा को ड्रॉ ऑफ लॉट्स के माध्यम से विजयी घोषित किया गया। मीरा और उनकी प्रतिद्वंद्वी रजनी कुमारी, दोनों को 87–87 मत प्राप्त हुए थे। मतों की बराबरी होने के कारण निर्वाचन नियमों के तहत ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मीरा को विजयी घोषित किया गया। वार्ड नंबर–2 रामनगर से अश्वनी कुमार 122 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। वार्ड नंबर–3 जमसाई से पुष्पा देवी ने 139 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वार्ड नंबर–4 कलश से ललिता 260 मत प्राप्त कर विजयी रहीं। वार्ड नंबर–5 कुणालग से मीना कुमारी 166 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित की गईं। वार्ड नंबर–6 रोपा कॉलोनी से संतोष कुमार ने 175 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। वहीं, वार्ड नंबर–7 बेहड़–डबरोग से लाल सिंह 293 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे।

# नगर निगम मंडी में 68 .78 प्रतिशत मतदान दर्ज

## एमसी मंडी में कुल 29244 मतदाताओं में से 20113 मतदाताओं ने डाले वोट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में शहरी निकाय चुनावों के तहत नगर निगम मंडी के 14 वार्डों सहित नगर परिषद सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, नेरचौक, सरकाघाट तथा नगर पंचायत रिवालसर और करसोग में कुल 73.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही तथा कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। नगर निगम मंडी को छोड़कर अन्य सभी शहरी निकायों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जबकि मंडी नगर निगम के मतों की गणना 31 मई को होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि नगर निगम मंडी में 68.78 प्रतिशत, सुंदरनगर में 70.81 प्रतिशत, जोगिन्द्रनगर में 72.48 प्रतिशत, नेरचौक में 80.29 प्रतिशत, सरकाघाट में 71.59 प्रतिशत, रिवालसर में 77.03 प्रतिशत तथा करसोग में 74.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी में कुल 29244 मतदाताओं में से 20113 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 9917 पुरुष तथा 10186 महिला मतदाता शामिल रहे। पुरुष और महिला मतदाताओं की भागीदारी लगभग समान रही। उपायुक्त ने बताया कि वार्ड नंबर 1 खलियार में 68.70 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां कुल 1987 वोट पड़े। इनमें 993 पुरुष और 994 महिला मतदाता शामिल रहे।

वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी में 69.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जहां कुल 1258 मत पड़े। इनमें 616 पुरुष तथा 642 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 3 पड्डल में 72.48 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1262 वोट पड़े, जिनमें 623 पुरुष और 639 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 4 नेला में 68.38 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1523 मत पड़े, जिनमें 739 पुरुष तथा 784 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 5 मंगवाई में 65.91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 1396 मत पड़े, जिनमें 709 पुरुष और 687 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 6 सन्यारड में 72.41 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1441 मत पड़े, जिनमें 724 पुरुष तथा 717 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 7 तल्याहड़ में 70.23 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1484 वोट पड़े, जिनमें 710 पुरुष तथा 774 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 8 पैलेस कॉलोनी–1 में 64.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 856 मत पड़े, जिनमें 412 पुरुष और 444 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी–2 में 70.50 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1578 वोट पड़े, जिनमें 760 पुरुष तथा 818 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 10 सुहड़ा में 68.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 1433 मत पड़े, जिनमें 713 पुरुष तथा 720 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 11 समखेतर में 69.31 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1554 वोट पड़े, जिनमें 784 पुरुष तथा 770 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 12 भगवाहन में 65.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 1488 मत पड़े, जिनमें 727 पुरुष तथा 761 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा में 64.37 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 1359 वोट पड़े, जिनमें 674 पुरुष तथा 685 महिला मतदाता शामिल रहे। वार्ड नंबर 15दौहंदी में 71.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 1494 मत पड़े, जिनमें 743 पुरुष तथा 751 महिला मतदाता शामिल रहे।

# रिवालसर नपं में कांग्रेस ने 5 तो भाजपा ने एक सीट पर जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** नगर पंचायत रिवालसर के चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया। वार्ड नंबर 7 से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लाभ सिंह ठाकुर ने लगातार 6वीं वार विजय हासिल कर जीत का छक्का लगाया है। यहां पर उनके प्रतिद्वंदी भाजपा स्मृथित प्रत्याशी की जमानत तक जप्त हुई है। वहीं पूर्व अध्यक्षा सुनीता गुप्ता ने भी लगातार दूसरी बार बाजी मारी है। उन्होंने प्रदेश भाजपा सचिव प्रियंता शर्मा की बार्ड से जीत हासिल की है। यहां पर भाजपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रही है। पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत रिवालसर कश्मीर सिंह यादव को वार्ड–4 रास नही आई उन्हें यहां हार का सामना करना पड़ा है यहां से कांग्रेस से जुड़े भवनेश्वर दत की जीत हुई है। नगर पंचायत की वार्ड में 2 कांग्रेस की सन्तोष कुमारी ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी मोनिका ठाकुर को पटखनी दी है । वार्ड– 3 से भाजपा की हिमाचली देवी ने सत्या देवी को हराया है । वार्ड नं 6 से कांग्रेस समर्थित प्रीति गुप्ता ने मंजू देवी को हराकर कांग्रेस की झोली में सीट डाली है। वार्ड –1 से निर्दलीय प्रत्याशी रश्मि गुप्ता का पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

> **मातृभाषा,** मातृ संस्कृति और मातृभूमि ये तीनों सुखकारिणी देवियां स्थिर होकर हमारे हृदयासन पर विराजें।
>
> – ऋग्वेद

## संपादकीय

# आतंकवाद पर आर-पार

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह बयान कि पाकिस्तान तय करे कि उसे भूगोल में रहना है या इतिहास के पन्नों में, महज एक सैन्य टिप्पणी नहीं अपितु भारत की वर्तमान सुरक्षा नीति का स्पष्ट संकेत है। यह बयान ऐसे समय आया है जब देश ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहा है और आतंकवाद के खिलाफ अपनी कठोर नीति को दोहराया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद और उसे संरक्षण देने वाली शक्तियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को अपनी रणनीतिक नीति का हिस्सा बनाता रहा है। दुनिया के अनेक मंचों पर यह साबित हो चुका है कि उसकी धरती का उपयोग आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण, वित्तपोषण और संचालन के लिए होता रहा है। चाहे मुंबई हमला हो, पठानकोट, उड़ी या पुलवामा जैसी घटनाएं, हर बार आतंकवाद की जड़ें पाकिस्तान से जुड़ी दिखाई दीं। अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के बजाय अक्सर दोहरी नीति अपनाई। यही कारण है कि आज विश्व समुदाय भी उसे संदेह की नजर से देखता है।

भारत ने लंबे समय तक संयम और कूटनीतिक प्रयासों के जरिए समस्या का समाधान खोजने की कोशिश की, लेकिन बार-बार हुए आतंकी हमलों ने यह साबित कर दिया कि केवल बातचीत से आतंकवाद समाप्त नहीं होने वाला। इसी कारण भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़ा बदलाव किया और जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। अब भारत केवल निंदा तक सीमित नहीं रहता वरन आवश्यकता पड़ने पर कठोर जवाब देने की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता है। पहलगाम नरसंहार के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर इसी बदले हुए दृष्टिकोण का उदाहरण था। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों की ओर से निर्दोष लोगों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इसके प्रत्युत्तर में भारतीय सेना ने जिस प्रकार जवाबी कार्रवाई की, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि अब नया भारत हर हमले का जवाब उसी भाषा में देना जानता है।

भारतीय सेना ने न केवल अपनी रणनीतिक क्षमता दिखाई अपितु यह भी साबित किया कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय सेना की ताकत केवल हथियारों में नहीं बल्कि उसके मनोबल, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण में है। दुनिया की सबसे पेशेवर सेनाओं में शामिल भारतीय सेना हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। चाहे सीमाओं पर दुश्मन की साजिश हो या आतंकवाद की चुनौती, सेना ने हमेशा देशवासियों का विश्वास मजबूत किया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी का बयान इसी आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

भारत की नीति बिलकुल स्पष्ट है कि वह शांति चाहता है। भारत ने कभी किसी देश की भूमि पर कब्जे की मंशा नहीं रखी और न ही विस्तारवाद की राजनीति की है। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् की भावना में विश्वास करती है लेकिन शांति का अर्थ कमजोरी नहीं होता। यदि कोई देश लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देगा और भारत की संप्रभुता को चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उसी कठोरता से दिया जाएगा। यही कारण है कि आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाता है और उसे वैश्विक खतरा बताता है। पाकिस्तान के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपनी सोच बदले। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद यदि वह आतंकवाद को अपनी नीति का हिस्सा बनाए रखता है तो उसका भविष्य और अधिक संकटपूर्ण हो सकता है। आतंकवाद किसी भी देश के लिए स्थायी रणनीति नहीं हो सकता। यह अंततः उसी देश को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है जो उसे संरक्षण देता है। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अच्छे पड़ोसी संबंध केवल विश्वास और शांति से ही संभव हैं, आतंकवाद से नहीं।

भारत ने हमेशा पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की वकालत की है। व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय सहयोग दक्षिण एशिया की प्रगति के लिए आवश्यक हैं लेकिन जब सीमा पार से आतंकवाद को समर्थन मिलता है तो विश्वास की नींव कमजोर हो जाती है। इसलिए यदि पाकिस्तान वास्तव में भारत के साथ बेहतर संबंध चाहता है तो उसे अपनी धरती पर पल रहे आतंकी ढांचे को समाप्त करना होगा। आज का भारत पहले से कहीं अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर है। रक्षा क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, स्वदेशी हथियार निर्माण और सैन्य सुधारों ने देश की ताकत बढ़ाई है। दुनिया भी भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति को स्वीकार कर रही है। ऐसे में पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि पुरानी रणनीतियां अब काम नहीं करेंगी।

कुल मिलाकर, जनरल उपेंद्र द्विवेदी का बयान केवल चेतावनी नहीं बल्कि एक संदेश है कि भारत अब अपनी सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। भारत शांति का समर्थक है, लेकिन यदि उसकी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा पर हमला होगा तो वह निर्णायक कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। अब समय पाकिस्तान के लिए आत्ममंथन का है। उसे तय करना होगा कि वह आतंकवाद के सहारे अतीत की गलतियों में उलझा रहना चाहता है या शांति और विकास के साथ भविष्य की ओर बढ़ना चाहता है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के 11वें प्रधानमंत्री



एचडी देवगौड़ा
**जन्म :** 18 मई, 1933

**एचडी** देवगौड़ा को तकनीकी रूप से भारत का 11वां प्रधानमंत्री माना जाता है। इनका पूरा नाम हरदनहल्ली डोडेगौड़ा देवगौड़ा है। यह उस समय प्रधानमंत्री बने जब अटल बिहारी वाजपेयी जी को 13 दिन सरकार चलाने के बाद प्रधानमंत्री का पद छोड़ना पड़ा था, क्योंकि वह बहुमत साबित करने की स्थिति में नहीं थे। यह संयुक्त मोर्चा सरकार के नेता के रूप में प्रधानमंत्री चयनित हुए। इन्होंने 1 जून, 1996 को शपथ ग्रहण की थी, लेकिन यह भी ज़्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे। लगभग 10 माह तक प्रधानमंत्री रहने के बाद इन्हें भी अपने पद से त्यागपत्र देना पड़ा। देवगौड़ा का जन्म कर्नाटक के हरदन हल्ली ग्राम के हासन ताकुमा में 18 मई, 1933 को हुआ था। यह एक खाते-पीते कृषक परिवार से सम्बन्धित थे। एचडी देवगौड़ा ने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद मात्र 20 वर्ष की उम्र में ही सक्रिय राजनीति में हिस्सा लेना आरंभ कर दिया था। देवगौड़ा ने सर्वप्रथम 1953 में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। वह 1962 तक कांग्रेस के सदस्य रहे। देवगौड़ा एक मध्यमवर्गीय परिवार की पृष्ठभूमि से राजनीति में आए थे, इस कारण वह किसानों के कठोर परिश्रम का मूल्य समझते थे। ■



कविता

### चुनाव के बाद भाईचारा

**सुभाष चंद कासव**
**गांव जौवा डाकघर गैहरा तहसील व जिला चंबा**

**चुनाव आए, मतभेद हुए, तकरार, तंज सब तेज हुए,**
**पर रिश्तों की मधुर डोर का ना कभी भी हो बंटवारा**
**चुनाव के बाद भी,बना रहे भाईचारा।**
**वोट अलग हों, सोच अलग हो, पर दिल से दिल का योग अटल हो,**
**गांव, गली और चौपालों में प्रेम का रहे उजियारा**
**चुनाव के बाद भी, बना रहे भाईचारा।**
**जीत मिले या हार किसी को, सम्मान मिले हर एक जनों को,**
**कड़वे शब्दों की जगह सदा मिलन का ही नारा**
**चुनाव के बाद भी, बना रहे भाईचारा।**
**लोकतंत्र का यही धर्म है, आपस में सद्भाव कर्म है,**
**पंचायत से संसद तक बस एकता का रहे सितारा**
**चुनाव के बाद भी,बना रहे भाईचारा।**

# सफाई कर्मचारीः हमारे शहरों-नगरों के असली हीरो



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**कवि, सामाजिक विचारक एवं स्तंभकार**

किसी भी शहर की पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों या चमकती रोशनियों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता और व्यवस्था से होती है। जब कोई व्यक्ति किसी शहर में प्रवेश करता है, तो सबसे पहले उसकी नज़र वहां की साफ़-सफाई, वातावरण और नागरिक अनुशासन पर जाती है। स्वच्छ शहर केवल सुंदर नहीं दिखते, बल्कि वे बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और सभ्य समाज का प्रतीक भी होते हैं। लेकिन इस स्वच्छता के पीछे जिन लोगों का सबसे बड़ा योगदान होता है, वे अक्सर समाज की चर्चा और सम्मान से दूर रह जाते हैं। ये लोग हैं हमारे सफाई कर्मचारी — वे अनदेखे, अनसुने और उपेक्षित नायक, जिनके श्रम पर पूरे शहर की व्यवस्था टिकी होती है।

हाल ही में विभिन्न नगरों में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि यदि ये कर्मचारी अपना काम बंद कर दें, तो शहरों का जीवन कितनी जल्दी अस्त-व्यस्त हो सकता है। कुछ ही दिनों में सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए, नालियां जाम हो गईं, बदबू फैलने लगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया। लोगों को पहली बार महसूस हुआ कि जिन सफाई कर्मचारियों को वे सामान्य कर्मचारी समझते हैं, वास्तव में वही शहर की धड़कन हैं। विडंबना यह है कि हम आधुनिकता और विकास के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन नागरिक जिम्मेदारियों के मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हमारे शहरों में बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना, प्लास्टिक सड़क पर छोड़ देना और गंदगी फैलाना सामान्य बात समझते हैं। घर के भीतर सफाई रखने वाले लोग भी घर का कचरा बाहर सड़क पर डालकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त मान लेते हैं। यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति में शहर कुछ ही दिनों में कूड़े के ढेर में बदलने लगते हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी कमजोर सिविल सेंस का प्रमाण भी है। विकसित देशों में नागरिक स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हैं। वहां लोग सड़क पर कचरा फेंकना सामाजिक अपराध मानते हैं। लेकिन हमारे यहां स्वच्छता को अब भी केवल सफाई कर्मचारियों और नगर निगम की जिम्मेदारी समझा जाता है। जब तक समाज स्वयं स्वच्छता को अपनी संस्कृति और आदत का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक किसी भी सरकारी अभियान की सफलता अधूरी रहेगी।

सफाई कर्मचारियों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। वे सुबह-सुबह तब काम शुरू कर देते हैं जब अधिकांश लोग नींद में होते हैं। तेज गर्मी, कड़ाके की सर्दी, बरसात या




महामारी — हर परिस्थिति में वे सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई करते हैं। कई बार उन्हें बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बेहद अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैसों के कारण हर वर्ष कई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। इसके बावजूद समाज उन्हें वह सम्मान नहीं देता जिसके वे वास्तव में अधिकारी हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश घरों में बंद था, तब डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज को सुरक्षित रखने का कार्य किया। उस समय लोगों ने ताली और थाली बजाकर उनका सम्मान तो किया, लेकिन समय बीतने के साथ हम फिर उन्हें भूल गए। आज भी अनेक सफाई कर्मचारी अस्थायी नौकरी, कम वेतन और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं।

समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी सफाई कार्य को हीन दृष्टि से देखता है। यह मानसिकता केवल गलत ही नहीं, बल्कि अमानवीय भी है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। यदि सफाई कर्मचारी एक दिन काम बंद कर दें, तो पूरे शहर की व्यवस्था ठप पड़ सकती है। इसलिए उनका कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन की रक्षा का कार्य है। इस पूरी स्थिति का सबसे पीड़ादायक दृश्य तब दिखाई देता है जब सड़कों पर फैले कचरे में गायों को भोजन खोजते देखा जाता है। भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वही गायें प्लास्टिक, सड़ा भोजन और जहरीला कचरा खाने को मजबूर हैं। यह दृश्य हमारी सामाजिक संवेदनहीनता को उजागर करता है। श्रद्धा केवल शब्दों और नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार से सिद्ध होती है। यदि हम सचमुच गाय को पूजनीय मानते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कचरे में भोजन तलाशने के लिए मजबूर न हो। आज शहरों में बढ़ती प्लास्टिक समस्या ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। लोग बिना सोचे-समझे प्लास्टिक का उपयोग करते हैं और उसे खुले में फेंक देते हैं। यही प्लास्टिक नालियों को जाम करती है, पर्यावरण को प्रदूषित करती है और जानवरों के लिए जानलेवा बन जाती है। सफाई कर्मचारी प्रतिदिन इस गंदगी से जूझते हैं, लेकिन समस्या की जड़ नागरिकों की लापरवाही में छिपी हुई है।

सरकारें समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाती हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' ने लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया, लेकिन केवल अभियान चलाने से स्थायी परिवर्तन नहीं आता। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक स्वच्छता केवल सरकारी पोस्टरों और नारों तक सीमित रहेगी। हमें यह समझना होगा कि सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे। कचरा अलग-अलग श्रेणियों में बांटना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाना और दूसरों को भी जागरूक करना — ये छोटी-छोटी आदतें बड़े परिवर्तन ला सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिंदू समाज से गायब होता जा रहा कन्याओं का मान-सम्मान



**डॉ. पीसी कौंडल**
**वरिष्ठ साहित्यकार बल्ह, जिला मंडी**

एक समय था जब हमारे देश भारतवर्ष में कन्या के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती थीं। तब लड़की का जन्म घर में लक्ष्मी का शुभ आगमन समझा जाता था। लड़की को कन्या कुमारी के नाम से जाना जाता था और कन्या को समाज में बहुत ही आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। संपूर्ण समाज में कन्या की पूजा की जाती थी, लेकिन आज यह प्रथा काफी हद तक घट चुकी है। कहीं-कहीं पर कन्याओं के पूजन की प्रथा आज भी प्रचलित है।

कुछ लोगों में तो यह आस्था भी प्रचलित है कि कन्या का पूजन देवी कन्या कुमारी को खुश करने के लिए किया जाता है। अगर कन्याएं खुश हो गई तो यह समझा जाता है कि देवी कन्या कुमारी प्रसन्न हो गई। शुक्रवार को संतोषी मां का व्रत रखने वाले लोग भी कन्याओं का पूजन आज भी करते हैं। यह धारणा गलत नहीं है हमारे वेदों शास्त्रों में भी कन्या का पूजन बहुत शुभ माना गया है। आज न जाने क्यों हमारे हिंदू समाज से यह धारणा लुप्त होती जा रही है। अब तो यह देखने में आया है कि कन्या के जन्म पर घर में मातम सा माहौल बन जाता है। कन्या के पैदा होने पर माता पिता क्षुब्ध हो जाते हैं। कभी दोष भगवान को देते हैं तो कभी अपने कर्मों को कोसते हैं। ऐसा भी देखने में आया है कि कभी तो जन्म से पूर्व ही कन्या की भ्रूण हत्या कर दी जाती है। इतना जघन्य अपराध करते हुए माता पिता के दिल क्यों नहीं फट जाते? कुछ भी हो आज लड़की के जन्म को अशुभ समझा जाने लगा है। आखिर मानव के विचारों में यकायक यह बदलाव क्यों कर आ गया है? लड़का लड़की में फर्क क्यों समझा जाने लगा है। आज लड़के के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं, लड़की के जन्म पर क्यों नहीं?। कभी कभी तो माता पिता ऐसे घृणित अपराध कर बैठते हैं जिनके बारे मे कभी सोचा भी नहीं जा सकता। लड़की के पैदा होते ही उसे जान से मार देने



की कोशिशें की जाती हैं। यह सब देख कर लगता है कि आज समाज न जाने किस ओर जा रहा है?

जो पूजनीय स्थान कभी कन्या का हुआ करता था, वह आज लड़कों को दिया जा रहा है। लड़का हो या लड़की दोनों ही माता पिता की संताने होती हैं, फिर लड़की के जन्म पर माता पिता को ग्रहण क्यों लग जाता है? क्या लड़का जीवन के अन्तिम पड़ाव पर माता पिता में प्राण डाल सकता है? ऐसा कुछ भी नहीं है। बस समाज में यह धारणा सी बन गई है कि लड़की तो ससुराल चली जाएगी और लड़का माता पिता के पास ही रहेगा जो उनकी सेवा भी करेगा और जमीन जायदाद का वारिश भी बनेगा। आखिर यह वारिश नाम की कौन सी बीमारी समाज में फैल चुकी है जो लोगों के दिल और दिमाग को घुन की तरह खाती जा रही है? गहराई से विचार किया जाए तो यह जमीन जायदाद न लड़के की हो सकती है न लड़की की क्यों कि जमीन जायदाद को कोई भी साथ लेकर नहीं जाता। सब कुछ यहीं रह जाता है। इन्सान इस जमीन अर्थात मिट्टी से ही पैदा हुआ है और एक दिन मिट्टी में ही मिल जाएगा। हमेशा के लिए कोई भी इस पृथ्वी पर न रहा है और न रहेगा। जमीन का वारिश आज कोई और है,कल को कोई और होगा। यह प्रथा हमेशा से चलती आ रही है। जमीन जायदाद की वारिश तो लड़की भी हो सकती है, लड़के का ही वारिश बनना जरूरी तो नहीं है।

अगर वारिश बनने का ख्याल अगर दिल और दिमाग से निकाल दिया जाए तो लड़का और लड़की में कोई भेद नहीं रह जाएगा। इस विषय पर अगर कोई कारगर कदम शीघ्र नहीं उठाए गए या माता पिता इन दकियानूसी विचारों से निकल कर सच्चाई को नहीं समझ पाए तो भविष्य में इसके गम्भीर परिणाम निकल सकते हैं। सरकारी कागजों में जमीन का वारिश लड़का हो या लड़की कोई फर्क नहीं पड़ता। बस अपने दिल को समझाने की जरूरत है। इसलिए माता पिता को चाहिए कि लड़का पैदा हो या लड़की, दोनों को समान दृष्टि से देखें ताकि समाज से इस पनप रही खतरनाक मानसिकता से छुटकारा पाया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और संयमित दिनचर्या ही स्वस्थ जीवन की कुंजी



**केशव शर्मा 'रसिक'**
**स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं**

आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी ने अनेक बीमारियों को जन्म दिया है। ऐसे समय में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और संयमित दिनचर्या ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी कुंजी बनकर सामने आते हैं। संतुलित आहार वह भोजन है,जिसमें शरीर के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व ,जैसे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज और पर्याप्त पानी आदि,सही मात्रा में मौजूद हों। यह शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ाता है।

संतुलित आहार से शरीर को आवश्यक ऊर्जा मिलती है तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।मानसिक एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है।मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। शरीर की वृद्धि और विकास सही ढंग से होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में हरी सब्जियां और मौसमी फल,दालें, दूध और प्रोटीन युक्त पदार्थ,साबुत अनाज को शामिल करते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी कम तेल, कम चीनी और कम नमक वाला भोजन आजकल फास्ट फूड और जंक फूड का प्रचलन बढ़ गया है, जो स्वाद तो देते हैं लेकिन शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं।

इसलिए घर का पौष्टिक भोजन ही सर्वोत्तम माना जाता है। व्यायाम शरीर को सक्रिय और चुस्त बनाए रखता है। यह केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं, बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक है। नियमित व्यायाम से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है और मन भी प्रसन्न रहता है। व्यायाम शरीर मजबूत और लचीला बनता है तथा इससे वजन नियंत्रित रहता है।तनाव और चिंता कम होती हैं तथा हृदय स्वस्थ रहता है। नींद अच्छी आती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह की सैर व योग और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा



अलावा दौड़ना और साइकिल चलाना,हल्के स्ट्रेचिंग अभ्यास तथा खेलकूद गतिविधियां भी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। यदि भोजन अच्छा हो और व्यायाम भी किया जाए, लेकिन दिनचर्या असंतुलित हो, तो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संयमित दिनचर्या का अर्थ है समय पर सोना, समय पर उठना, नियमित भोजन करना और जीवन में अनुशासन बनाए रखना।सुबह जल्दी उठना,समय पर भोजन करना,पर्याप्त नींद लेना,मोबाइल और स्क्रीन का सीमित उपयोग, सकारात्मक सोच रखना भी जरूरी है। अनियमित दिनचर्या से तनाव, थकान, चिड़चिड़ापन और अनेक शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं। इसलिए जीवन में अनुशासन अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

सही फिटनेस केवल शरीर तक सीमित नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आज के समय में तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ध्यान, योग, संगीत, पुस्तक पढ़ना और परिवार के साथ समय बिताना मानसिक शांति प्रदान करते हैं। आज के युवा सोशल मीडिया और आधुनिक जीवनशैली के प्रभाव में अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा कर रहे हैं। देर रात तक जागना, जंक फूड खाना और शारीरिक गतिविधियों से दूरी स्वास्थ्य को कमजोर बना रही है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन में अनुशासन, पौष्टिक भोजन और नियमित व्यायाम को स्थान दें। अतः सच्ची फिटनेस महंगे जिम या दिखावे में नहीं, बल्कि स्वस्थ आदतों में छिपी होती है।

संतुलित आहार शरीर को पोषण देता है, नियमित व्यायाम उसे सक्रिय बनाता है और संयमित दिनचर्या जीवन को व्यवस्थित करती है। यदि हम इन तीनों बातों को अपने जीवन में अपनाएं, तो न केवल बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि एक स्वस्थ, सुखी और ऊर्जावान जीवन भी जी सकते हैं। अंततः यह कहना बिल्कुल उचित है कि 'संतुलित आहार, नियमित व्यायाम व संयमित दिनचर्या ही सही फिटनेस की वास्तविक पहचान है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पुरुषोत्तम मास : भगवान श्री कृष्ण की भक्ति का फलदायी पावन महीना



**शिवालिक अवस्थी**
**गांव शीला चौक, धर्मशाला(कांगड़ा)**

कहते हैं यदि भक्ति पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ की जाए तो भगवान का साक्षात्कार होना सरल हो जाता है। भगवान की भक्ति कोई भी कर सकता है। इसके लिए कोई भी नियम उल्लेखित नहीं किए गए हैं। भगवान की भक्ति अथवा सेवा करने से हमारे भीतर का मैल धीरे-धीरे साफ होता जाता है। हां, इसमें समय अवश्य लगता है किंतु मन की मलीनता निश्चय ही दूर हो जाती है। कई लोगों का तर्क होता है कि मन साफ होना चाहिए, वही सच्ची भक्ति है। उन लोगों से एक कथन अवश्य साझा करना चाहिए कि मन की अशुद्धता केवल सोचने मात्र से साफ नहीं होती। इसके लिए शास्त्रों में विभिन्न प्रकार की विधियां बताई गई हैं।

नवधा भक्ति भी उनमें से एक है। नवधा भक्ति में भक्ति की नौ विधियां अथवा अंग बताए गए हैं, जिन्हें अपनाकर हम अपने मन को शुद्ध कर सकते हैं एवं भक्ति में आगे भी बढ़ सकते हैं। भक्ति के नौ अंगों में सर्वप्रथम आता है; श्रवण अर्थात भगवान की महिमा का श्रवण करना। कीर्तन मतलब भगवान के नामों का मधुर संकीर्तन। स्मरण अर्थात हर समय भगवान को याद करना। पादसेवन अर्थात भगवान के श्री चरणों की सेवा करना। अर्चन मतलब भगवान की पूजा करना। वंदन अर्थात भगवान की वंदना या स्तुति करना। दास्य मतलब खुद को भगवान या उनके भक्तों का दास समझना। सख्य मतलब भगवान को अपना सच्चा मित्र मानना और आत्मनिवेदन मतलब भगवान को अपना सब कुछ निवेदन अर्थात समर्पित करना। वैसे तो नियमानुसार हर रोज हमें अपनी दिनचर्या में भगवान की भक्ति के लिए समय अवश्य निकालना चहिए किंतु कई विशेष दिवस अथवा मास ऐसे भी होते हैं जब भगवान की भक्ति करने पर साधक को कई करोड़ गुना फल की प्राप्ति होती है।

ऐसा ही एक मास है मल मास अथवा अधिक मास जो इस वर्ष 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक रहेगा। अब आप सोच रहे होंगे कि मल मास, जिसके नाम में ही मल शब्द



का उल्लेख किया जा रहा है, वह कैसा मास होगा। मल मास को अधिक मास भी कहा जाता है। आइए जानते हैं इस मल मास अथवा अधिक मास के बारे में।

यह तो आप सभी को पता होगा कि हमारा पंचांग अथवा वैदिक कैलेंडर सूर्य और चंद्रमा की गति अनुसार चलता है। सूर्य कैलेंडर में एक वर्ष 365 दिनों का होता है जबकि चंद्रमा कैलेंडर में एक वर्ष 354 दिनों का बताया जाता है। क्योंकि चंद्रमा कैलेंडर तिथियों के हिसाब से चलता है जैसे एकादशी, द्वादशी आदि, यही कारण है जो इस हिसाब से दोनों कैलेंडर में हर वर्ष 11 दिनों का अंतर निकल कर सामने आता है। यही 11 दिन तीन वर्ष बीतने के उपरांत पूरा एक मास यानी एक महीना बन जाता है। इसी अंतर को पूरा करने हेतु हर तीन वर्षों में एक बार यह अधिक मास निकल कर सामने आता है। इस महीने में कर्मकांड के कार्य निषेध किए जाते हैं। चूंकि हर मास की एक अधिष्ठात्री देवी होती हैं तो इस मल मास की अधिष्ठात्री देवी को जब यह पता चला कि मेरे इस मास में कोई भी मांगलिक अथवा कर्मकांडी कार्य नहीं किए जाएंगे तो वह अत्यंत दुःखी हुई और रोते हुए भगवान श्री कृष्ण जी के पास जा पहुंची। भगवान श्री कृष्ण को देवी ने इस बात से अवगत करवाया कि मेरे इस मास का नाम एक तो मल मास रखा गया है, मल यानी गंदगी और दूसरा मेरे इस मास में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे जो बात मुझे अत्यंत पीड़ा पहुंचा रही है। तब भगवान श्री कृष्ण ने देवी से कहा कि आज से मल मास का नाम मेरे नाम से जाना जाएगा और इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाएगा, जो मुझे कार्तिक मास जैसा ही प्रिय होगा। इस मास में जो मेरी भक्ति करेगा उसे कई करोड़ गुना फल प्रदान किया जाएगा। आप सभी इस पुरुषोत्तम मास का लाभ उठाइए और भगवान श्री कृष्ण जाप करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098


## मतदान की झलकियां


100 वर्षीय खिमी देवी ने गांव नेर वार्ड 2, पोलिंग बूथ ढांगू-2 में मतदान किया। अनंत ज्ञान


नगर परिषद सरकाघाट के वॉर्ड नंबर 3, जमसाई से 71 वर्षीय तारा देवी ने मतदान किया।


प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। अनंत ज्ञान








जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन मंडी नगर निगम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी, गर्ल्स स्कूल, जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सहित विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान


कुब्जा देवी ने अपने वोट का प्रयोग कर लोकतंत्र के प्रति जागरूकता दिखाई।


बिंद्रा देवी (76 वर्ष) वार्ड नंबर 6 करसोग बाजार में मतदान करते हुए।


विधायक अनिल शर्मा ने परिवार सहित राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाड़ी में मतदान किया। अनंत ज्ञान

# जोगिंद्रनगर नप का चुनाव परिणाम घोषित, सात वार्डों में चुने नए पार्षद

## वार्ड नंबर एक से प्यार चंद ने 216 मत लेकर दर्ज की जीत, प्रतिद्वंद्वी ममता को मिले 159 मत

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के सात वार्डों के लिए संपन्न हुए चुनावों के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। मतगणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने विजयी प्रत्याशियों के नामों की औपचारिक घोषणा की। चुनाव परिणाम सामने आते ही विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कई स्थानों पर समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

वार्ड नंबर एक लक्ष्मी बाजार से हुए मुकाबले में प्यार चंद ने 216 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी ममता कुमारी को 159 मत मिले। इस वार्ड में एक मतदाता ने नोटा का विकल्प चुना।वार्ड नंबर दो गरोड़ू में संतोष कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 298 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। सीमा देवी को 230 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रेरणा ज्योति को 14 मत मिले। इस वार्ड में नोटा के पक्ष में 7 मत पड़े। वार्ड नंबर तीन कॉलेज क्षेत्र से अनीता देवी ने 261 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला को 44 मतों से संतोष करना पड़ा। यहां नोटा को 8 मत प्राप्त हुए। वार्ड नंबर चार समलोट क्षेत्र में शिखा ने 255 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। अजय कुमार को 130 मत मिले। इस वार्ड में नोटा के पक्ष में 1 मत डाला गया। वार्ड नंबर पांच अप्पर सेरी में चंदर रेखा ने 235 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि शिवाली ठाकुर को 134 मत मिले। यहां नोटा को 6 मत प्राप्त हुए।


विजेता को प्रमाण पत्र देते हुए एसडीएम। अनंत ज्ञान

वार्ड नंबर छह लोअर सेरी में सीधे मुकाबले में गुरुध्यान ने एकतरफा बढ़त बनाते हुए 321 मत हासिल किए। उनके प्रतिद्वंद्वी राजीव कुमार को 79 मत प्राप्त हुए। इस वार्ड में नोटा के पक्ष में 4 मत पड़े।

वहीं वार्ड नंबर सात शानन में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिला। रीतू ने 211 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। रीना को 139, निर्मला देवी को 93 तथा शीला देवी को 83 मत प्राप्त हुए। खास बात यह रही कि इस वार्ड में किसी भी मतदाता ने नोटा का बटन नहीं दबाया। नगर परिषद चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पूरे जोगिन्दर नगर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विजयी प्रत्याशी अब क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं।

## नगर पंचायत करसोग: वार्ड-2 से उत्तम चंद और वार्ड-3 से बंशी लाल निर्वाचित


विजेता को प्रमाण पत्र देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**करसोग।** करसोग नगर पंचायत के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए है रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि नगर पंचायत करसोग में 5 वार्डों में मतदान करवाया गया, इनमें वार्ड नंबर-2 अपर न्यारा से उत्तम चंद को निर्वाचित घोषित किया गया है। इन्हें 62 वोट मिले हैं।

उन्होंने बताया कि वार्ड-3 न्यारा से बंशी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया है। इन्होंने 165 मत हासिल किए है। वार्ड-4 करसोग सदर से नरेन्द्र कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया है। इन्होंने 87 वोट प्राप्त किए है। वार्ड -5 पुराना बाजार से पूनम गुप्ता को निर्वाचित घोषित किया गया है। इन्होंने 76 वोट हासिल किए है। जबकि वार्ड -6 करसोग बाजार से किशोर कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया है। इन्होंने 129 वोट हासिल किए है।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड -1 जगातखाना खाना से वार्ड सदस्य का चयन निर्विरोध पहले ही किया जा चुका है जबकि वार्ड -7 बरल से किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांकन नहीं भरने के कारण मतदान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## नप जोगिंद्रनगर में 72.48 प्रतिशत मतदान

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के सात वार्डों के लिए हुए चुनाव में कुल 72.48 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। सबसे अधिक मतदान 81.78 प्रतिशत वार्ड नंबर पांच चार समलोट जबकि सबसे कम मतदान वार्ड नंबर छः लोअर सेरी में 61.96 प्रतिशत दर्ज हुआ है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्धारित शैडयूल के तहत आज प्रातः सात बजे से सांय तीन बजे तक मतदान करवाया गया। जिसमें 72.48 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है।

## सरकाघाट नप में 72.02 प्रतिशत मतदान दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट चुनाव में शनिवार को मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। सभी सात वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन विभाग के अनुसार कुल 3771 मतदाताओं में से 2716 ने मतदान किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 72.02 दर्ज किया गया।वार्ड नंबर-3 जमसाई में सबसे अधिक 82.11 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड नंबर-6 रोपा कॉलोनी में सबसे कम 56.30 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

## करसोग नपं में 74.83 प्रतिशत हुआ मतदान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग नगर पंचायत चुनाव में 74.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें महिला मतदाताओं की प्रतिशतता 76.54 जबकि पुरुष मतदाताओं की प्रतिशतता 73.20 प्रतिशत दर्ज की गई है । रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि नगर पंचायत करसोग में कुल 1359 मतों में से कुल 1017 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 509 रही जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 508 दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत करसोग के कुल 7 वार्डों में से 5 वार्डों में मतदान करवाया गया है।

## मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचीं 90 वर्षीय बुजुर्ग वोट देने से रहीं वंचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी चुनाव के दौरान पैलेस वार्ड-2 की 90 वर्षीय जय शर्मा मतदान नहीं कर सकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते वह पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गईं। जय शर्मा ने बताया कि वह उम्र अधिक होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनके घर के पास सीढ़ियां होने की वजह से वाहन या ऑटो भी घर तक नहीं पहुंच सकता। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की जाती तो वह मतदान केंद्र तक पहुंच सकती थीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान न कर पाने का उन्हें दुख है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में वरिष्ठ नागरिकों और असहाय मतदाताओं के लिए बेहतर परिवहन और सहायता व्यवस्था की जाए।



# मतदान केंद्र में महिला शौचालय पर लटका ताला

## नगर परिषद सरकाघाट चुनाव में बड़ी लापरवाही, जांच और कार्रवाई की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** महिला सशक्तिकरण, मातृशक्ति सम्मान और महिला आरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावों के बीच नगर परिषद चुनाव के दौरान एक गंभीर लापरवाही सामने आई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों में महिलाओं के लिए उपलब्ध एकमात्र शौचालय पूरे दिन बंद रहा और उस पर ताला लटका मिला, जिससे मतदान करने पहुंचीं सैकड़ों महिलाओं को भारी असुविधा, परेशानी और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

हैरानी की बात यह रही कि जहां पुरुषों के लिए शौचालय खुला रखा गया था, वहीं महिलाओं के लिए उपलब्ध एकमात्र सुविधा बंद रही। चुनावी व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों पर इससे गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और महिला मतदाताओं ने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता और बड़ी लापरवाही बताते हुए कड़ा रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि चुनाव की तारीख पहले से तय थी, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित की जानी थीं, ऐसे में महिला शौचालय पूरे दिन बंद कैसे रहा? इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग उठाई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर सरकार और प्रशासन महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सम्मान और सुविधाओं की बात करता है, वहीं मतदान जैसे लोकतांत्रिक पर्व में महिलाओं को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना गंभीर चिंता का विषय है।


शौचालय पर जड़ा गया ताला। अनंत ज्ञान

इस संबंध में चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि महिला शौचालय बंद रहने की शिकायत गंभीर है और इस लापरवाही भरे मामले की जांच करवाई जाएगी। यदि किसी स्तर पर चूक पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मनमाने ढंग से काम कर रही एनएच निर्माण कंपनी, दो साल बाद भी नहीं बने रेन शेल्टर

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य से जुड़े क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। आरोप है कि एनएच निर्माण कंपनी अपनी मनमर्जी से काम कर रही है और जनता की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।

हालत यह हैं कि जहां पहले यात्रियों के लिए वर्षा आश्रय और बस ठहराव बने हुए थे, उन्हें निर्माण कार्य के दौरान उखाड़ दिया गया, लेकिन करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी नए वर्षा आश्रय नहीं बनाए गए। अवाहदेवी और चोलथरा के बीच बने बाईपास क्षेत्र में पहले यात्रियों के लिए बस ठहराव की सुविधा थी, लेकिन अब स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों को यह तक पता नहीं कि बस कहां रुकेगी और यात्रियों के लिए वर्षा आश्रय कहां बनाया जाएगा।

क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि संबंधित स्थान पर अब पेट्रोल पंप भी खुल चुका है, बावजूद इसके निर्माण कंपनी ने वहां यात्रियों के लिए वर्षा आश्रय नहीं बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ने कई स्थानों पर अपनी सुविधा अनुसार वर्षा आश्रय बना दिए, जबकि जिन जगहों पर पहले से रेन शेल्टर मौजूद थे, वहां अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे दिव्यांगों के लिए रैंप और यात्रियों के बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं की गई है।


धूप में बस का इंतजार करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

रमेश चंद भारद्वाज ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर से मामले में हस्तक्षेप कर जनता को राहत दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे।

◆ **लोगों ने हाईकोर्ट और जनप्रतिनिधियों से लगाई न्याय की गुहार**

क्षेत्र के बिहारी लाल, बक्शी राम गुलेरिया, अलंकृत भारद्वाज, अजय भारद्वाज, सोमा देवी, विमला देवी, देशराज तथा हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास कौशल ने भी मांगों को जायज बताते हुए शीघ्र पक्के डंगे, रैंप और वर्षा आश्रय बनाने की मांग उठाई है।

## भौर और कनैड पंचायत में चुनावी सरगर्मियां तेज

**अनंत ज्ञान, भौर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भौर व कनैड में पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भौर में कुल 2032 मतदाता हैं, जिनमें 1015 महिला तथा 1017 पुरुष मतदाता शामिल हैं। पंचायत में प्रधान और उपप्रधान पद के लिए 5-5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं वार्ड सदस्य पद के लिए कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से एक उम्मीदवार ने नाम वापस ले लिया। इसके अलावा तीन वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। अब पंचायत के नौ वार्डों में चुनावी मुकाबला होगा। उधर, ग्राम पंचायत कनैड में कुल 2420 मतदाता हैं, जिनमें 1222 महिला तथा 1198 पुरुष मतदाता शामिल हैं। यहां प्रधान पद के लिए चार तथा उपप्रधान पद के लिए भी चार उम्मीदवार मैदान में हैं। कनैड पंचायत में वार्ड सदस्य पद के लिए 14 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था, जिनमें से पांच उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। अब यहां भी नौ वार्डों में सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

# डीसी देवगन ने आम मतदाता की तरह लाइन में लगकर डाला वोट


मतदान के लिए जाते डीसी और उनकी पत्नी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने नगर निगम मंडी चुनावों में आम मतदाता की तरह लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उन्होंने मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी को अपना पहचान पत्र दिखाकर पहचान स्थापित की और इसके बाद मतदान किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्वेता देवगन ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपायुक्त अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे थे। बतौर जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया तथा मतदान अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया और मतदान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

# पंजाब के परविंदर पट्टी विजेता दिल्ली के आशीष बने उपविजेता


विजेता और उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** देव वाला कामेश्वर मंदिर छातर के प्रांगण में रविवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया।

दंगल में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के पहलवानों ने दमखम दिखाया। मुकाबले दोपहर से लेकर रात आठ बजे तक चले। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष चमन अत्री ने बताया कि कमेटी सदस्यों के सहयोग से आयोजन सफल रहा। मुख्य अतिथि ब्रह्मदास चौहान और किरण कुमारी ने कहा कि युवाओं को मोबाइल से दूर कर खेलों की ओर जोड़ना जरूरी है। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेम लाल गुड्डू और उपप्रधान रमेश चौधरी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी बृज लाल कान्या ने सभी मेहमानों और दर्शकों का आभार जताया। दंगल में पंजाब के परविंदर पट्टी विजेता रहे, जबकि दिल्ली के आशीष कुमार उपविजेता बने।

◆ **देव वाला कामेश्वर मंदिर छातर में विशाल दंगल का आयोजन किया**

**नुकसान** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर बलोह टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की लापरवाही

# कार पर अचानक गिरा भारी भरकम बैरियर

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए एक जरूरी हिदायत है। टोल पर रूकने के बाद भी आप अपनी गाड़ी और जान दोनों संभाल कर रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि हमेशा विवादों में रहने वाले बलोह टोल टैक्स बैरियर पर अब नियमानुसार गाड़ी चलाना भी जेब और गाड़ी दोनों पर भारी पड़ने लगा है। मामला शुक्रवार देर रात का बताया जा रहा है, जहां टोल कर्मियों की हाई-टेक लापरवाही का शिकार सुंदरनगर के हरीपुर निवासी एक क्रेटा कार मालिक को होना पड़ा।



जानकारी के अनुसार सुंदरनगर के हरीपुर निवासी क्रेटा कार नंबर एचपी-31डी-6050 के मालिक का बेटा ध्रुव शर्मा बीते शुक्रवार रात करीब 9 बजकर 22 मिनट पर चंडीगढ़ से सुंदरनगर वापस लौट रहा था। बलोह टोल प्लाजा पर पहुंचकर चालक ने पूरी समझदारी दिखाते हुए नियमानुसार गाड़ी को बैरियर पर रोका। टोल की प्रक्रिया पूरी हुई, बैरियर उठा और चालक ने जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ाई वैसे ही 'स्मार्ट' टोल सिस्टम या कहें कि मौके पर मौजूद कर्मचारियों की लापरवाही ने अपना रंग दिखा दिया। अचानक बिना किसी चेतावनी के भारी-भरकम बैरियर सीधे चलती क्रेटा कार पर पूरी गति के साथ आ गिरा। इस कारण कार के फ्रंट शीशे को नुकसान हो गया और गाड़ी की बॉडी पर भी डेंट आए हैं।

वहीं पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज भी अब सामने आई है और वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस प्रकार से टोल बैरियर बंद होने पर कार चालक द्वारा नियमानुसार अपनी गाड़ी को खड़ा किया हुआ है।

इसके कुछ सेकेंड के बाद ही टोल बैरियर खुलते ही जैसे ही चालक ने कार को आगे की ओर चलाया जाता है तो अचानक से टोल बैरियर पर लगा बैरियर पूरी जोर से कार के साथ टकराने से नुकसान पहुंचाता है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर हादसे के बाद जब पीड़ित चालक ने गाड़ी रोककर कर्मचारियों को उनकी इस नायाब कारगुजारी का आईना दिखाया तो अपनी गलती मानने के बजाय टोल कर्मी उल्टे बदतमीजी और दबंगई पर आमादा हो गए। इससे इन टोल टैक्स प्लाजा पर मोटी रकम वसूलने वाले इन काउंटरों पर चालकों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही नजर आ रही है। प्रभावित कार चालक ने इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ा संज्ञान लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रबंधन और मौके पर तैनात लापरवाह कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि हमेशा विवादों के घेरे में रहने वाले इस बलोह टोल प्लाजा पर एनएचएआई कोई लगाम कसता है या वाहन चालक इसी तरह 'टोल' पर अपनी गाड़ियों का नुकसान उठाने को मजबूर होते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर शिकायत दर्ज

**इस** पूरे घटनाक्रम को लेकर गाड़ी चालक ने अपने नुकसान के लिए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सेवा संकल्प नंबर 1100 पर शिकायत भी दर्ज करवा दी है। वहीं आगामी कार्रवाई को अमल में लाते हुए शिकायत को उपायुक्त बिलासपुर को भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता ने टोल कर्मियों की इस प्रकार की लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेने की प्रशासन मांग की है।

# मतदाताओं ने बदले कई राजनीतिक समीकरण

## कहीं बड़ी जीत, तो कहीं कुछ वोटों ने तय की तस्वीर, 76.64 फीसदी रिकॉर्ड हुआ मतदान

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट चुनाव परिणामों ने इस बार कई वार्डों में नए राजनीतिक संकेत दिए हैं।

रिकॉर्ड 76.64 फीसदी मतदान के बाद आए नतीजों में जहां कुछ प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। वहीं, कई वार्डों में बेहद कम अंतर ने चुनाव को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। खास बात यह रही कि महिला मतदाताओं की सक्रियता ने कई सीटों का गणित पूरी तरह बदल दिया। नगर पंचायत गगरेट में कुल 2680 मतदाताओं में से 2054 मतदाताओं ने मतदान किया था। मतदान के दौरान जिस तरह महिलाओं व युवाओं में उत्साह देखने को मिला था उसका असर परिणामों में भी साफ नजर आया। कई वार्डों में महिला वोट निर्णायक साबित हुए जबकि कुछ जगह स्थानीय मुद्दों और व्यक्तिगत संपर्क ने प्रत्याशियों को जीत दिलाई। वार्ड नंबर-1 में विकास कालिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। विकास कालिया को 209 मत मिले, जबकि तरसेम 82 मतों तक ही सीमित रहे। विकास कालिया ने 127 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर वार्ड में अपनी मजबूत पैठ का संकेत दिया। नोटा को 2 वोट पड़े। वार्ड नंबर 2 में विकास शर्मा ने नरेंद्र राणा को 52 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। विकास शर्मा को 146 जबकि नरेंद्र राणा को 94 मत मिले। इस वार्ड में युवा मतदाताओं और महिलाओं का समर्थन विकास शर्मा के पक्ष में जाता दिखाई दिया। वार्ड नंबर 3 सबसे चर्चित और रोमांचक मुकाबले के रूप में सामने आया। यहां सरोज कुमारी ने 122 मत प्राप्त कर केवल 8 वोटों के बेहद कम अंतर से जीत दर्ज की। तृप्ता को 114 मत मिले जबकि नैंसी ठाकुर को 94 व रंजना को 15 वोट मिले।

मतगणना के दौरान यह सीट लगातार चर्चा का केंद्र बनी रही। वार्ड नंबर 4 में बबीता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 183 मत हासिल किए व भावना को 43 वोटों से पराजित किया। भावना को 140 जबकि राजकुमारी को 94 मत मिले। नोटा को 5 वोट पड़े। इस वार्ड में महिला मतदाताओं की भूमिका सबसे ज्यादा प्रभावशाली मानी जा रही है। वार्ड नंबर-5 में मंगत राम ने 127 मत प्राप्त कर स्पष्ट जीत दर्ज की। बलराम को 66 और राजिंद्र को 49 मत मिले। मंगत राम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बलराम को 61 वोटों के अंतर से हराकर वार्ड में मजबूत समर्थन का प्रदर्शन किया। वार्ड नंबर 6 में जनक और उमेश के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। जनक ने 162 मत लेकर 20 वोटों से जीत दर्ज की जबकि उमेश को 142 मत मिले। मतगणना के दौरान इस सीट पर समर्थकों की नजरें लगातार टिकी रहीं। वार्ड नंबर 7 में मंजू ठाकुर ने बेहद करीबी मुकाबले में अनीता को 11 मतों से हराया। मंजू ठाकुर को 103, जबकि अनीता को 92 मत मिले। नोटा को 2 वोट पड़े। इस वार्ड का परिणाम अंतिम दौर तक सस्पेंस बनाए रहा। नगर पंचायत गगरेट चुनाव परिणामों ने यह साफ कर दिया कि इस बार मतदाताओं ने पारंपरिक समीकरणों से ऊपर उठकर स्थानीय मुद्दों, जनसंपर्क और सक्रियता को प्राथमिकता दी। चुनाव परिणामों के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है जबकि हारने वाले प्रत्याशी अब हार के कारणों पर मंथन में जुट गए हैं। पूरे क्षेत्र की नजरें अब नए पार्षदों के कामकाज और विकास की उम्मीदों पर टिक गई हैं।



विजेता उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ — अनंत ज्ञान

### नगर पंचायत चुनावों ने कांग्रेस को दिया बड़ा सियासी झटका, दोनों पूर्व मनोनीत पार्षद नहीं बचा पाए सीट

**गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट चुनाव परिणाम इस बार स्थानीय राजनीति में कई बड़े संदेश छोड़ गए हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार व गगरेट से कांग्रेस विधायक राकेश कालिया का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद कांग्रेस समर्थित दोनों पूर्व मनोनीत पार्षद चुनावी मैदान में हार गए। चुनाव नतीजों के बाद यह हार पूरे क्षेत्र में चर्चा और राजनीतिक विश्लेषण का प्रमुख विषय बनी हुई है। सबसे ज्यादा चर्चा वार्ड नंबर-2 और वार्ड नंबर-5 के परिणामों को लेकर रही, जहां कांग्रेस समर्थित चेहरे जनता का भरोसा जीतने में सफल नहीं हो सके। वार्ड नंबर-2 में पूर्व मनोनीत पार्षद नरेंद्र राणा को विकास शर्मा ने 52 मतों के अंतर से पराजित किया। विकास शर्मा को 146 मत मिले, जबकि नरेंद्र राणा 94 वोट ही हासिल कर सके। मतदान के रुझानों से ही इस वार्ड में मुकाबला विकास शर्मा के पक्ष में जाता दिखाई देने लगा था। वहीं, वार्ड नंबर 5 में पूर्व मनोनीत पार्षद बलराम बल्लू को भी करारी हार का सामना करना पड़ा। बलराम बल्लू को केवल 66 मत मिले, जबकि मंगत राम ने 127 वोट लेकर 61 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। इस वार्ड में राजिंद्र को 49 मत प्राप्त हुए। परिणाम आने के बाद समर्थकों के बीच लंबे समय तक राजनीतिक चर्चाओं का दौर चलता रहा। नगर पंचायत चुनाव परिणामों ने यह साफ संकेत दिए हैं कि इस बार मतदाताओं ने पार्टी से ज्यादा स्थानीय सक्रियता, व्यक्तिगत संपर्क व जमीनी पकड़ को प्राथमिकता दी। कई वार्डों में पारंपरिक राजनीतिक समीकरण टूटते नजर आए और मतदाताओं ने नए चेहरों पर भरोसा जताया।

# अंब नगर पंचायत चुनाव परिणाम: कई वार्डों में कांटे की टक्कर, पर्ची से तय हुई जीत, कहीं बड़ी जीत का जलवा

अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अंब।** अंब नगर पंचायत चुनाव के नतीजे घोषित होते ही पूरे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई।

9 वार्डों के आए परिणामों में कहीं कांटे की टक्कर देखने को मिली, तो कहीं प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ का एहसास कराया। सबसे ज्यादा रोमांच वार्ड नंबर-1 व वार्ड नंबर-2 में देखने को मिला, जहां एक ओर 4 वोटों से हार-जीत हुई तो दूसरी ओर बराबरी के बाद पर्ची से विजेता का फैसला करना पड़ा। वार्ड नंबर-1 में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। यहां शोभा ने 175 वोट हासिल कर अपनी प्रतिद्वंद्वी शकुंतला को मात्र 4 वोटों के बेहद कम अंतर से पराजित किया। शकुंतला को 171 वोट प्राप्त हुए। इस करीबी मुकाबले की चर्चा पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में होती रही। वार्ड नंबर-2 में चुनाव परिणाम ने सभी को हैरान कर दिया, जब सर्वजीत और अनुसुइया रानी दोनों को बराबर 268-268 वोट मिले। बराबरी की स्थिति बनने के बाद चुनाव नियमों के तहत पर्ची डालकर फैसला किया गया, जिसमें अनुसुइया रानी के नाम की पर्ची निकलने पर उन्हें विजयी घोषित किया गया। यह परिणाम पूरे चुनाव का सबसे चर्चित मुकाबला बन गया। वार्ड नंबर-3 में गौरव ने 151 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उनके मुकाबले में अंजली को 123, स्पर्श को 99 तथा इंदु को 36 वोट मिले। वहीं, वार्ड नंबर-4 में राधा रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 274 वोट हासिल किए और आशा देवी को 152 वोटों के साथ पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत दर्ज की। वार्ड नंबर-5 में प्रवीण ने 203 वोट लेकर जीत अपने नाम की। सपना को 151, सारिका आनंद को 31 तथा एकता राणा को 13 वोट मिले। वार्ड नंबर-6 में रतन चंद ने सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज करते हुए 511 वोट हासिल किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी केवल सिंह को 212 वोट मिले, जबकि नोटा को 5 वोट पड़े। वार्ड नंबर-7 में अंजना ने 298 वोट लेकर राजेश कुमारी को 265 वोटों के साथ पीछे छोड़ जीत दर्ज की। इस वार्ड में भी नोटा को 5 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर-8 में त्रिकोणीय मुकाबले के बीच मेला राम ने 233 वोट लेकर जीत हासिल की। विजय शर्मा को 92, कंचन रायजादा को 84 वोट मिले, जबकि नोटा को 2 वोट पड़े।

वार्ड नंबर-9 में सुरेश अरोड़ा ने 220 वोट प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। उनके मुकाबले में संदीप को 152, दीप को 144 और प्रदीप को 35 वोट मिले। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों, मिठाइयों और जश्न का माहौल देखने को मिला। वहीं अब नगर पंचायत की सत्ता किसके हाथों में जाएगी और अध्यक्ष पद को लेकर क्या समीकरण बनेंगे, इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### चार किलो चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की नम्होल पुलिस चौकी के कर्मियों ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलो चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग भारी मात्रा में चरस की खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर नम्होल पुलिस चौकी की टीम ने तुरंत छापेमारी व नाकाबंदी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली, जिसमें उनके कब्जे से करीब 4 किलो चरस बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान धनीराम निवासी निरमंड व मदनलाल निवासी आनी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चरस की यह खेप कहां से लाई गई थी व इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा व इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर भर्ती परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर श्रेणी का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परिणाम ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर जिलों के अभ्यर्थियों के लिए जारी किया गया है। यह जानकारी कर्नल श्रीधर राजन ने दी। अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे 19 मई को सुबह 9 बजे तक आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस हमीरपुर में प्री-डिस्पैच औपचारिकताओं व दस्तावेज सत्यापन के लिए अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जेसीओ/ओआर व अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून तक किया जाएगा। परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं व अभ्यर्थी अपने पंजीकरण विवरण के माध्यम से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### डियारा सेक्टर में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहर के डियारा सेक्टर में 29 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान शगुन निवासी वार्ड नंबर-9 डियारा सेक्टर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम माता-पिता जब ड्यूटी से घर लौटे, तो शगुन कमरे में अचेत अवस्था में मिली। उसे तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मामला नशे की ओवरडोज से जुड़ा माना जा रहा है। हालांकि, असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। शगुन अपने दो मासूम बच्चों के साथ पिछले कई वर्षों से मायके में रह रही थी। छह महीने पहले परिवार ने बेटे को खोया था और अब बेटी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### शराब के नशे में बेटे ने परिवार पर किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस चौकी खारसी के तहत गांव सायर में घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने ही माता-पिता व पत्नी के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान उसने अपने पिता राम लाल पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में आरोपी की मां व पत्नी को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्कंड पहुंचाया गया, जहां से राम लाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स कोठीपुरा रेफर किया गया। आरोपी के बड़े भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### घुमारवीं की ज्योति शर्मा बनीं एम्स नर्सिंग ऑफिसर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के पलसोटी गांव की बेटी ज्योति शर्मा ने ऑल इंडिया एम्स नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में देशभर में 22वां रैंक हासिल कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ज्योति के पिता प्यारे लाल जिला सत्र न्यायालय में सीनियर असिस्टेंट हैं, जबकि माता कंचन देवी गृहिणी हैं। परिवार के अनुसार ज्योति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने मेहनत व लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया, जैसे ही सफलता की खबर गांव पहुंची, घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।

### पूर्व विधायक बंबर ने वार्ड नंबर नौ में संभाला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने रविवार को नगर के हर वार्ड में जाकर लोगों से मुलाकात की तथा व्यवस्था को जांचा। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डों में जहां मतदाताओं से सहयोग का आग्रह किया।। वहीं, उम्मीदवारों के जोश को बढ़ाया। इसी कड़ी के तहत पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने वार्ड नंबर-9 में कांग्रेस बूथ पर बैठकर वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की।

### सेवानिवृत्त होने वाले संस्कृत शिक्षकों को नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सुन्हाणी में राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् जिला बिलासपुर द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त होने वाले संस्कृत शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत होने जा रहे शिक्षकों में धनीराम शास्त्री, भाग सिंह शास्त्री, सदानंद शास्त्री को संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट व सराहनीय कार्यों के लिए संस्कृत परिषद पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

### झंडूता में कई जगह दिख रही लोगों की नाराजगी

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनावों को लेकर माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। जिला परिषद वार्ड नंबर-7 जेजवी से रीना देवी व सलवाड वार्ड 16 से उनके पति मदन लाल धीमान बीडीसी सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। पति-पत्नी के एक साथ चुनाव लड़ने को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। चुनाव प्रचार के दौरान कई गांवों में लोगों की नाराजगी भी खुलकर सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्षों में क्षेत्र की कई मूलभूत समस्याएं अब भी जस की तस बनी हुई हैं सड़क, पेयजल, सफाई व युवाओं के लिए सुविधाओं को लेकर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, मदन लाल धीमान पहले भी बीडीसी सदस्य रह चुके हैं, लेकिन कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि अपेक्षित विकास कार्य पूरी तरह जमीन पर दिखाई नहीं दिए। वहीं, समर्थकों का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य करवाए और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहे। पंचायत चुनावों के चलते गांव-गांव में बैठकों व जनसंपर्क का दौर तेज हो गया है। उम्मीदवार जनता को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं, जबकि मतदाता इस बार विकास और कामकाज के आधार पर फैसला लेने की बात कह रहे हैं।

# ऊना जिले के शहरी निकायों में 77 फीसदी रहा मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले के छह शहरी निकायों में रविवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कुल 28,292 मतदाताओं में से 21,813 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा औसत मतदान 77 प्रतिशत रहा।

इनमें 11,244 महिलाओं व 10,568 पुरुषों, जबकि 1 थर्ड जेंडर के मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। डीसी ऊना ने बताया कि जिले के छः शहरी निकायों में से सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशतता 84.14 नगर पंचायत टाहलीवाल में रहीं। यहां 7 वार्डों में कुल 2,441 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 1,171 पुरुष और 1,270 महिला मतदाता शामिल रहे। वहीं, नगर पंचायत अंब के 9 वार्डों में कुल 4,398 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 2,183 पुरुष व 2,214 महिला मतदाता तथा 1 थर्ड जेंडर शामिल है। इसी तरह नगर पंचायत गगरेट के 7 वार्डों में कुल 2,054 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 1,009 पुरुष और 1,045 महिला मतदाता शामिल है। नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा के 9 वार्डों में कुल 4,919 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 2,435 पुरुष और 2,484 महिला मतदाता शामिल है। नगर पंचायत दौलतपुर चौक के 7 वार्डों में कुल 2,354 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 1,112 पुरुष और 1,242 महिला मतदाता शामिल है। इसके अलावा नगर परिषद संतोषगढ़ के 9 वार्डों में कुल 5,647 मतदाताओं ने मतदान किया।

# पंचायतीराज चुनाव: ऊना जिले में 859 उम्मीदवारों ने वापस लिए नामांकन

अनंत ज्ञान

**राजेश, शर्मा ऊना।** पंचायतीराज चुनावों के तहत ऊना जिले में विभिन्न पदों के लिए अब कुल 4,049 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। यह जानकारी डीसी जतिन लाल ने दी।

उन्होंने बताया कि नामांकन वापसी की प्रक्रिया 14 और 15 मई को संपन्न हुई तथा 15 मई को अपराह्न 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह वितरित किए गए। जिले में कुल 859 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापस लेने के बाद अब जिला परिषद के 17 वार्डों के लिए 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। पंचायत समिति की 107 सीटों के लिए 416 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा 249 पंचायतों में प्रधान पद के लिए 849, उपप्रधान पद के लिए 930 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 1,809 प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं। प्रशासन के अनुसार, हरोली की पोलियां बीत तथा गगरेट ब्लॉक के वार्ड नंबर-9 नकड़ोह पंचायत समिति सीटें निर्विरोध चुनी जा चुकी हैं। वहीं, जिले की पांच ग्राम पंचायतें पूरी तरह निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। इनमें ऊना उपमंडल की बीनेवाल व उदयपुर, हरोली उपमंडल की जखेवाल व पंडोगा निचला तथा बंगाणा उपमंडल की बोहरू पंचायत शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न पंचायतों में अलग-अलग पदों पर कुल 706 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें 689 वार्ड सदस्य, 7 उपप्रधान, 8 प्रधान तथा 2 पंचायत समिति सदस्य शामिल हैं। ऊना ब्लॉक में कुल 705 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### गगरेट ब्लॉक

**गगरेट** ब्लॉक में प्रधान पद के 17, उपप्रधान के 22, वार्ड सदस्य के 33, पंचायत समिति सदस्य के 3 तथा जिला परिषद के 2 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए। अब यहां 41 पंचायतों में प्रधान पद के 162, उपप्रधान के 158 तथा वार्ड सदस्य के 359 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंचायत समिति के 85 तथा जिला परिषद के 10 प्रत्याशी भी मैदान में हैं। इस प्रकार गगरेट ब्लॉक में कुल 774 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### बंगाणा ब्लॉक

**बंगाणा** ब्लॉक में प्रधान पद के 37, उपप्रधान के 74 तथा वार्ड सदस्य के 102 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया। पंचायत समिति के 4 तथा जिला परिषद के 1 उम्मीदवार ने भी नामांकन वापस लिया। अब यहां 49 पंचायतों में प्रधान पद के 174, उपप्रधान के 196 तथा वार्ड सदस्य के 369 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंचायत समिति के 76 तथा जिला परिषद के 8 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। कुल मिलाकर बंगाणा ब्लॉक में 823 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### हरोली ब्लॉक

**हरोली** ब्लॉक में प्रधान पद के 64, उपप्रधान के 32, वार्ड सदस्य के 51, पंचायत समिति के 11 तथा जिला परिषद के 2 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया, अब यहां 48 पंचायतों में प्रधान पद के 162, उपप्रधान के 169 तथा वार्ड सदस्य के 341 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पंचायत समिति के 82 तथा जिला परिषद के 9 प्रत्याशी भी मैदान में हैं। हरोली ब्लॉक में 763 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### अंब ब्लॉक

**अंब** ब्लॉक में प्रधान पद के 26, उपप्रधान के 35, वार्ड सदस्य के 59, पंचायत समिति सदस्य के 3 तथा जिप के 1 उम्मीदवार ने नामांकन वापस लिया। इसके बाद अब 57 पंचायतों में प्रधान पद के 204, उपप्रधान 233 तथा वार्ड सदस्य 440 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंचायत समिति के 100 तथा जिप के 7 प्रत्याशी भी मैदान में हैं। अंब ब्लॉक में 984 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

# बिलासपुर जिला हुआ भगवामय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के चारों नगर निकायों में भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम कर दिया है व कांग्रेस को पूरी तरह सेंड कर दिया है।

**चारों नगर निकायों में भाजपा का दबदबा कायम**

बिलासपुर जिला मुख्यालय पर तो कांग्रेस पार्टी मात्र दो वार्डों में ही जीत हासिल कर पाई है, जबकि भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने 9 वार्डों में जीत हासिल की है। बिलासपुर में बिलासपुर नगर परिषद के परिणाम में वार्ड नंबर-1 से नरेश कुमारी भाजपा, वार्ड नंबर 2 से जमुना भाजपा, वार्ड नंबर 3 से वंदना कांग्रेस, वार्ड नंबर 4 से पूजा भाजपा, वार्ड नंबर 5 से नरेंद्र भाजपा, वार्ड नंबर 6 से मीना भाजपा, वार्ड नंबर 7 से वंदना भाजपा, वार्ड नंबर 8 से अनिल भाजपा, वार्ड नंबर 9 से अजय भाजपा, वार्ड नंबर 10 से मनोज कांग्रेस, तथा वार्ड नंबर 11 से मुकेश भाजपा ने जीत हासिल की है।



भाजपा विजयी जुलूस निकालते हुए। — अनंत ज्ञान

### नयना देवी जी नप में भी भाजपा आगे

**नगर** परिषद श्री नयना देवी जी के सभी 7 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर01 देवी से दीपक शर्मा, वार्ड 2 तारा से अलकेंद्र भूषण, वार्ड 3 कालिका से रमन कुमार, वार्ड 4 दुर्गा से मंजू कुमारी, वार्ड 5 शीतला से आरती, वार्ड 6 शक्ति से नीना शर्मा तथा वार्ड 7 अंबिका से दीक्षा निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

### घुमारवीं नप में भी भाजपा ने लहराया परचम

**नगर** परिषद घुमारवीं के रटेहल बड्डू वार्ड नंबर-1 से शकुंतला देवी भाजपा समर्थित, वार्ड नंबर 2 सविता शर्मा भाजपा समर्थित, वार्ड नंबर 3 से रामपाल निर्दलीय, वार्ड नंबर 4 राजेश कुमार भाजपा समर्थित, वार्ड नं. 5 से संदीप कुमार भाजपा समर्थित, वार्ड नं. 6 से रीता सहगल कांग्रेस समर्थित, वार्ड नं. 7 अमित भाजपा समर्थित, वार्ड नं. 8 से निशा कांग्रेस समर्थित, वार्ड नं. 9 से राम प्यारी कांग्रेस समर्थित को विजयी घोषित किया गया है

### शाहतलाई नगर पंचायत पर भाजपा का कब्जा

**नगर** पंचायत शाहतलाई के सभी 7 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वार्ड-1 से सरोज कुमारी, वार्ड-2 से सुनीता रानी, वार्ड-3 से नंद लाल शर्मा, वार्ड-4 से बलबीर, वार्ड-5 से चमन लाल सोनी, वार्ड-6 से पूजा कुमारी (कांग्रेस )तथा वार्ड-7 से सलोचना देवी (कांग्रेस) विजयी घोषित हुए हैं। बाकी 500 पार्षद भाजपा समर्थित है। सभी वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बिलासपुर में नगर निकाय चुनाव में 72.91 फीसदी मतदान, महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के नगर निकाय चुनावों में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार मतदान किया। जिले के चारों शहरी निकाय क्षेत्रों नगर परिषद बिलासपुर, नगर परिषद घुमारवीं, नगर परिषद श्री नयना देवी जी और नगर पंचायत तलाई में कुल 72.91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

जिला निर्वाचन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चारों निकाय क्षेत्रों में कुल 16,782 मतदाता थे, जिनमें 8,399 पुरुष व 8,383 महिला मतदाता शामिल थीं। मतदान समाप्ति तक कुल 12,235 वोट पड़े, जिनमें 6,140 पुरुषों और 6,095 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिला मतदान प्रतिशत 72.71 फीसदी रहा, जबकि कुल मतदान प्रतिशत 72.91 प्रतिशत दर्ज किया गया।

**नगर परिषद बिलासपुर:** नगर परिषद बिलासपुर में कुल 9,548 मतदाता थे, जिनमें 4,705 पुरुष व 4,843 महिला मतदाता शामिल थीं। यहां कुल 6,441 वोट पड़े। इनमें 3,216 पुरुष व 3,225 महिलाओं ने मतदान किया। कुल मतदान प्रतिशत 67.46 फीसदी रहा, जबकि महिला मतदान प्रतिशत 66.59 फीसदी दर्ज किया गया।

**नगर परिषद घुमारवीं:** घुमारवीं में कुल 4,793 मतदाता थे, जिनमें 2,442 पुरुष व 2,351 महिलाएं थीं। यहां 3,725 मत पड़े, जिनमें 1,870 पुरुष और 1,855 महिला मतदाता शामिल रहे। कुल मतदान प्रतिशत 77.72 फीसदी तथा महिला मतदान प्रतिशत 78.90 फीसदी रहा।

**नगर परिषद श्री नयना देवी जी:** श्री नयना देवी जी में सबसे अधिक मतदान देखने को मिला। यहां कुल 689 मतदाताओं में से 596 मत पड़े। इनमें 317 पुरुष और 279 महिलाओं ने मतदान किया। यहां कुल मतदान प्रतिशत 86.50 फीसदी और महिला मतदान प्रतिशत 86.92 फीसदी दर्ज किया गया।

**नगर पंचायत तलाई:** नगर पंचायत तलाई में कुल 1,752 मतदाता थे, जिनमें 884 पुरुष और 868 महिलाएं शामिल थीं। यहां कुल 1,473 वोट पड़े। इनमें 737 पुरुष व 736 महिलाओं ने मतदान किया। कुल मतदान प्रतिशत 84.08 फीसदी तथा महिला मतदान प्रतिशत 84.79 फीसदी रहा। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर प्रशासन ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।



बिलासपुर जिले के नगर निकाय चुनावों में मतदान करते हुए। — अनंत ज्ञान

**गुणगान** — गुग्गा मंदिर खैरियां लुहणू में विशाल भगवती जागरण का भव्य आयोजन

# काकू राम व दीक्षा की भेंटों पर झूमे श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के साथ सटे खैरियां लुहणू में स्थित प्राचीन गुग्गा मंदिर परिसर में 24वें विशाल भगवती जागरण का आयोजन धूमधाम, भक्ति व श्रद्धा भाव से किया गया।

गुग्गा जाहर वीर कमेटी (पंजीकृत) खैरियां के बैनर तले आयोजित इस वार्षिक समागम में भक्तिरस का आनंद लेने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। मंदिर में जनता की आस्था देखते ही बन रही थी। शाम करीब आठ बजे स्थानीय पंडित द्वारा मां की पावन ज्योति को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिष्ठापित किया गया। इस दौरान जागरण कमेटी के सभी सदस्यों ने परिवार सहित आयोजन की सफलता के साथ विश्वशांति की कामना भी की। इससे पूर्व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था। भंडारे का शुभारंभ 3 बजे दोपहर से शुरू हो गया था, जो कि देर रात तक निर्विघ्न चलता रहा। अवारी खलीन से प्रसिद्ध बोटी अमरनाथ शर्मा व उनकी टीम द्वारा किया गया कहलूरी धाम का आयोजन अविस्मरणीय रहा। इस जागरण में चंबा से लोक गायक काकू राम ठाकुर व दीक्षा को मां का गुणगान करने के लिए सादर आमंत्रित किया गया था। काकू राम ने सर्वप्रथम गणेश वंदना से मैया जी के जागरण की शुरूआत की और उन्होंने नॉन स्टॉप मां भगवती का गुणगान किया। उन्होंने गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो, छोटी-छोटी गईयां छोटे-छोटे ग्वाल, वे मनमोणेया बालक नाथा, मैं मां दे मंदर जाणा, मेरी मैया दा दवारा आदि हिंदी, पहाड़ी और पंजाबी भेंटे गाकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबोया। वहीं, इसी ग्रुप की सुरीली गायिका दीक्षा ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को बांधे रखा। इन कलाकारों द्वारा श्रद्धालुओं की बीच में जाकर उन्हें भक्तिभाव से जोड़ने की कला अनुकरणीय रही। इस दौरान शिव पार्वती, श्री राधा कृष्ण और बाबा बालक नाथ की की सुंदर व आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। लोग भोर होने तक अपनी जगह पर बैठकर भक्ति रस में झूमते नजर आए। वहीं सुबह सतीश कुमार द्वारा माता तारा राणी की कथा अनूठे अंदाज में सुनाई गई, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब पंसद किया। मां भगवती की आरती के बाद जागरण को विश्राम दिया गया। वहीं गुग्गा जाहर वीर कमेटी (पंजीकृत) खैरियां के प्रधान राज कुमार और उपप्रधान अशोक वर्मा ने बताया कि जनता के सहयोग से आयोजित इस जागरण की भव्य सफलता के लिए कमेटी सदस्य और सभी सहयोगी बधाई के पात्र हैं। उन्होंनें बताया कि जागरण को सफल बनाने के लिए संजीव कुमार, देवराज, विनोद, अनिल कुमार, जोगेंद्र कुमार दारी, कमलजीत, पवन राणा, अब्बू, दिपेश, रितेश, आशु, काकू, ईलू, रविंद्र, मनोज कुमार आदि ने अहम भूमिका निभाई।



भगवती जागरण में काकू राम भेंटों की प्रस्तुति देते हुए। — अनंत ज्ञान

# घागस के दंगल में पहलवान जौंटी गुज्जर ने अंकित को हराकर जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** मेला व छिंज कमेटी श्री घागस देव कमेटी द्वारा आयोजित विशाल दंगल में पहलवानों की कुश्ती को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा। पारंपरिक छिंज का आनंद लेने के लिए दूरदराज से लोग घागस पहुंचे थे।



जन सहयोग से आयोजित इस विशाल छिंज का शुभारंभ डॉ. सुरेंद्रा भाटिया ने किया, जबकि विशेषातिथि के तौर पर बाबा कमल दास चमलोग व एडवोकेट भगत सिंह वर्मा, रमन शर्मा मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए आयोजन कमेटी के प्रधान राकेश कपूर और कृष्ण सोनी ने बताया दिल्ली के पहलवान जॉटी गुज्जर ने यूपी मथुरा से आए पहलवान अंकित को हराकर बड़ी माली का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों की ओर से विजेता पहलवान जौंटी को बुलेट मोटर साईकिल ईनाम के रूप में दी गई, जबकि अंकित को नकद राशि दी गई। वहीं, छोटी माली का खिताब पंजाब के पट्टी के पहलवान परमिंद्र सिंह ने पहलवान रवि बाबा फलाई को हराकर अपने नाम की। विजेता पहलवान को स्कूटी ईनाम में दी गई। इसके अलावा सबसे छोटी माली में धवाल सलापड़ के धीरज पहलवान ने पनौल के पहलवान आर्यन को हराकर खिताब जीता। विजेता को गुर्ज व ईनामी राशि प्रदान की गई। प्रधान राकेश कपूर, कृष्ण सोनी ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में जगदीश गुप्ता, बाबू राम भाटिया, सुरेश ठाकुर, दौलत राम कौंडल, सुख राम भाटिया, रोशन लाल, पिस्तु राम कौंडल, तोता राम बंसल, कुलदीप ठाकुर, मदन पटवारी, नीलम शर्मा, कमल कपूर व रवि कपूर रूप लाल आदि ने अहम भूमिका अदा की।

# नगर निकाय चुनाव : मनाली में कांग्रेस का 'सूपड़ा' साफ

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर निकाय चुनावों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। कुल्लू व मनाली नगर परिषद के परिणामों ने इस बार कई दिलचस्प व ऐतिहासिक आंकड़े पेश किए हैं, जहां एक तरफ मनाली नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित प्रत्याशियों ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है।

कुल्लू नगर परिषद में महिला उम्मीदवारों ने ऐतिहासिक बढ़त बनाते हुए अपनी धाक जमाई है और यहां परिणाम मिला जुला रहा है। मनाली नगर परिषद के चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने क्लीन स्वीप करते हुए सभी 7 वार्डों पर कब्जा कर लिया है। चुनाव परिणामों के बाद मनाली मॉल रोड से लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा।

भाजपा के पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने इस ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि मनाली नगर परिषद के चुनावों में कांग्रेस का पूरी तरह सूपड़ा साफ हो गया है। यह नतीजे साफ तौर पर 2027 के विधानसभा चुनावों का संकेत हैं।

### कुल्लू नगर परिषद: मिला-जुला परिणाम

**नगर** परिषद कुल्लू के सभी 11 वार्डों के आधिकारिक परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। यहां के नतीजे बेहद दिलचस्प रहे, क्योंकि इस बार महिला उम्मीदवारों ने एकतरफा बढ़त बनाते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कुल 11 वार्डों में से 9 वार्डों पर महिला प्रत्याशियों ने अपना परचम लहराया है। वार्ड 1 पुष्पा देवी, वार्ड 2 कुब्जा ठाकुर, वार्ड 3 आशा ठाकुर, वार्ड 4 ज्ञान ठाकुर, वार्ड 5: पूजा शर्मा, वार्ड 6 गीता देवी, वार्ड 7 रामदेई, वार्ड 8 शालिनी राय, वार्ड 9 जीवन कला, वार्ड 10 चंद्र भानु वार्ड 11 राहुल कौशल ने जीत हासिल की है।

### प्रशासन ने सौंपे प्रमाण पत्र, जश्न का माहौल

**मतगणना** प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रशासन की ओर से सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को आधिकारिक तौर पर जीत के प्रमाण पत्र सौंप दिए गए हैं। जीत की घोषणा होते ही दोनों क्षेत्रों में समर्थकों के बीच भारी उत्साह व आतिशबाजी का माहौल देखा गया। सभी विजयी उम्मीदवारों ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय स्थानीय जनता को दिया है। नवनिर्वाचित पार्षदों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे राजनीति से ऊपर उठकर अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों को गति देना ही अपनी पहली प्राथमिकता मानेंगे।


वार्ड 1 से जीती पुष्पा देवी समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान


वार्ड 6 व 10 से जीते गीता देवी व चंद्र भानू समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान


वार्ड नंबर 3 से जीती आशा ठाकुर समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान


वार्ड नंबर 5 से जीती पूजा शर्मा समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

### मनाली के वार्ड-वाइज चुनावी नतीजे

| वार्ड नंबर | विजेता प्रत्याशी (भाजपा समर्थित) | | उपविजेता प्रत्याशी (कांग्रेस/अन्य) | जीत का अंतर (वोट) |
|---|---|---|---|---|
| वार्ड 1 | ठाकर दास | | अजय कटोच (कांग्रेस) | 50 मत |
| वार्ड 2 | प्रदीप गिल | (270 वोट) | राजा (कांग्रेस - 216 वोट) | 54 मत |
| वार्ड 3 | ईशा राजपूत | (169 वोट) | नीलम शर्मा (कांग्रेस - 133 वोट) | 36 मत |
| वार्ड 4 | नीलम ठाकुर | (309 वोट) | बीना शर्मा (151 वोट) | 158 मत |
| वार्ड 5 | सीमा भारद्वाज | (218 वोट) | ललिता (कांग्रेस - 117 वोट) | 101 मत |
| वार्ड 6 | चंद्रा देवी बौद्ध | (212 वोट) | गीता बौद्ध (आजाद - 97 वोट) | 115 मत |
| वार्ड 7 | मनोज कुमार | (291 वोट) | शेर सिंह याबा (151 वोट) | 141 मत |


कुल्लू के वार्ड 8 से जीती शालिनी रॉय भारद्वाज परिजनों के साथ। अनंत ज्ञान

## स्पीति में नौ पंचायतें व 11 पंचायत समिति सदस्य चुने निर्विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** स्पीति में 9 पंचायतें व 11 पंचायत समिति सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी काजा शिखा ने बताया कि पंचायतीराज चुनाव को लेकर जहां ग्रामीणों ने लोकतंत्र और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की है। वहीं, आपसी सहमति और भाईचारे के साथ पंचायत प्रतिनिधियों का चयन निर्विरोध किया गया है। इसमें 9 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। निर्विरोध चुनी गई पंचायतों में लोसर, हल, लांग्जा, डेमुल, लारा, ढंकर, लालुंग, ताबो और गिउ पंचायत शामिल हैं। इसके अलावा 11 पंचायत समिति (बीडीसी) सदस्यों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया है तथा 59 वार्ड पंच भी निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार आगामी 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे तथा ग्राम पंचायत के मतों की गिनती संबंधित ग्राम पंचायतों के मुख्यालयों में मतदान के उपरांत करवाई जाएगी, जबकि पंचायत समितियों व जिला परिषद के मतों की मतगणना 31 मई को ब्लॉक मुख्यालय पर होगी।

# एक डॉक्टर के भरोसे 18 पंचायतें

## जरी सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर, मरीज 40 किमी दौड़ने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के केंद्रीय स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जरी में चिकित्सकों की भारी कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं।

इस अस्पताल में डॉक्टरों के कुल चार पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में तीन पद खाली चल रहे हैं। इसका सीधा असर घाटी की 18 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों पर पड़ रहा है, जिनका स्वास्थ्य अब महज एक अकेले डॉक्टर के भरोसे है। आलम यह है कि आपातकालीन स्थिति या सामान्य बीमारी की हालत में भी स्थानीय लोगों को 40 किलोमीटर दूर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू या नागरिक अस्पताल तेगूबेहड़ का रुख करना पड़ रहा है।

### इन 18 पंचायतों के ग्रामीण भुगत रहे हैं खमियाजा

**मणिकर्ण** घाटी के स्थानीय निवासियों मोहर सिंह, राकेश, रमन, रतन, सुमन, मोनिका व आराधना ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस सीएचसी के अंतर्गत घाटी की प्रमुख पंचायतें आती हैं, जिनमें शामिल हैं जरी, कसोल, मणिकर्ण, बरशैणी, मलाणा, भ्रैण, दनोगी, चौंग, रतोचा, जलूग्रां, शाट, पीणी, तलपीणी, रशोल, बराधा, चौहकी और पूंथल। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण हजारों की आबादी को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है।

सीएचसी जरी में सामान्य ओपीडी के अलावा दंत व नेत्र रोग ओपीडी की व्यवस्था तो है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर न होने के कारण ये विभाग सिर्फ नाम के रह गए हैं। दांत व आंखों की समस्याओं के लिए मरीजों को मजबूरन दूरदराज के अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इससे मरीजों की शारीरिक परेशानी तो बढ़ ही रही है, साथ ही आने-जाने और इलाज पर होने वाला खर्च उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है।

> **सीएचसी** जरी में डॉक्टरों की कमी का मामला ध्यान में है। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए अस्थाई तौर पर प्रतिनियुक्ति पर चिकित्सकों को वहां भेजा जा रहा है ताकि मरीजों को ज्यादा परेशानी न हो।
> **डॉ. रणजीत ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुल्लू।**

# निरमंड नगर पंचायत चुनाव: कांग्रेस का 7 में से 5 वार्डों पर कब्जा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** नगर पंचायत निरमंड के चुनाव परिणामों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात में से पांच वार्डों में जीत दर्ज की है।

निर्वाचन अधिकारी जगदीप कंवर ने विजयी प्रत्याशियों की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड-1 सरकोटी से नीलम ने शशिबाला को हराकर जीत दर्ज की। वार्ड-2 शगाउली से भूपेंद्र विजेता रहे, जहां उनका मुकाबला ज्वाला नंद व प्रीतम देव से था। वार्ड-3 सनारला से कौशिक कौशल ने केवल राम को पराजित किया। वार्ड-4 भीउंटा में सपना देवी ने कुमारी गुड्डी व संगीता शर्मा को हराकर जीत हासिल की। वार्ड-5 डीम से सतेंद्र सिंह पटियाल विजयी रहे। उन्होंने भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष योगेश कुमार को शिकस्त दी। वार्ड-6 विष्णु मोहल्ला से पुष्पा देवी ने जीत दर्ज की। यहां किरण, रीना व सुनीता के बीच कड़ा मुकाबला रहा। वहीं, वार्ड-7 पोखटू से जंवाल सिंह विजेता बने। इस वार्ड में तेज सिंह, नरेश कुमार और शशिकांत भी मैदान में थे। चुनाव परिणामों के बाद विजेताओं के समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वहीं, पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव युपेंद्र कांत मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की। उन्होंने नगर पंचायत निरमंड की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।


बुजुर्ग महिला मतदान करने जाते हुए। अनंत ज्ञान

## नगर पंचायत निरमंड चुनाव में 73.90 प्रतिशत मतदान

**अनंत ज्ञान, आनी।** नगर पंचायत निरमंड में रविवार को हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम निरमंड जगदीप कंवर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नगर पंचायत के सात वार्डों में कुल 1471 मतदाताओं में से 1087 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदान प्रतिशत 73.90 दर्ज किया गया, जबकि महिला मतदान प्रतिशत 74.63 रहा। वार्डवार मतदान प्रतिशत में डीम-5 वार्ड सबसे आगे रहा, जहां 86.72 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद सुनारला-3 में 83.58 प्रतिशत, विष्णु-6 में 81.82 प्रतिशत और भिउटा-4 में 79.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम मतदान पोखटु -7 वार्ड में 58.49 प्रतिशत रहा। जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 734 पुरुष व 737 महिला मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 537 पुरुष और 550 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अधिक रही। निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम निरमंड जगदीप कंवर ने बताया कि नगर पंचायत निरमंड में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। मतदान समाप्ति के बाद प्रशासन ने सभी पोलिंग पार्टियों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## माता पार्वती व माता रूपासना के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पार्वती घाटी के सरानाहुली में रविवार को माता पार्वती और माता रूपासना के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने देवियों के दर्शन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर बाद ग्रामीणों ने वाद्ययंत्रों की थाप पर कुल्लवी नाटी भी डाली। इससे पहले रविवार सुबह माता पार्वती व माता रूपासना की सरानाहुली स्थित मंदिर में पूजा-आराधना हुई। इसके बाद सरानाहुली में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पार्वती घाटी, खराहल, ऊझी घाटी आदि क्षेत्रों से लोग यहां पहुंचे। माता पार्वती व माता रूपासना ने देवनृत्य भी किया। देवनृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। गौर रहे कि सरानाहुली मेले के लिए माता पार्वती हर साल सरानाहुली गांव में आती हैं। इस बार मेहमान के तौर पर माता रूपासना आई हैं। श्रद्धालु रमेश कुमार व विजय ने कहा कि सरानाहुली मेले को लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि मेले के चलते चौंग से लेकर सरानाहुली तक उत्सव का माहौल रहा।

◆ **सरानाहुली मेले की रही धूम, ग्रामीणों ने डाली नाटी**

## भुंतर में दो ढाबों से भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर बरामद, दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ **विशेष अभियान के तहत पुलिस मुस्तैद, अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन**

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना भुंतर की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो ढाबों से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब व बीयर बरामद की है। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस टीम ने 'जिया' नामक स्थान पर स्थित सिमरन ढाबा में औचक दबिश दी। ढाबे की तलाशी लेने पर वहां से 22 बोतलें देसी शराब (मार्का संतरा) तथा 23 बोतलें बीयर (मार्का टूबोर्ग) बरामद की गईं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत (निवासी गांव व डाकघर जिया, तहसील भुंतर) के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं, एक अन्य मामले में भुंतर थाना की पुलिस टीम जब इलाके में गश्त पर थी, तो उन्होंने त्रैहण चौक स्थित महादेव कुल्लवी ढाबे की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान ढाबे से 21 बोतलें देसी शराब (मार्का संतरा) बरामद हुईं। पुलिस ने इस मामले में ढाबे के मैनेजर मनीष कुमार (निवासी गांव बगड़ी, डाकघर रक्कड़, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई है। जिला पुलिस प्रशासन का कहना है कि घाटी में अवैध शराब की बिक्री, भंडारण व तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## भुंतर में नगर पंचायत के वार्डों में 80 फीसदी मतदान के साथ भाजपा व कांग्रेस में कड़ी टक्कर

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर नगर पंचायत चुनावों के नतीजे घोषित हो गए हैं। इस बार सभी 7 वार्डों में मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए लगभग 80 फीसदी का रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया। चुनाव परिणाम सामने आते ही कहीं जश्न का माहौल है, तो कहीं बेहद कड़े मुकाबले में जीत-हार का फैसला हुआ है। भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली है। वार्ड नंबर 1 सोहन लाल (भाजपा समर्थित) 219 वोट (विजयी) रोशन लाल: 158 वोट भाजपा समर्थित सोहन लाल ने जीत दर्ज की।वार्ड नंबर 2 मीना ठाकुर (भाजपा समर्थित) 255 वोट (विजयी) अंजना डोगरा 161 वोट भाजपा समर्थित मीना ठाकुर विजयी रहीं। वार्ड नंबर 3 (छोटी शम्शी) चंद्रकला (कांग्रेस समर्थित) 325 वोट (विजयी) श्वेता: 229 वोट कांग्रेस समर्थित चंद्रकला ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 4 करण सिंह (भाजपा समर्थित) 194 वोट (विजयी) टशी: 163 वोट नोटा (नोटा) 4 वोट भाजपा समर्थित करण सिंह चुनाव जीते।वार्ड नंबर 5 सोनिया डोगरा (कांग्रेस समर्थित) 95 वोट (विजयी) मीना कुमारी: 94 वोट नोटा (नोटा) 4 वोट इस वार्ड में सबसे रोमांचक मुकाबला रहा, जहां कांग्रेस की सोनिया डोगरा ने मात्र 1 वोट के अंतर से बेहद करीबी जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 6 सोनी शर्मा (कांग्रेस समर्थित) 63 वोट (विजयी) रीता देवी 49 वोट उर्मिला 21 वोट भानु सूद 16 वोट त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस समर्थित सोनी शर्मा विजयी रहीं। वार्ड नंबर 7 रविंद्रा डोगरा (कांग्रेस समर्थित)206 वोट (विजयी) विकास जसवालद 187 वोट नतीजा: कांग्रेस समर्थित रविंद्रा डोगरा ने जीत का परचम लहराया।इन चुनाव परिणामों में नगर पंचायत के 7 वार्डों में से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने 4 सीटों (वार्ड 3, 5, 6, और 7) पर कब्ज़ा जमाया है, जबकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 3 सीटों (वार्ड 1, 2, और 4) पर जीत हासिल की है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और प्रशासन ने सभी विजयी प्रत्याशियों को जीत के प्रमाण पत्र सौंप दिए हैं।

# मई की बारिश ने ताजा किए बरसात के जख्म, मंडरा रहा है बड़ी तबाही का साया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में मानसून की दस्तक से पहले ही आसमानी आफत ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

मई के पहले पखवाड़े (महीने के शुरुआती 15 दिन) में हो रही तेज व असामयिक बारिश, अंधड़ व ओलावृष्टि ने जिले में पिछले सालों की भयंकर तबाही के जख्मों को एक बार फिर हरा कर दिया है। पिछले दो दिनों से सुबह के समय हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कई घरों, सरकारी स्कूलों और संपर्क सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। हालात यह हैं कि अभी मुख्य बरसात शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन मई के पहले दिन से ही जिला के किसी न किसी क्षेत्र में रोजाना मौसम अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। साल 2025 में मानसून ने जून के महीने में ही दस्तक दे दी थी, लेकिन इस बार तो मई की शुरुआत में ही बरसात जैसे हालात बन गए हैं। बादलों की गड़गड़ाहट सुनते ही उन ग्रामीणों व शहरी निवासियों की रात की नींद उड़ जाती है, जिन्होंने साल 2023 व 2025 में भूस्खलन (लैंडस्लाइड) का दंश झेला है। लोगों को डर सता रहा है कि पिछले सालों की तरह इस बार भी उन्हें अपनी जान बचाने के लिए अपने आशियानों को छोड़कर भागना न पड़ जाए।

बीते 10 मई की रात को कुल्लू में सिर्फ दो घंटे के अंधड़ और तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई थी। इस प्राकृतिक आपदा में 9 घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा। 7 विद्यालयों के भवनों को क्षति हुई। 1 व्यक्ति सहित 41 भेड़-बकरियों की मलबे व चपेट में आने से मौत हो गई।

### भूस्खलन के कारण मलबे में दबने से 10 लोगों की हुई थी मौत

**स्थानीय** लोगों का डरना लाजिमी है, क्योंकि साल 2023 की बरसात में कुल्लू ने जो मंजर देखा था, उसकी भरपाई आज तक नहीं हो पाई है। उस दौरान करोड़ों रुपए की सरकारी व निजी संपत्ति खाक हो गई थी और कई मुख्य हाईवे समेत संपर्क मार्ग महीनों तक बंद रहे थे। सैंज का बिहाली साल 2023 में यहां आई आपदा में तीन लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। भूस्खलन के कारण मलबे में दबने से 10 लोगों की मौत हो गई थी। बागन, मातला, जीवा और अखाड़ा बाजार जैसे क्षेत्रों का वजूद भारी भूस्खलन के कारण खतरे में पड़ गया था। आपदा को लंबा समय बीत जाने के बाद भी जिले की कई संपर्क सड़कें आज तक वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई हैं।

### प्रशासन और आम जनता की चिंताएं बढ़ीं

**मौसम** के इस बदले मिजाज ने प्रशासन व आम जनता दोनों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि अगर मानसून से पहले (मई महीने) ही हालात इतने भयानक और नुकसानदेह हैं, तो जून-जुलाई की मुख्य बरसात के दिनों में मौसम क्या कहर बरपाएगा, इसका अंदाजा लगाकर ही रूह कांप जाती है। फिलहाल, प्रभावित क्षेत्रों के लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

**भावुक पल** एक ही वार्ड में रहने के बावजूद 15 सालों से नहीं मिली थीं तृप्ता और पवना

# मतदान के बहाने 15 साल बाद दो सहेलियों का मिलन, छलके आंसू

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** लोकतंत्र का महापर्व न केवल सरकार चुनने का जरिया बनता है, बल्कि कई बार यह बिछड़े हुए दिलों को मिलाने का जरिया भी बन जाता है। ऐसा ही एक भावुक और खूबसूरत नजारा नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-4 में देखने को मिला, जहां मतदान करने पहुंचीं दो बुजुर्ग सहेलियां करीब डेढ़ दशक (15 साल) बाद एक-दूसरे के गले मिलीं।

कहते हैं लोकतंत्र का हर एक वोट अनमोल होता है, लेकिन नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-4 में पड़े दो वोट जहां उम्मीदवारों के लिए कीमती हैं, वहीं उससे भी अधिक 15 सालों से एक दूसरे से मिलने को तरस रही दो सहेलियों का वोट के बहाने मिलने की कीमत आंसुओं और जज्बात से की जा रही है। इस मौके पर गले मिलकर भावुक होते हुए बुजुर्ग मतदाताओं ने कहा कि हमें बस इतना याद है कि हम आखिरी बार 15 साल पहले मिले थे। उसके बाद आज इस लोकतंत्र के उत्सव ने हमें फिर से मिला दिया। दोनों सहेलियों ने मतदान केंद्र पर एक-दूसरे को गले लगाया, पुरानी यादों को ताजा किया और कुछ देर के लिए वहां का माहौल बेहद भावुक हो गया। वहां मौजूद अन्य मतदाता व चुनाव कर्मी भी इस यादगार मिलन के गवाह बने। इस मौके पर वहां मौजूद मतदाताओं ने बताया कि रविवार को यहां मतदान के बहाने दो ऐसी सहेलियां आपस में मिलीं, जो एक ही वार्ड की दहलीज के भीतर रहने के बावजूद पिछले 15 वर्षों से एक-दूसरे का चेहरा तक नहीं देख पाई थीं, जब 85 वर्षीय तृप्ता शर्मा व 91 वर्षीय पवना सलहूरिया व्हीलचेयर और अपनों के सहारे पोलिंग बूथ पर पहुंचीं, तो वहां सिर्फ सरकार चुनने की औपचारिकता नहीं हुई, बल्कि इतिहास का एक भावुक पन्ना दोबारा जिंदा हो गया।


मतदान केंद्र में मिली दोनों सहेलियां गले मिलकर रोते हुए। अनंत ज्ञान

### एक ही वार्ड में रहकर भी थीं दूर

**वार्ड** नंबर-4 की रहने वाली 85 वर्षीय तृप्ता शर्मा और 91 वर्षीय पवना सलहूरिया सालों बाद जब मतदान केंद्र पर आमने-सामने आईं, तो दोनों की आंखें भर आईं। उम्र के इस पड़ाव पर शारीरिक असमर्थता के कारण दोनों एक ही वार्ड में रहने के बावजूद पिछले 15 सालों से एक-दूसरे से नहीं मिल पाई थीं।

# नग्गर में सेमिनार, लुप्त होती संस्कृति को बचाने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट, नग्गर में 'अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस' के अवसर पर एक विशेष शैक्षणिक संगोष्ठी (सेमीनार) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय पणारसा की प्रधानाचार्या डॉ. उरसेम लता, प्राध्यापकों और कॉलेज के करीब 50 छात्रों ने भाग लिया।

सेमिनार के दौरान रोरिक ट्रस्ट की ओर से रूसी सहायक दमित्री सुर्जिन व अमरजीत आनंद ने उपस्थित लोगों को ट्रस्ट की समृद्ध विरासत (हेरिटेज) और म्यूजियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महान चित्रकार निकोलस रोरिक और उनके परिवार द्वारा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक कार्यों से छात्रों को रूबरू करवाया। देवयानी राणा (एमएलए, जम्मू) उन्होंने छात्रों को जम्मू और माता वैष्णो देवी क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण करने के लिए आमंत्रित किया। इंद्रजीत शर्मा (एसएसपी, जम्मू) वे भी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय पनारसा की प्रधानाचार्या डॉ. उरसेम लता ने एक महत्वपूर्ण पहल की जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के प्राध्यापकों और लाइब्रेरियन बिंदू सूर्यवंशी की एक विशेष कमेटी बनाई गई है। कॉलेज के छात्र कुल्लू की लुप्त हो रही हेरिटेज और संस्कृति से जुड़े शब्दों व जानकारियों को लिखकर इस कमेटी को सौंपेंगे, जिसे रिकॉर्ड में सुरक्षित रखा जाएगा। इस मुहिम को बड़ा रूप देने के लिए कुल्लू के नजदीकी कॉलेजों के साथ एक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किया गया है, ताकि सभी कॉलेज मिलकर इस अनमोल धरोहर को बचाने में मदद कर सकें। सेमिनार के समापन के बाद सभी प्राध्यापकों, अतिथियों और छात्रों ने प्रसिद्ध रोरिक आर्ट गैलरी तथा परिसर के अन्य संग्रहालयों का अवलोकन किया और वहां रखी अनमोल कलाकृतियों को देखा।


कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

### विशिष्ट अतिथियों ने साझा किए विचार

**भुजंग** रामराव बोबड़े (निदेशक, पुणे महाराष्ट्र हेरिटेज फाउंडेशन): उन्होंने हेरिटेज संरक्षण के तरीकों और इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की तकनीकी जानकारी दी।

### संस्कृति व हेरिटेज को हर हाल में बचाएं: डॉ. राकेश

**इस** शैक्षणिक भ्रमण और सेमिनार में कई गणमान्य व्यक्ति विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश राणा ने कुल्लू और हिमाचल प्रदेश की लुप्त हो रही संस्कृति, भाषा और धरोहरों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कॉलेज के छात्रों से भावुक अपील करते हुए कहा कि हमारी लुप्त हो रही हेरिटेज चाहे किसी भी रूप में हो, उसे हर हाल में बचाया जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों को सहेजने के लिए आगे आना होगा।

## 175 वर्षों के इतिहास में ऐतिहासिक नियुक्ति

# द लॉरेंस स्कूल सनावर की पहली महिला हेडमास्टर बनीं रुचि प्रधान दत्ता

अनंत ज्ञान



**सोलन।** द लॉरेंस स्कूल सनावर ने रुचि प्रधान दत्ता को विद्यालय का नया हेडमास्टर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि 175 वर्षों से अधिक पुराने संस्थान के इतिहास में वह विद्यालय का नेतृत्व करने

◆ **रुचि प्रधान दत्ता को शिक्षा क्षेत्र में 25 वर्षों का है अनुभव**

वाली पहली महिला बनी हैं। रुचि प्रधान दत्ता को शिक्षा क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है और उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं। वे ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज और इसाबेला थोबर्न कॉलेज की पूर्व छात्रा रही हैं। उन्होंने द बिशप्स स्कूल पुणे, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, द लॉरेंस स्कूल लवडेल और राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल सहित कई संस्थानों में सेवाएं दी हैं।

पिछले छह वर्षों से वह द एशियन स्कूल देहरादून की प्रिंसिपल थीं। रुचि प्रधान दत्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप और मजबूत बनाना तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सत श्री बाडु बाड़ा पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद गठन एवं अलंकरण समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सत श्री बाडु बाड़ा पब्लिक स्कूल भलग (मांगल) में प्रधानाचार्या इंदिरा शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र परिषद का गठन एवं अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व उप-प्रधान एवं समाजसेवी सीताराम तथा प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। अभिनव ठाकुर को प्रधान छात्र तथा आरोही को प्रधान छात्रा चुना गया। वहीं आयुष रंघुवंशी को वायु सदन का कप्तान, हिमानी को अग्नि सदन का कप्तान और प्रियंका को पृथ्वी सदन का कप्तान नियुक्त किया गया। इसके उपरांत सभी नवनियुक्त सदस्यों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### ग्राम पंचायत नाहरी के वार्ड-3 से चंद्रकांता शर्मा निर्विरोध वार्ड सदस्य निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन के विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत नाहरी के वार्ड नंबर-3 थापल से मंझला मध्याना निवासी चंद्रकांता शर्मा



(चारू) निर्विरोध वार्ड सदस्य निर्वाचित हुई हैं। वार्ड से किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल न किए जाने के कारण उन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। उनके निर्विरोध चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा लोगों ने इसे आपसी सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक बताया है। चंद्रकांता शर्मा के पति मनमोहन वशिष्ठ पंचायत के पूर्व उपप्रधान रह चुके हैं और लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। निर्वाचन के बाद दोनों ने वार्डवासियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड के अंतर्गत थापल, पालती, उपरला मध्याना और मंझला मध्याना गांव आते हैं, जहां विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### नाहन नगर परिषद चुनावः डीसी प्रियंका वर्मा ने पोलिंग बूथों व काउंटिंग हॉल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद चुनाव के तहत रविवार को हुए मतदान के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने चुनाव प्रक्रिया पर लगातार नजर रखते हुए नगर परिषद के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। डीसी प्रियंका वर्मा ने जिला पंचायत कार्यालय के प्रथम तल पर बनाए गए काउंटिंग हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से मतगणना स्थल पर लाउडस्पीकर सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। गौरतलब है कि नाहन नगर परिषद के 13 वार्डों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस और होमगार्ड के जवान पूरे दिन सक्रिय दिखाई दिए। जवानों ने बुजुर्ग और शारीरिक रूप से कमजोर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और वापस लाने में भी सराहनीय सहयोग दिया। डीसी वर्मा ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## नगर निकाय चुनाव, लोकतंत्र का उत्सव







नगर निगम सोलन में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए।





नगर निगम सोलन के वार्ड 6 में मताधिकार को पहुंचे मतदाता। अनंत ज्ञान

# सोलन नगर निगम चुनाव में 58.59% वोटिंग

## दिव्यांग सुविधाओं व मतदान के समय पर उठे सवाल, 31 मई को आएगा नतीजा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए, जहां 17 वार्डों के लिए मतदान कराया गया। मतदान के दौरान सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और लोग चिलचिलाती धूप के बावजूद कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए।

हालांकि कुल मतदान प्रतिशत उम्मीद से कम रहा और 58.59 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जिससे प्रत्याशियों के बीच मुकाबला और भी दिलचस्प होने की संभावना बढ़ गई है। नगर निगम चुनाव में कुल 34,147 मतदाताओं में से 19,914 लोगों ने वोट डाला, जिनमें 10,027 पुरुष और 9,886 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। एक मतदान केंद्र पर तकनीकी कारणों से मतदान देर से शुरू हुआ, लेकिन बाद में पूरी प्रक्रिया सामान्य रूप से संपन्न कर ली गई। मतदान के समय को लेकर भी मतदाताओं में असंतोष देखने को मिला। लोगों का कहना था कि पहले मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होता था, जिससे अधिक लोगों को सुविधा मिलती थी। इस बार समय कम होने के कारण कुछ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके। इसके अलावा कई मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बेरियर-फ्री व्यवस्था की कमी भी सामने आई, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मतदाताओं ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में सभी मतदान केंद्रों को पूरी तरह सुलभ बनाया जाए ताकि दिव्यांग मतदाता बिना किसी परेशानी के मतदान कर सकें।

कम मतदान का एक कारण पंचायत चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी को भी माना जा रहा है। अब सभी की नजरें 31 मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जब ईवीएम में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सामने आएगा।

### युवा मतदाताओं ने पहली बार किया अपने मताधिकार का प्रयोग







## नगर पंचायत अर्की

### चुनावी नतीजे घोषित दो प्रत्याशी 3 वोट के अंतर से जीते

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** नगर पंचायत अर्की के सातों वार्डों में रविवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल 2204 मतदाताओं में से 1674 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे मतदान प्रतिशत 75.95 दर्ज किया गया। पूरे दिन मतदान

◆ **अर्की नगर पंचायत चुनाव में 75.95 प्रतिशत मतदान**

केंद्रों पर उत्साह का माहौल रहा और लंबी कतारों में खड़े होकर लोगों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी भागीदारी दिखाई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के कारण मतदान प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हुई। वार्डवार परिणामों में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। वार्ड नंबर-1 से रंजना कालिया ने 70 वोट से जीत हासिल की, जबकि वार्ड-2 से देवेंद्र कुमार 76 वोट से विजयी रहे। वार्ड-3 में अजय गुप्ता ने मात्र 3 वोटों के अंतर से प्रदीप कुमार को हराया, जो सबसे करीबी मुकाबलों में से एक रहा। वार्ड-4 से किरण गुप्ता ने 43 वोटों से जीत दर्ज की। वार्ड-5 में तारा गुप्ता और सीमा शर्मा के बीच बराबरी रहने पर पर्ची प्रणाली के माध्यम से सीमा शर्मा को विजेता घोषित किया गया। वार्ड-6 में वीणा वर्मा ने 3 वोटों से जीत हासिल की, जबकि वार्ड-7 में अनुज गुप्ता 33 वोटों से विजयी रहे। मतदान प्रतिशत के अनुसार वार्ड-1 में सर्वाधिक 86.10 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड-2 में सबसे कम 67.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अन्य वार्डों में भी 69 से 80 प्रतिशत के बीच मतदान हुआ। नगर पंचायत के पूर्व प्रधानों की सूची में सतीश कश्यप, सावित्री कश्यप, सीमा शर्मा, सावित्री गुप्ता, वीना ठाकुर, अनुज गुप्ता और हेमेंद्र गुप्ता शामिल रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न कार्यकालों में नगर पंचायत का नेतृत्व किया।

# नगर पंचायत कंडाघाट में 82.75% मतदान, परिणाम घोषित

प्रेम कुमार

**कंडाघाट।** नगर पंचायत कंडाघाट में रविवार को संपन्न हुए चुनाव में कुल 82.75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा के अनुसार नगर पंचायत में कुल 1548 मतदाताओं में से 1281 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 774 पुरुष मतदाताओं में से 645 और 774 महिला मतदाताओं में से 636 ने मतदान किया।

वार्डवार आंकड़ों के अनुसार वार्ड नंबर एक सिलहारी में 74.91 प्रतिशत, वार्ड नंबर दो हिमुडा में 82 प्रतिशत, वार्ड नंबर तीन पड़ाव में 90.27 प्रतिशत, वार्ड नंबर चार दोलग में 80.98 प्रतिशत, वार्ड नंबर पांच राज राजेश्वरी में 89.80 प्रतिशत, वार्ड नंबर छह लोअर बाजार में 74.88 प्रतिशत और वार्ड नंबर सात बृजेश्वर महादेव में 87.07 प्रतिशत मतदान हुआ। सिलहारी वार्ड में 283 में से 212, हिमुडा में 150 में से 123, पड़ाव में 185 में से 167, दोलग में 205 में 166, राज राजेश्वरी में 255 में 229, लोअर बाजार में 207 में 155 तथा बृजेश्वर महादेव में 263 में 229 मतदाताओं ने मतदान किया।

### विजेताओं की सूची

**परिणामों** में वार्ड नंबर एक से रवि सेठी, वार्ड दो से पुनीत शर्मा, वार्ड तीन से राजकुमार, वार्ड चार से पुष्पा, वार्ड पांच से रजिता, वार्ड छह से नीरज कुमार और वार्ड सात से मोनिका पंडित विजयी रहीं।



नगर पंचायत कंडाघाट के वार्ड नंबर-7 बृजेश्वर महादेव वार्ड में 104 वर्षीय मेहरू ने मतदान किया और अपने इस कार्य से सभी को प्रेरित किया। अनंत ज्ञान

### नालागढ़ : मतदान करने पहुंचे लोग





### हर हाल में मतदान में सुनिश्चित की भागीदारी



# सिरमौर में 67.24 फीसदी मतदान दर्ज

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर में शहरी निकायों के चुनाव के लिए रविवार को हुए मतदान में कुल 67.24 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जिसमें 68.37 प्रतिशत पुरुष मतदाता तथा 66.13 प्रतिशत महिला मतदाताओं व 75 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद नाहन, में 67.39 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि नाहन नगर परिषद में कुल 19 हजार, 876 मतदाताओं में से 13 हजार, 394 मतदाताओं ने मतदान किया। 10 हजार, 61 महिला मतदाताओं में से 6 हजार, 662 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है तथा 9 हजार, 814 पुरुष मतदाताओं में से 6 हजार, 731 मतदाताओं व 01 थर्ड जेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पांवटा साहिब में 65.87 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**नगर परिषद पांवटा साहिब** में कुल 18 हजार, 248 मतदाताओं में से 12 हजार, 20 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें कुल 9 हजार, 174 पुरुष मतदाताओं में से 6 हजार, 144 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया, जबकि 9 हजार, 72 महिला मतदाताओं में से 5 हजार, 875 महिला मतदाताओं व 2 थर्ड जेंडर मतदाताओं में से 01 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

**नगर पंचायत राजगढ़** में 78.04 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत राजगढ़ में कुल 1982 मतदाताओं में से 1554 मतदाओं ने मतदान किया है। उन्होंने बताया कि 981 पुरूष मतदाताओं में से 777 पुरूष मतदाता तथा 01 हजार महिला मतदाताओं में से 776 महिला मतदाताओं व 01 थर्ड जेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उपायुक्त ने बताया कि जिला के नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब तथा नगर पंचायत राजगढ़ के सभी 55 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया प्रातः 7:00 बजे निर्धारित समय पर शुरू कर दी गई। सभी केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। मतदान के लिए पहली बार भाग लेने वाले युवा मतदाताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं, महिला मतदाताओं तथा दिव्यांगजन मतदाताओं ने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना योगदान दिया।

# कार्रवाई : कोलर हमला मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

## तकनीकी जांच के आधार पर हरियाणा से दबोचे आरोपी

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान फॉलोअप

**नाहन।** जिला सिरमौर के थाना माजरा के अंतर्गत कोलर क्षेत्र में दुकानदार पर धारदार हथियार और डंडों से हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार मामले में 11 मई, 2026 को थाना माजरा में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर के निर्देश पर थाना माजरा पुलिस और साइबर टीम सहित विशेष जांच टीमें गठित की गई थीं।

पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन व अन्य सूचनाओं के आधार पर हरियाणा में लगातार दबिश दी। जांच के दौरान मुख्य आरोपी रमन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल दो वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ जारी है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद परवाणू में 69.04% मतदान

## कुल 5055 मतदाताओं में से 3490 ने ही किया अपने मताधिकार का प्रयोग

अनंत ज्ञान

**परवाणु।** शहरी निकाय निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नगर परिषद परवाणू के लिए हुए निर्वाचन में कुल 69.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि नगर परिषद परवाणू में कुल 5055 मतदाताओं में से 3490 ने मतदान किया। कुल 2767 पुरुष मतदाताओं में से 1875 तथा कुल 2288 महिला मतदाताओं में से 1615 ने मतदान किया। नप परवाणू के सभी वार्डों में मतदान करने वाले पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 67.76 तथा मतदान करने वाली महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 70.59 रहा।

वार्ड नंबर-01 वर्किंग वुमन हॉस्टल वार्ड में 78.42 प्रतिशत, वार्ड नंबर-02 एचआरटीसी वर्कशॉप वार्ड में 84.11 प्रतिशत, वार्ड नम्बर-03 परवाणू आईशर वार्ड में 67.58 प्रतिशत, वार्ड नंबर-04 परवाणू गेबरियल वार्ड 60.84 प्रतिशत, वार्ड नंबर-05 हाउसिंग बोर्ड रेस्ट हाउस वार्ड में 68.05 प्रतिशत, वार्ड नंबर-06 परवाणू शॉपिंग सेंटर वार्ड में 70.49 प्रतिशत, वार्ड नंबर-07 ईडब्ल्यूएस वार्ड में 74.29 प्रतिशत, वार्ड नंबर-8 परवाणू इंडस्ट्रियल वार्ड में 58.08 प्रतिशत तथा वार्ड नंबर-9 सर्किट हाउस वार्ड में 71.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नंबर-1 वर्किंग वुमन हॉस्टल वार्ड में कुल 329 मतदाताओं में से 258 ने मतदान किया। यहां कुल 163 पुरुष मतदाताओं में से 124 तथा कुल 166 महिला मतदाताओं में से 134 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 76.07 तथा महिला मत प्रतिशत 80.72 रहा।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-2 एचआरटीसी वर्कशॉप वार्ड में कुल 384 मतदाताओं में से 323 ने मतदान किया। यहां कुल 213 पुरुष मतदाताओं में से 172 तथा कुल 171 महिला मतदाताओं में से 151 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 80.75 तथा महिला मत प्रतिशत 88.30 रहा।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-3 आईशर वार्ड में कुल 256 मतदाताओं में से 173 ने मतदान किया। यहां कुल 155 पुरुष मतदाताओं में से 100 तथा कुल 101 महिला मतदाताओं में से 73 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 64.52 तथा महिला मत प्रतिशत 72.28 रहा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नंबर-4 गेबरियल वार्ड में कुल 475 मतदाताओं में से 289 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल 310 पुरुष मतदाताओं में से 182 तथा कुल 165 महिला मतदाताओं में से 107 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 58.71 तथा महिला मत प्रतिशत 64.85 रहा।

उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-5 हाउसिंग बोर्ड रेस्ट हाउस वार्ड में कुल 961 मतदाताओं में से 654 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल 497 पुरुष मतदाताओं में से 336 तथा कुल 464 महिला मतदाताओं में से 318 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 67.61 तथा महिला मत प्रतिशत 68.53 रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वार्ड नंबर-6 शॉपिंग सेंटर वार्ड में कुल 803 मतदाताओं में से 566 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल 423 पुरुष मतदाताओं में से 302 तथा कुल 380 महिला मतदाताओं में से 264 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल पुरुष मत प्रतिशत 71.39 तथा महिला मत प्रतिशत 69.47 रहा।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-7 ईडब्ल्यूएस वार्ड में कुल 599 मतदाताओं में से 445 ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि इस वार्ड में कुल 318 पुरुष मतदाताओं में से 232 तथा कुल 281 महिला मतदाताओं में से 213 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 72.96 तथा महिला मत प्रतिशत 75.80 रहा।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-8 इंडस्ट्रियल वार्ड में कुल 823 मतदाताओं में से 478 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल 455 पुरुष मतदाताओं में से 259 तथा 368 महिला मतदाताओं में से 219 ने मतदान किया। इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 56.92 तथा महिला मत प्रतिशत 59.51 प्रतिशत रहा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि नगर परिषद परवाणू के वार्ड नम्बर-9 सर्किट हाउस वार्ड में कुल 425 मतदाताओं में से 304 ने मतदान किया। इस वार्ड में कुल 233 पुरुष मतदाताओं में 168 तथा कुल 192 महिला मतदाताओं में से 136 ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि इस वार्ड में पुरुष मत प्रतिशत 72.10 तथा महिला मत प्रतिशत 70.83 रहा।

# यूक्रेन का रूस पर बड़ा हमला, 500 से ज्यादा ड्रोन दागे, 4 लोगों की मौत

## कई लोग घायल, रिहायशी इमारतों को पहुंचा भारी नुकसान

**एजेंसी, मॉस्को**

**यूक्रेन** ने रूस पर सबसे बड़े ड्रोन हमले को अंजाम दिया है। रात भर चले इन हमलों में मॉस्को समेत रूस के कई इलाकों को निशाना बनाया गया।

रूस के अधिकारियों की अगर मानें तो इस अटैक में 500 से ज्यादा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने इस हमले को रूसी राजधानी क्षेत्र पर एक साल से ज्यादा समय में हुआ सबसे बड़ा हमला बताया है। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। साथ ही, अलग-अलग इलाकों में रिहायशी इमारतों और बुनियादी सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा।



**रूस ने 556 ड्रोन को किया तबाह :** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस हमले के दौरान उसके हवाई सुरक्षा तंत्र ने एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में यूक्रेन के 556 ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया। इस दौरान मॉस्को और पश्चिमी रूस के आसपास धमाकों और आपातकालीन बचाव कार्यों की खबरें भी आईं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार लोगों की जान चली गई। इनमें से तीन लोगों की मौत मॉस्को क्षेत्र में और एक व्यक्ति की मौत यूक्रेन की सीमा के पास स्थित बेलगोरोद क्षेत्र में हुई। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि इन हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। वोरोब्योव के मुताबिक, एक ड्रोन के एक निजी रिहायशी मकान से टकराने के कारण एक महिला की मौत हो गई, जबकि बचाव अभियान के दौरान एक अन्य व्यक्ति घंटों तक मलबे के नीचे फंसा रहा। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार का बेटा गिरफ्तार

**एजेंसी, हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे भगीरथ को पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया और बाद में उसे मजिस्ट्रेट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त ने सूचना दी कि भगीरथ को पकड़ने के लिए करीमनगर, दिल्ली और अन्य स्थानों पर अलग अलग टीम भेजी गई थी। टीम ने उसके परिचितों के घर समेत उन अन्य स्थानों की भी तलाशी ली जहां आरोपी अक्सर जाता था। विश्वस्त सूचना मिली थी भगीरथ हैदराबाद में पुलिस अकादमी के पास है जिसके आधार पर नाकाबंदी की गई। साइबराबाद पुलिस की विशेष अभियान टीम (एसओटी) ने शनिवार रात नरसिंगी पुलिस थाना क्षेत्र के मंचिरेवुला में भगीरथ को गिरफ्तार कर लिया। उसे हिरासत में ले लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने खारिज किया सिंधु जल संधि पर इंटरनेशनल कोर्ट का फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े मामले में हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (सीओए) के ताजा फैसले को खारिज कर दिया है। केंद्र सरकार ने कहा कि यह तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय 'अवैध रूप से गठित'' है और उसके सभी फैसले अमान्य हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 15 मई को जारी फैसला अधिकतम जल संचयन से जुड़ा है और यह सिंधु जल संधि की व्याख्या से संबंधित पहले के फैसले का पूरक है। उन्होंने कहा कि भारत इस फैसले को उसी तरह खारिज करता है, जैसे पहले के सभी निर्णयों को खारिज किया गया था। जायसवाल ने कि भारत ने इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय को कभी मान्यता नहीं दी। इसके द्वारा जारी कोई भी कार्रवाई फैसला या निर्णय मान्य नहीं है।' भारत ने यह भी दोहराया कि सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का उसका फैसला अब भी लागू है। (अनंत ज्ञान)



### पहलगाम हमले के बाद स्थगित हुई संधि

**विदेश** मंत्रालय ने पहले भी कहा था कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ दबाव बनाने और आतंकवाद के मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए करता रहा है। पिछले वर्ष पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए थे, जिनमें सिंधु जल संधि को स्थगित रखना भी शामिल था।

**कब हुई थी सिंधु जल संधि?:** भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि पर 1960 में हस्ताक्षर हुए थे। यह संधि सिंधु नदी प्रणाली के जल बंटवारे से जुड़ी है। किशनगंगा और रैटल जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यह मामला मध्यस्थता न्यायालय तक पहुंचा। भारत लगातार कहता रहा है कि इस न्यायाधिकरण का गठन ही संधि का उल्लंघन है।

## ट्रंप के दौरे के बाद अब पुतिन भी जाएंगे चीन, जिनपिंग के साथ रणनीतिक साझेदारी पर होगी बात

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर पुष्टि की है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। पुतिन यह यात्रा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर कर रहे हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह यात्रा अच्छे पड़ोसी, दोस्ती और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर होने की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई है। यह संधि दोनों देशों के बीच अंतरराज्यीय संबंधों के लिए एक बुनियादी और महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जाती है। अपनी इस यात्रा के दौरान पुतिन और शी जिनपिंग द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। वे रूस और चीन के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और अधिक गहरा करने के रास्तों पर विचार करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेता दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी एक-दूसरे के साथ अपने विचार साझा करेंगे। दोनों नेताओं के 'रूस और चीन के शिक्षा वर्ष 2026-2027' के आधिकारिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने की भी उम्मीद है। आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच उच्चतम स्तर पर एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। इसके अलावा कई द्विपक्षीय सरकारी, विभागीय और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# टॉप-10 कंपनियों में से 9 की वैल्यू 3.12 लाख करोड़ घटी

## रिलायंस टॉप लूजर रही, वैल्यू 1.34 लाख करोड़ रुपए घटी

**एजेंसी, मुंबई**

**मार्केट** कैप के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 9 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 3.12 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज की मार्के वैल्यू सबसे ज्यादा घटी है। रिलायंस की मार्केट वैल्यू 1.34 लाख करोड़ घटकर 18.08 लाख करोड़ रुपए पर आ गई। वहीं एसबीआई की की मार्केट वैल्यू 52,245 करोड़ घटकर 8.89 लाख करोड़ पर आ गई। इसके अलावा टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एचयूएल और एलआईसी की मार्केट वैल्यू भी घटी है। वहीं बीते हफ्ते सिर्फ भारतीय एयरटेल की मार्केट वैल्यू बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

◆ **एसबीआई-टीसीएस का मार्केट कैप भी घटा**

### पिछले हफ्ते सेंसेक्स 2,090 अंक गिरा था

**पिछले** हफ्ते सेंसेक्स 2,090 (2.7%) अंक और निफ्टी 532 (2.2%) अंक गिरा था। वहीं, बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 516 अंक की गिरावट के साथ 77,328 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 150 अंकों की गिरावट रही, ये 24,176 पर आ गया।

**कंपनी पर असर :** बड़ा मार्केट कैप कंपनी को मार्केट से फंड जुटाने, लोन लेने या अन्य कंपनी एक्वायर करने में मदद करता है। वहीं, छोटे या कम मार्केट कैप से कंपनी की फाइनेंशियल डिसीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है।

**निवेशकों पर असर :** मार्केट कैप बढ़ने से निवेशकों को डायरेक्ट फायदा होता है, क्योंकि उनके शेयरों की कीमत बढ़ जाती है। वही, गिरावट से नुकसान हो सकता है, जिससे निवेशक शेयर बेचने का फैसला ले सकते हैं।

**मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?:** मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

## सुरक्षाबलों ने मणिपुर में उग्रवादी किया गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने बीते 24 घंटे में चलाए गए विभिन्न अभियानों में दो कथित मादक पदार्थ तस्करों तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने काकचिंग जिले के हियांगलाम थाना क्षेत्र स्थित पोल स्टार कॉलेज के निकट अभियान चलाकर इम्फाल ईस्ट जिले के कैरंग मयाई लेइकाई निवासी मोहम्मद सलीम (31) तथा मोहम्मद नवाब (32) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 13 साबुनदानी में छिपाकर रखा गया संदिग्ध हेरोइन ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जिसका वजन लगभग 147 ग्राम बताया गया है। इसके अलावा एक चारपहिया वाहन तथा 52 हजार नकद भी जब्त किए गए। इसी दिन सुरक्षाबलों ने एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी (अपुनबा) के सक्रिय सदस्य रेक्स थौदम उर्फ मचाटोम्बी (23) को भी गिरफ्तार किया। उसे इंफाल वेस्ट जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी मूल रूप से इंफाल ईस्ट जिले के पैलेस कंपाउंड हेइजिंगांग रोड का निवासी है और वर्तमान में काकवा नाओरेम लेइकाई में रह रहा था। सुरक्षा एजेंसियां दोनों मामलों में आगे की जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह किया, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, काठमांडू**

**नेपाल** के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'माउंट एवरेस्ट' को 32वीं बार फतह करके इतिहास रच दिया। शेरपा ने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार सफलता पूर्वक चढ़ाई करने का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। पर्यटन विभाग के अनुसार 56 वर्षीय अनुभवी पर्वतारोही रविवार पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे।




विभाग ने बताया कि शेरपा '14 पीक्स एक्सपेडिशन' द्वारा संचालित एक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, एवरेस्ट आधार शिविर स्थित पर्यटन विभाग के फील्ड कार्यालय ने सफलतापूर्वक चढ़ाई करने की पुष्टि की। पर्यटन विभाग ने शेरपा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि नेपाल के पर्वतारोहण क्षेत्र और देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है। जनवरी 1970 में कोशी प्रांत के सोलुखुम्बु जिले के एक गांव में जन्मे कामी रीता ने 1992 में एक पेशेवर पर्वतारोही के रूप में अपना करियर शुरू किया। शेरपा ने पहली बार 1994 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। उन्होंने 27 मई को एवरेस्ट पर 31वीं बार सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रविवार को 'पर्वत रानी' नाम से मशहूर और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वालीं नेपाल की प्रथम महिला ल्हाकपा शेरपा ने शिखर पर11वीं बार सफल चढ़ाई पूरी करके अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। पर्यटन विभाग ने बताया कि ल्हाकपा रविवार सुबह साढ़े नौ बजे शिखर पर पहुंचीं। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री मान ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को फिनलैंड किया रवाना



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब में 'शिक्षा क्रांति' को और गति देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सरकारी स्कूलों के 72 शिक्षकों के सबसे बड़े बैच को फिनलैंड के लिए रवाना किया। ये शिक्षक 29 मई तक तुर्कू विश्वविद्यालय में आधुनिक शिक्षा पद्धतियों, विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण मॉडल और कक्षा प्रबंधन की नई तकनीकों का प्रशिक्षण लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला रही है और सरकारी स्कूलों के प्रदर्शन में सुधार के कारण पंजाब देश में अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि शिक्षक-अभिभावक बैठकों और बुनियादी ढांचे में सुधार से स्कूलों में नामांकन और परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मान ने कहा कि सरकार शिक्षकों को प्रशासनिक कार्यों से मुक्त कर केवल शिक्षण पर केंद्रित कर रही है। साथ ही भविष्य में भी शिक्षकों को सिंगापुर और आईआईएम अहमदाबाद जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण के अवसर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकारी स्कूल अब प्राइवेट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं और विद्यार्थियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

## खरड़ में नौकर ने महिला पर हमला कर की लूटपाट

**अनंत ज्ञान, खरड़।** खरड़। चंडीगढ़ से सटे खरड़ की शिवालिक सिटी हाउसिंग सोसायटी में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां घर में काम करने आए नौकर ने मालकिन पर हमला कर लूटपाट की और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी हीरालाल साहनी उर्फ हैरी को घर में काम के लिए करीब 5-6 दिन पहले रखा गया था। 14 मई की सुबह जब परिवार का एक सदस्य जिम गया हुआ था, उसी दौरान आरोपी ने घर में अकेली महिला पर बेलन से हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आरोप है कि हमले के बाद नौकर घर से नकदी, सोने-चांदी के गहने और मोबाइल फोन लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। साथ ही मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# क्लास फोर यूनियन के प्रधान बने गुरप्रीत सिंह, 246 वोटों से जीते

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग की क्लास फोर इम्प्लाइज यूनियन (रजि. नं. 638) के प्रधान पद का चुनाव मस्जिद ग्राउंड में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान में यूनियन सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



चुनाव में गुरप्रीत सिंह ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी सुरेश कुमार को 246 वोटों के अंतर से हराया। कुल 286 वोटों में से गुरप्रीत सिंह को 266 वोट मिले, जबकि सुरेश कुमार को 20 वोट प्राप्त हुए। तीसरे प्रत्याशी संजय कुमार ने नामांकन वापस लेकर गुरप्रीत सिंह का समर्थन किया था।

चुनाव के दौरान चेयरमैन गया प्रसाद ने बताया कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक और शांत माहौल में संपन्न हुई। मतदान में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। नवनिर्वाचित प्रधान गुरप्रीत सिंह ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें सीनियर उपप्रधान संजय कुमार, उपप्रधान श्याम शंकर, महासचिव संजय यादव, सहायक सचिव गुलजार, प्रेस सचिव अशोक कुमार, कैशियर राकेश कुमार, सहायक कैशियर अनिल कुमार, प्रचार सचिव पुरषोत्तम और ऑडिटर कुलवंत सिंह शामिल हैं। इसके अलावा 12 सदस्यीय कार्यवाहक कमेटी भी गठित की गई।

गुरप्रीत सिंह ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि यूनियन कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य करेगी।

## 'आप' सांसद कंग ने ईसी को लिखा पत्र, पंजाब के वोटरों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया और पंजाब के वास्तविक मतदाताओं, खासकर एनआरआई पंजाबी समुदाय पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। कंग ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और उद्देश्य पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए आशंका है कि कहीं पंजाब में भी बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम सूची से न हटाए जाएं।



सांसद ने एनआरआई वोटरों के लिए ऑनलाइन सत्यापन, लचीली समय सीमा और दूतावासों के माध्यम से सहायता जैसी सुविधाएं देने की मांग की। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने वाले असली मतदाताओं के नाम प्रक्रिया की कठिनाइयों के कारण गलत तरीके से हट सकते हैं। कंग ने चुनाव आयोग से प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और एनआरआई-फ्रेंडली बनाने की अपील की और सभी राजनीतिक दलों से सतर्क रहने का आग्रह किया।

# हाईकोर्ट के आदेशों के बाद नगर काउंसिल खरड़ के चुनाव स्थगित

अनंत ज्ञान




**गुरनाम सागर, मोहाली।** डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने जानकारी दी कि राज्य चुनाव आयोग, पंजाब द्वारा माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए नगर काउंसिल खरड़ के आम चुनाव स्थगित करने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग, पंजाब से प्राप्त संचार के अनुसार नगर काउंसिल खरड़ के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया, जिसमें वर्तमान में जारी नामांकन प्रक्रिया भी शामिल है, को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय माननीय हाईकोर्ट द्वारा 15 मई, 2026 को सीडब्ल्यूपी नंबर 14752 ऑफ 2026 कुलवंत सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में दिए गए आदेशों के मद्देनजर लिया गया है, जो नगर काउंसिल खरड़ से संबंधित साथ लगते निर्धारित क्षेत्रों के मतदाताओं को शामिल करने से संबंधित है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि चुनाव स्थगन संबंधी सार्वजनिक नोटिस रिटर्निंग अधिकारी, खरड़ तथा नगर काउंसिल खरड़ के कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि जिन उम्मीदवारों द्वारा नगर काउंसिल खरड़ के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं, वे राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार नामांकन शुल्क की वापसी के हकदार होंगे।

डीसी कोमल मित्तल ने कहा कि नगर काउंसिल खरड़ के चुनाव करवाने संबंधी अगली कार्रवाई स्थानीय सरकार विभाग, पंजाब से नई अधिसूचना प्राप्त होने के बाद की जाएगी।

## यमुनानगर: पश्चिमी यमुना नहर में मिला वृद्ध महिला का शव

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** यमुनानगर जिले में पश्चिमी यमुना नहर से एक वृद्ध महिला का शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला बुड़िया थाना क्षेत्र का है, जहां रविवार सुबह ग्रामीणों ने नहर में एक महिला का शव बहता देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की सहायता से बुढ़िया पुल के निकट नहर से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार महिला की आयु लगभग 60 से 65 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव बिना वस्त्रों के मिला है, जिसके चलते पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

प्रारंभिक जांच में महिला के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि, परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। महिला के एक हाथ पर 'ऊं' का चिन्ह बना हुआ है। इसके अतिरिक्त हाथों में कड़े तथा उंगलियों में अंगूठियां भी मिली हैं, जिनके आधार पर पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# रोहतक में नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन, उच्च स्तरीय जांच की मांग

अनंत ज्ञान

**रोहतक।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन के कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक के खिलाफ रविवार को रोहतक में हुडा सिटी पार्क नए बस स्टैंड के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए एआईडीओ के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह ने सरकार और परीक्षा प्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक होना अब कोई पहली बार की घटना नहीं है। यह सिलसिला पिछले कई बार से लगातार चल रहा है।




हर बार इस महाघोटाले में एनटीए नकल माफिया और बड़े-बड़े कोचिंग संस्थानों की मिलीभगत सामने आती है, लेकिन सरकार हर बार मामले को रफा-दफा करके ठंडे बस्ते में डाल देती है। इसी ढुलमुल रवैए के कारण नकल माफिया और कोचिंग संस्थानों के हौसले बुलंद हैं और वे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान एआइडीवाईओ ने सरकार से मांग की है कि नीट पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच हो ताकि नकल माफिया और कोचिंग संस्थानों के गठबंधन का पूरी तरह पर्दाफाश हो सके। इस घोटाले में जो भी लोग दोषी पाए जाएं, उन्हें ऐसी सख्त और उदाहरण मूलक (नजीर बनने वाली) सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके।

इस पूरे मामले में सरकार अपनी जिम्मेदारी तय करे और जनता के प्रति जवाबदेह बने। बार-बार पेपर लीक में शामिल रही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तुरंत भंग किया जाए। भविष्य में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एक पूरी तरह से सुरक्षित और फुल-प्रूफ सिस्टम तैयार किया जाए। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक छात्रों और युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता और परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं होता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## जींद : पुलिस पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने बाड़ा बीड़ वन में शनिवार को हांसी ब्रांच नहर के निकट पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए तीनों बदमाशो के खिलाफ जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों बदमाश नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। रविवार को तीनों बदमाशों को नागरिक अस्पताल के कैदी वार्ड में शिफट कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ के एएसआई समरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव रामराये की तरफ हांसी ब्रांच नहर पुल बड़ा बीड में पेड़ के नीचे तीन हथियारबंद बदमाशा शराब पी रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस तीनों बदमाशों को पुलिस ने घेर लिया। बदमाशों ने सरेंडर करने की बजाय फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों के पांव में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक धरपकड़ के दौरान घायल हो गया।




गोली लगने से घायल बदमाशों की पहचान गांव कलोई निवासी भगता, गांव निडाना निवासी अक्षय तथा गिरने से घायल बदमाश की पहचान गांव करेला निवासी अंकित के रूप में हुई। तीनों घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल में पुलिस सुरक्षा के बीच भर्ती करवाया गया है। तीनों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर थाना के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने समरजीत की शिकायत पर तीनों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बायर्न म्यूनिख ने 122 गोल के नए रिकॉर्ड के साथ जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी

**एजेंसी, म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे। (अनंत ज्ञान)

### सुनील नरेन आईपीएल के बेस्ट खिलाड़ी : अंबाती रायडू



**एजेंसी, कोलकाता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर सुनील नरेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बताया है। रायडू का कहना है कि नरेन जैसे खिलाड़ी का सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि वह गेंद और बल्ले दोनों से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। नरेन ने शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डंस में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को 29 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रायडू ने कहा कि आईपीएल में कई बड़े खिलाड़ी आए हैं, लेकिन नरेन हमेशा अलग नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि गेंद उनके हाथ से रुककर आती है, जिससे बल्लेबाजों को संतुलन बनाने में दिक्कत होती है। आईपीएल इतिहास में नरेन अब तक 205 विकेट ले चुके हैं और वह लीग के सबसे सफल विदेशी गेंदबाजों में शामिल हैं। वह 2012 से केकेआर का हिस्सा हैं और टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### वुमंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पाक टीम का ऐलान, सना बनी कप्तान

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने होने वाले वुमंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। टीम आयरलैंड में होने वाली ट्राई सीरीज में भी हिस्सा लेगी। ऑलराउंडर फातिमा सना को लगातार दूसरे एडिशन के लिए कप्तान बनाया गया है। पाकिस्तान 14 जून को बर्मिंघम में भारत के खिलाफ मैच से अभियान शुरू करेगा। इससे पहले टीम 28 मई से 4 जून तक डबलिन में वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। ऐमन फातिमा, नतालिया परवेज, रामीन शमीम, सायरा जबीन और तस्मिया रुबाब पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप खेलेंगी। 34 वर्षीय बल्लेबाज इरम जावेद खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बचाने में सफल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### जेहरा का खूबसूरत खेल अंदाज

**तुर्की।** वॉलीबॉल खिलाड़ी जेहरा गुन्स की गिनती दुनिया की सबसे खूबसूरत एथलीट में होती है। जेहरा का ग्लैमरस अंदाज और खूबसूरत चेहरा हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल्स को टक्कर देता है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।




प्लेऑफ की उम्मीद बचाने उतरेगी सीएसके, चेन्नई की पिच पर स्पिनर का दिखेगा दम

# चेपॉक में भिड़ेंगे चेन्नई और हैदराबाद

**एजेंसी, चेन्नई**

आईपीएल का 63वां मुकाबला सोमवार 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम यानी चेपॉक में खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है। खास तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह मैच करो या मरो जैसा होगा, क्योंकि इस मुकाबले में हार उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को लगभग खत्म कर सकती है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि टीम टॉप-2 में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है और उसे अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। ऐसे में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबले की उम्मीद की जा रही है।



चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम हमेशा से स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार माना जाता रहा है। इस मैदान की पिच धीमी रहती है और गेंद टर्न भी करती है, जिसके कारण स्पिनर्स यहां अक्सर बल्लेबाजों पर हावी नजर आते हैं। यही वजह है कि चेन्नई सुपर किंग्स ने लंबे समय तक अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि इस सीजन चेपॉक की पिच का मिजाज थोड़ा बदला हुआ नजर आया है। यहां बल्लेबाजों ने भी जमकर रन बनाए हैं और कई मुकाबले हाई स्कोरिंग साबित हुए हैं। इससे साफ है कि इस बार बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबर मदद मिल सकती है।

मुकाबले में टॉस भी अहम भूमिका निभा सकता है। हाल के मैचों को देखते हुए कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकते हैं, क्योंकि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अपेक्षाकृत आसान माना गया है। ओस भी मैच के नतीजे पर असर डाल सकती है। ऐसे में दोनों टीमों के कप्तानों की रणनीति काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। अगर दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो आंकड़ों में चेन्नई सुपर किंग्स का पलड़ा भारी दिखाई देता है। आईपीएल इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 23 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें सीएसके ने 15 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद केवल 8 मुकाबले जीत पाई है। हालांकि, मौजूदा फॉर्म को देखते हुए हैदराबाद को कमजोर नहीं आंका जा सकता। टीम के बल्लेबाज शानदार लय में हैं और वे किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को दबाव में डालने की क्षमता रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर स्मरण, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामेंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्से, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार, सलिल अरोड़ा, साकिब हुसैन, ओंकार तरमाले, अमित कुमार, प्रफुल्ल हिंगे, क्रेंस फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी और जैक एडवर्ड्स।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), आयुष म्हात्रे, एमएस धोनी, संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, उर्विल पटेल, शिवम दुबे, जिमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, नूर अहमद, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, श्रेयस गोपाल, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, अकील होसेन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर और जैक फॉल्केस।

# स्वितोलिना ने गॉफ को हराकर जीता इटालियन ओपन खिताब



**एजेंसी, रोम**

एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वितोलिना ने लगभग तीन घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया। यह 2018 में इटालियन ओपन जीतने के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने 2017 में भी यहां खिताब जीता था।

स्वितोलिना ने अपने करियर का 20वां खिताब जीतने के बाद कहा, ''यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि आठ साल हो गए जब मैंने इससे पहले यहां ट्रॉफी जीती थी। मैं निश्चित रूप से यहां बिताए दो सप्ताह से बहुत खुश हूं।''

अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ लगातार दूसरे साल फाइनल की बाधा पार नहीं कर पाई। वह पिछले साल जैस्मीन पाओलिनी से हार गईं, लेकिन बाद में उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था।

पुरुष वर्ग के फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना कैस्पर रूड से होगा। इटली के खिलाड़ी सिनर ने सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। वह नोवाक जोकोविच के बाद नौ मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। जोकोविच ने प्रत्येक मास्टर्स टूर्नामेंट कम से कम दो बार जीता है। इससे पहले रूड ने शुक्रवार को लुसियानो डार्डेरी को 6-1, 6-1 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब को हराकर प्लेऑफ में मारी एंट्री

**अनंत ज्ञान**




शॉट खेलते विराट कोहली।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को खेले गए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। धर्मशाला में खेले गए मैच में बेंगलुरु ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 अंक हो गए और टीम इस सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की लगातार छठी हार ने उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की शानदार पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। अंत में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन की विस्फोटक पारी खेली और टिम डेविड ने 12 गेंदों में 28 रन जोड़कर स्कोर 220 के पार पहुंचाया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बराड़ ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला।

## केकेआर को सही संयोजन तैयार करने में लगा काफी समय : ग्रीन

**एजेंसी, कोलकाता।** ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने स्वीकार किया है कि तीन बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सही संयोजन तैयार करने में काफी समय लग गया, लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा है। केकेआर ने शनिवार को यहां खेले गए मैच में दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस को हराकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। इसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन पिछले कुछ मैच में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। ग्रीन ने जिओहॉटस्टार से कहा, ''टीम के अंदर किसी तरह की बेचैनी नहीं थी। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की सही भूमिका और बल्लेबाजी क्रम में उनके स्थान को तय करने में कुछ ज्यादा ही समय लग गया।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि टीम के लिए सबसे अच्छा क्या है। अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया है। यही बात हमारे युवा बल्लेबाज अंगकृष (रघुवंशी) पर भी लागू होती है, जो नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं।'' ग्रीन ने कहा, ''अब बात यह है कि मेरी जगह कहां है। मैं चौथे नंबर पर फिट बैठता हूं। अब हमने अपनी जगह तय कर ली है और इसलिए हम खुद को थोड़ा मौका दे रहे हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 गेंद पर नाबाद 52 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

**सुपर शतरंज क्लासिक**

## प्रज्ञाननंदा ने कीमर के साथ खेला ड्रॉ

**एजेंसी, बुखारेस्ट**



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है। पिछले दौर में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराने वाले प्रज्ञाननंदा के दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट, अनीश गिरी और कीमर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

इस टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से आधे खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो दोनों ने अपने सभी मैच ड्रॉ किए हैं और उनके 1.5 अंक हैं। ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा और स्थानीय स्टार डिएक बोगदान-डैनियल दोनों के आधा-आधा अंक हैं। (अनंत ज्ञान)

# पार्थिव पटेल बोले-हमें कैच छोड़ना पड़ा भारी, एलन ने की शानदार बल्लेबाजी

**एजेंसी, कोलकाता**



गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने स्वीकार किया कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल के मैच में उनकी खराब कैचिंग (कैच छोड़ना) महंगी साबित हुई और इसने मुख्य अंतर पैदा किया।

गुजरात टाइटंस ने चार कैच छोड़े, जिनमें फिन एलन को मिले दो जीवनदान भी शामिल हैं। एलन ने इसका फायदा उठाकर 35 गेंद पर 93 रन बनाए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

पटेल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि कैच छोड़ना ही एक ऐसी चीज है जिसने मैच में मुख्य अंतर पैदा किया। जब आपका सामना अच्छे बल्लेबाजों से होता है तो आपको अधिक मौके नहीं मिलते। आपको जो भी मौका मिले उसका फायदा उठाना होता है लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए।'' एलन के अलावा गुजरात टाइटंस ने अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन को भी जीवनदान दिए। इन तीनों बल्लेबाजों ने इसका फायदा उठाकर अर्धशतक बनाए। गुजरात टाइटंस इस मैच में हार के बावजूद 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। हालांकि, प्लेऑफ में उसकी जगह अभी पक्की नहीं हुई है। वह अपना आखिरी मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेगा। पटेल ने कहा, ''हमारे लिए समीकरण काफी सरल हैं। हमें अन्य टीमों के परिणाम पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। अगर हम अगला मैच जीत जाते हैं, तो हम क्वालीफाई कर जाएंगे। बात इतनी ही सरल है।'' (अनंत ज्ञान)

# खुद पर दबाव बनाने से मैं खोखला इंसान बन गया था : फिन

**एजेंसी, कोलकाता**




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू में उन्होंने खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल दिया था जिससे वह 'खोखला' इंसान बन गए थे, लेकिन अब वह अपने खेल का पूरा आनंद ले रहे हैं। एलन ने कोलकाता में खेले गए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 100 रन की तूफानी पारी खेली थी, लेकिन इसके बाद आईपीएल में उनका बल्ला नहीं चला और उन्होंने पांच पारियों में केवल 81 रन बनाए। इसके बाद केकेआर ने उन्हें गुजरात टाइटंस, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन मैचों के लिए अंतिम एकादश में नहीं रखा।

न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज ने शनिवार को गुजरात के खिलाफ 35 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एलन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''टूर्नामेंट की शुरुआत में मैं खुद पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था। उस दौरान मैं शायद थोड़ा खोखला इंसान बन गया था और यह सब मेरी अपनी गलती थी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और तब मैं इसका उतना आनंद नहीं ले पा रहा था जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था।'' अंतिम एकादश में वापसी करने के बाद एलन ने चार पारियों में 240 रन बनाए हैं, जिसमें 47 गेंदों में नाबाद शतक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अंतिम एकादश से बाहर रहने के दौरान उन्हें स्पष्ट मानसिकता के साथ खेलने की प्रेरणा मिली।

उन्होंने कहा, ''कुछ मैचों में नहीं खेलने से मुझे वाकई बहुत फायदा हुआ। इस दौरान मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। अगर मैं तनावमुक्त हूं और अपने खेल का पूरा आनंद ले रहा हूं तो मैं गेंद पर अधिक ध्यान देता हूं और बेहतर स्थिति में होता हूं।'' एलन ने 21 वर्षीय अंगकृष रघुवंशी को 'स्टारबॉय' करार दिया जो 44 गेंदों में 82 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कहा, ''स्टारबॉय। वह शानदार खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह अपने खेल को और बेहतर बना रहा है। वह कुछ बेहतरीन शॉट खेल सकता है। वह अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश कर रहा है। एक युवा खिलाड़ी इतनी निरंतरता दिखा रहा है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है।'' इस जीत से केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी जीवंत हैं।

एलन ने कहा, ''मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमने इस पूरे टूर्नामेंट में जो सबसे अच्छा काम किया है, वह है संयम बनाए रखना। सहयोगी स्टाफ के सदस्य और जिंक्स (कप्तान अजिंक्य रहाणे) को भी श्रेय जाता है।'' (अनंत ज्ञान)

# अल-नासर की हार से रोनाल्डो का टूटा सपना फाइनल के बाद मेडल लेने से भी किया इनकार

**एजेंसी, रियाद**



सऊदी क्लब अल-नासर और फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए शनिवार की रात बेहद निराशाजनक साबित हुई। एएफसी चैंपियंस लीग टू के फाइनल में जापान के गांबा ओसाका ने अल-नासर को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस हार के बाद रोनाल्डो ने रनर-अप मेडल लेने से भी इनकार कर दिया, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से हो रही है।

मुकाबले में अल-नासर ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखा और लगातार अटैक किए, लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। वहीं, गांबा ओसाका ने मिले मौके का शानदार फायदा उठाया। मैच के 30वें मिनट में तुर्की फॉरवर्ड डेनीज हमात ने बॉक्स के अंदर से शानदार लो शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। गोल के बाद लंबा वीएआर चेक हुआ, लेकिन आखिरकार गोल को मान्यता दे दी गई। हम्मत ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुश हूं कि मैंने गोल किया और टीम की मदद कर सका। दूसरे हाफ में मैं काफी नर्वस था, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि हमने जीत हासिल की। मुझे अपने साथियों पर गर्व है।'

अल-नासर के स्टार खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। पहले हाफ के अंत में रोनाल्डो को बराबरी का शानदार मौका मिला, लेकिन जोआओ फेलिक्स के क्रॉस पर उनका हेडर गोलपोस्ट के बाहर चला गया। इसके बाद मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले फेलिक्स का लंबी दूरी का शॉट पोस्ट से टकरा गया। ओसाका की मजबूत डिफेंस लाइन ने अल-नासर के स्टार अटैक को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

फाइनल हारने के बाद रोनाल्डो काफी निराश नजर आए। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने रनर-अप मेडल लेने से इनकार कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे, लेकिन अब तक वह क्लब को कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब नहीं दिला सके हैं। (अनंत ज्ञान)

**बैडमिंटन** इंडोनेशिया की लियो-डेनियल जोड़ी ने 53 मिनट में भारतीय स्टार्स को हराया

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में बने उपविजेता

**एजेंसी, बैंकॉक**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग ने यहां 2019 और 2024 में खिताब जीता था। वे पहले गेम में लय से बाहर दिखे, लेकिन दूसरे गेम में दबाव में अपनी मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले जाने के करीब पहुंच गए थे। यह भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी। यह सात्विक और चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे।

चिराग को शुरुआत में अपनी सर्विस में संघर्ष करना पड़ा, जिससे भारतीय टीम 1-4 से पिछड़ गई और फिर स्कोर 7-9 हो गया। इसके बाद लियो और डेनियल ने चार अंकों की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठाकर इंडोनेशिया की जोड़ी 17-12 से आगे हो गई। इसके बाद उसे आठ गेम प्वाइंट मिले। सात्विक ने एक रिटर्न को नेट में उलझा दिया जिससे लियो और डेनियल ने पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। डेनियल के आक्रामक स्मैश से इंडोनेशियाई टीम 5-3 से आगे हो गई। एक शानदार सर्व की बदौलत भारतीय टीम 5-5 की बराबरी पर वापसी करने में कामयाब रही और इसके बाद उसने 7-5 से मैच में पहली बार बढ़त बना ली। इंडोनेशियाई टीम ने स्कोर 9-9 से बराबर कर लिया, लेकिन चिराग के एक शानदार शॉट और विरोधी खिलाड़ियों के एक गलत रिटर्न ने भारतीय जोड़ी को इंटरवल तक दो अंकों की बढ़त दिला दी।

खेल दोबारा शुरू होने पर इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने स्कोर को फिर से 11-11 कर दिया। इसके बाद स्कोर 14-14 से 19-19 पर बराबरी पर था। इंडोनेशिया ने इसके बाद अपना पहला चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किया। सात्विक और चिराग ने इसे बचाकर स्कोर 20-20 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद तीन और चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन लियो और डेनियल पांचवें चैंपियनशिप प्वाइंट पर खिताब जीतने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)